देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 21 मई 2025 । वर्ष –69 । अंक –185 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ काश भाजपा जनसंघ जैसी...
■ बदला युद्ध है ऑपरेशन सिंदूर 04
■ रूस-यूक्रेन शांति वार्ता से पहले क्रेडिट...
■ तुम हमास को इनाम दो, हम ट्रंप के साथ... 09
■ शेयर बाजारों में भारी गिरावट...
■ वीजा हो रहे निरस्त और कई सामानों का.... 11
■ कोलकाता नहीं...
■ सनराईजर्स हैबराबाद... 10


### आईपीएल में आज

TATA IPL

मुंबई विरूद्ध
दिल्ली (मुंबई)
7.30 शाम से

सार संक्षेप

## नहीं रहे डॉ.जयंत नार्लीकर



**मुंबई।** प्रसिद्ध खगोल वैज्ञानिक जयंत नार्लीकर का आज 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान से होगा। डॉ नार्लीकर का जन्म 19 जुलाई 1938 को कोल्हापुर में एक विद्वान परिवार में हुआ था। उनके पिता विष्णु वासुदेव नार्लीकर एक गणितज्ञ और सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी थे, जिन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में गणित विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख के रूप में कार्य किया था, और माँ सुमति नार्लीकर संस्कृत की विद्वान थीं। द एडवेंचर एक मनोरंजक विज्ञान कथा है जिसे जयंत नार्लीकर ने लिखा है, जो एक प्रमुख भारतीय लेखक और वैज्ञानिक हैं।




बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**- 25 दूल्हों को ठगने के बाद आखिर पकड़ ली गई लुटेरी दुल्हन।
**चुहिया- हां प्रिये**- अपराध के उम्र भले ही कुछ लम्बी हो सकती है लेकिन कानून के हाथ उस तक पहुंच ही जाते हैं।

### लोकमाता देवी अहिल्याबाई को समर्पित मंत्रि–परिषद की बैठक राजवाड़ा में हुई

# 3 हजार 867 करोड़ की योजना और निर्माण कार्य स्वीकृति

**भोपाल , देशबन्धु।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300 वें जयंती वर्ष पर उनके आदर्शों और मूल्यों को समर्पित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि–परिषद की बैठक इंदौर में राजवाड़ा के दरबार हॉल में हुई। मंत्रि–परिषद ने 3 हजार 867 करोड़ रूपये की योजना और निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी।



मंत्रि–परिषद ने प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना की सैद्धांतिक स्वीकृति दी। इसमें युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए जायेंगे। योजना में जरूरतमंद व्यक्ति बैंक ब्याज में एक हजार रुपए प्रतिवर्ष छूट के साथ पूरे जीवनकाल के लिए अधिकतम 10 हजार रूपये प्रति व्यक्ति ऋ ण के ब्याज पर छूट प्राप्त कर सकेगा। प्रतिवर्ष योजना पर लगभग 100 करोड़ रूपए का व्यय किया जायेगा।

मंत्रि–परिषद ने मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम–2025 को स्वीकृत करने का निर्णय लिया हैं। अधिनियम–2025 लागू होने के बाद महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया जा सकेगा। साथ ही प्रदेश में इंदौर–उज्जैन–देवास–धार एवं भोपाल–सीहोर–रायसेन–विदिशा–ब्यावरा (राजगढ़) के लिए महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन राज्य सरकार द्वारा किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा भारतीय संविधान में विहित प्रावधानों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों का क्षेत्रीय स्तर पर समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण गठित करने के लिए घोषणा की गई थी। महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा महानगर क्षेत्र के लिए विकास योजना प्रारूप तैयार कर महानगर योजना समिति से विकास योजना अनुमोदन हेतु राज्य सरकार को प्रेषित की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा महानगर क्षेत्र की विकास योजना को अनुमोदन प्रदान करने के बाद विकास योजना का क्रियान्वयन महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। महानगर क्षेत्र की विकास योजना में ऐसे क्षेत्र की भौगोलिक आवश्यकता अनुसार ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

- लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना की सैद्धांतिक स्वीकृति
- मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम- 2025 को हरी झंडी
- आचार्य शंकर संग्रहालय अद्वैत लोक के निर्माण हेतु 2195 करोड़ रूपये से अधिक की पुनरीक्षित स्वीकृति
- प्रदेश के 04 औद्योगिक क्षेत्र में 249 करोड़ 66 लाख रूपये की लागत से वर्किंग वीमेन हॉस्टल के निर्माण की स्वीकृति

### दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को मिलेंगे 25000

*कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट में हुए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने एक्सीडेंट में घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को इनाम देने की घोषणा की है।*

*‘**राहवीर योजना**’ के तहत मददगार को 25 हजार का इनाम मिलेगा। इसके लिए मददगार को तत्काल एंबुलेंस को कॉल करनी होगी और घायल को अस्पताल पहुंचाने में मदद करनी होगी।*

### वक्फ संशोधन मामले में शीर्ष अदालत ने कहा

## तब तक हस्तक्षेप नहीं कर सकते जब तक संविधान उल्लंघन का ठोस सबूत न हो

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ दायर याचिकाओं पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। छ्ळ्ळ बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने मामले में सुनवाई की। सुनवाई के दौरान बीआर गवई ने कहा कि संसद द्वारा पारित कानून में संवैधानिकता की धारणा होती है। जब तक कोई ठोस मामला सामने नहीं आता, कोर्ट इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं। इससे पहले कोर्ट ने वक्फ एक्ट को लेकर तीन मुद्दे तय किए थे- उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ, वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर–मुस्लिमों का नामांकन और वक्फ के तहत सरकारी भूमि की पहचान। केंद्र सरकार ने कोर्ट को आश्वासन दिया था कि वह मामले के सुलझने तक इन मुद्दों पर कार्रवाई करेगी।



**सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- 3 मुद्दों पर करें सुनवाई**–मंगलवार को सुनवाई शुरू हुई तो केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र ने इन तीन मुद्दों पर अपना जवाब दाखिल कर दिया है। उन्होंने कहा, याचिकाकर्ताओं की लिखित दलीलें अब कई अन्य मुद्दों तक फैल गई हैं। मेरा अनुरोध है कि इसे सिर्फ 3 मुद्दों तक सीमित रखा जाए। याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी पेश हुए। दोनों ने इसपर आपत्ति जताई। सिंघवी ने कहा, तत्कालीन सीजेआई (संजीव खन्ना) ने कहा था कि हम मामले की सुनवाई करेंगे और देखेंगे कि क्या अंतरिम राहत दी जानी चाहिए। अब हम तीन मुद्दों तक सीमित रहने के लिए नहीं कह सकते। टुकड़ों में सुनवाई नहीं हो सकती।

### *कपिल सिब्बल ने कहा-वक्फ की संपत्ति छीनने के लिए बनाया गया कानून*

*सिब्बल ने कोर्ट में कहा, वक्फ कानून इस तरह से बनाया गया है कि वक्फ की संपत्ति बिना किसी प्रक्रिया का पालन किए छीन ली जाए। अगर मैं मरने वाला हूं और मैं वक्फ बनाना चाहता हूं तो मुझे यह साबित करना होगा कि मैं मुसलमान हूं। यह असंवैधानिक है। इसपर सीजेआई ने जवाब दिया, संसद द्वारा पारित कानून में संवैधानिकता की धारणा होती है। कोर्ट तब तक हस्तक्षेप नहीं कर सकते जब तक कि कोई स्पष्ट मामला सामने न आ जाए, खासकर वर्तमान स्थिति में, हमें इससे अधिक कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है।*

### कर्नल सोफिया पर टिप्पणी मामला

## विजय शाह के खिलाफ तीन सदस्यीय एसआईटी गठित

**भोपाल, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री विजय शाह की विवादित टिप्पणी मामले में एसआईटी गठित कर दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एमपी सीआईडी ने एसआईटी का गठन किया है, जिसमें आईजी प्रमोद शर्मा, डीआईजी कल्याण चक्रवर्ती, डिंडोरी एसपी वाहिनी सिंह को शामिल किया गया है।

सीआईडी ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिए हैं। इस आदेश में कहा गया, माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा प्रकरण क्रमांक डायरी नंबर- 27093/ 2025 (कुंवर विजय शाह विरुद्ध उच्च न्यायालय, म.प्र. एवं अन्य) में पारित निर्णय दिनांक 19.05.2025 के पालन में जिला इंदौर (ग्रामीण) के थाना मानपुर के अपराध क्रमांक 188/25 धारा 152, 196 (1) (बी), 197 (1) (सी) भारतीय न्याय संहिता 2023 की विवेचना हेतु निम्नानुसार विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाता है। प्रमोद वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक, सागर जोन, सागर। कल्याण चक्रवर्ती, उप पुलिस महानिरीक्षक, विशेष सशस्त्र बल, पुलिस मुख्यालय, भोपाल। वाहिनी सिंह, पुलिस अधीक्षक, जिला डिण्डोरी। उच्चतम न्यायालय के आदेश एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति संलग्न है।

यह सुनिश्चित करें कि माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का अक्षरश: समय–सीमा में पालन किया जाए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने विजय शाह के मामले में जांच करने के लिए एसआईटी गठन करने का आदेश दिया था। कुछ दिनों पहले मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर की विवादित टिप्पणी की थी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस मामले में आईपीएस अधिकारियों की विशेष जांच समिति (एसआईटी) बनाने का आदेश दिया था। साथ ही पीठ ने विजय शाह की याचिका पर मध्य प्रदेश सरकार को भी नोटिस जारी किया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया था निर्देश

पीठ ने कहा कि हमें ऐसी माफी नहीं चाहिए। आप पहले गलती करते हैं, फिर कोर्ट चले आते हैं। आप जिम्मेदार राजनेता हैं। आपको सोच–समझकर बोलना चाहिए, लेकिन आपने बहुत घटिया भाषा अपनाई है। इस पर विजय शाह के वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि वह माफी मांग चुके हैं और माफी का वीडियो भी जारी कर चुके हैं।

### न्यायिक सेवा के लिए तीन साल वकालत अनिवार्य

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने न्यायिक सेवा के संबंध में एक महत्वपूर्ण फैसले में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के अभ्यार्थियों के लिए कम से कम तीन साल की वकालत करने की अनिवार्यता मंगलवार को बहाल कर दी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ,न्यायमूर्ति ए जी मसीह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि न्यूनतम अनुभव की शर्तें वर्तमान में चल रही न्यायिक भर्ती प्रक्रियाओं पर लागू नहीं होंगी। यह सिर्फ भविष्य में होने वाली परीक्षाओं पर ही लागू होगीं। शीर्ष अदालत ने कहा, न्यूनतम वकालत करने की जरूरत उन जगहों पर लागू नहीं होगी, जहां उच्च न्यायालयों ने सिविल न्यायाधीशों (जूनियर डिवीजन) की नियुक्ति प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। ये सिर्फ अगली नियुक्ति प्रक्रिया शुरू में लागू होगी।

### काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरर्नमेंट एंड वॉटर ने जारी की रिपोर्ट

## भारत की 76 प्रतिशत आबादी भीषण गर्मी के जोखिम में

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** भारत की 76 प्रतिशत आबादी अब भीषण गर्मी के गंभीर खतरे का सामना कर रही है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायर्नमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) की आज जारी रिपोर्ट ‘हाउ एक्सट्रीम हीट इज इंपैक्टिंग इंडिया’ के अनुसार देश के 57 प्रतिशत जिले यानी 734 में से 417 जिले अधिक या बहुत अधिक गर्मी के जोखिम में हैं।

रिपोर्ट बताती है कि भारत में अब गर्मी केवल दिन की समस्या नहीं रही, बल्कि बहुत गर्म रातों और बढ़ती नमी के कारण यह और भी खतरनाक होती जा रही है। खासकर उत्तर भारत में सापेक्षिक आर्द्रता तेजी से बढ़ रही है, जिससे महसूस होने वाला तापमान वास्तविक तापमान से कई डिग्री अधिक हो जाता है और शरीर को गर्मी से राहत मिलना मुश्किल हो जाता है।

रिपोर्ट के मुताबिक देश के सबसे अधिक जोखिम वाले 10 राज्य–केंद्र शासित प्रदेशों में दिल्ली, आंध्र प्रदेश, गोवा, केरल, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। यह अध्ययन 1982 से 2022 तक के 35 संकेतकों के आधार पर तैयार किया गया है, जो जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मी के बदलते स्वरूप को उजागर करता है। विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में ‘अर्बन हीट आइलैंड’ प्रभाव के कारण बहुत गर्म रातों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। मुंबई, जयपुर और चेन्नई जैसे शहरों में इन गर्म रातों की संख्या में बीते दशक में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। सिर्फ शहर ही नहीं, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और केरल जैसे राज्यों के कई ग्रामीण जिले भी बहुत अधिक गर्मी के खतरे में हैं, जहां बड़ी संख्या में लोग खुले में काम करते हैं और उनके लिए स्वास्थ्य जोखिम कहीं अधिक होता है।

### उत्तर भारत में तेजी से बढ़ रही आर्द्रता

रिपोर्ट के अनुसार, सिंधु–गंगा के मैदानी क्षेत्रों में सापेक्षिक आर्द्रता में 10 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। दिल्ली, चंडीगढ़, कानपुर, जयपुर और वाराणसी जैसे परंपरागत रूप से शुष्क शहरों में अब उच्च आर्द्रता देखी जा रही है, जिससे मध्यम तापमान भी अत्यधिक खतरनाक महसूस होता है। सीईईडब्ल्यू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. अरुणाभा घोष ने कहा कि गर्मी अब भविष्य की नहीं बल्कि आज की चुनौती है।

### मौसम लगातार अस्थिर हो रहा

जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम लगातार अस्थिर हो रहा है और यह भारत में गर्मी की हमारी समझ को बदल रहा है। अब समय आ गया है कि प्रत्येक शहर और जिले के लिए स्थानीय स्तर पर हीट एक्शन प्लान तैयार किया जाए, जो न केवल दिन के तापमान बल्कि रात्रिकालीन गर्मी और नमी को भी ध्यान में रखे। इस समय सीईईडब्ल्यू भारत के छह राज्यों में 50 से अधिक शहरों और जिलों में स्थानीय हीट एक्शन प्लान तैयार करने में सहयोग कर रहा है और 2027 तक ऐसे 300 से अधिक प्लान विकसित करने का लक्ष्य है।







### अपराध — शादी के नाम पर ठगी

## 25 दूल्हों को धोखा देने वाली ‘लुटेरी दुल्हन’ गिरफ्तार

‘लुटेरी दुल्हन’ के नाम से मशहूर अनुराधा पासवान को 25 मासूम दूल्हों को धोखा देकर लाखों के जेवर और नकदी लेकर भागने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार अनुराधा फर्जी शादी के लिए लड़कों को फंसाने के लिए नया नाम, नया शहर और नई पहचान चुनती थी। रिपोर्ट के मुताबिक वो एक परफेक्ट दुल्हन और आदर्श बहू का खेल खेलती थी और फिर जेवर व नकदी लेकर भाग जाती थी।

हालांकि, उसे फंसाने के लिए सवाई माधोपुर पुलिस ने उल्टा दांव खेला और उसे ही फर्जी शादी के लिए फंसाया और बाद में गिरफ्तार कर लिया। अपने टारगेट को वह यह कहानी सुनाती थी कि वह अकेली है, गरीब है, लाचार है। उसका एक बेरोजगार भाई है। वह शादी करना चाहती है, लेकिन आर्थिक तंगी उसे अपने जीवन की नई शुरुआत करने से रोकती है। हालांकि, यह सब उसका लड़कों को फंसाने का पैंतरा मात्र है।



असलियत में वह फर्जी शादी करने वाले गिरोह की सरगना है, जो लोगों का भरोसा हासिल करके पैसा ठगने के लिए जानी जाती है। अनुराधा के गिरोह के सदस्य उनकी तस्वीरें और प्रोफ़ाइल भावी दूल्हों के पास ले जाते हैं, ताकि उनके लिए एक आदर्श मैच की तलाश की जा सके।

**2 लाख रुपये लेता था बिचौलिया**–रिपोर्ट के अनुसार मैचमेकर, जो मूल रूप से गिरोह का सदस्य है, मैच सेट करने के लिए 2 लाख रुपये लेता है। एक बार सौदा पक्का हो जाने के बाद, मैरेज कंसेंट लेटर तैयार किया जाता है। जोड़े रीति–रिवाजों के अनुसार मंदिर या घर में शादी करते हैं। और फिर शुरू होता है नाटक। अनुराधा दूल्हे और अपने ससुराल वालों के साथ बहुत ही प्यारी और भोली–भाली बन जाती है। उनका विश्वास जीतने के लिए, वह परिवार के हर सदस्य के साथ एक रिश्ता बनाती है। हालांकि, कुछ ही दिनों में, वह अपनी प्लानिंग का आखिरी काम करती है – खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर गहने, नकदी और अन्य कीमती सामान लेकर भाग जाना।

**शादी के लिए दूल्हे ने लिया था कर्ज**–20 अप्रैल को, सवाई माधोपुर के रहने वाले विष्णु शर्मा ने मध्यप्रदेश की अनुराधा से शादी की। शादी हिंदू रीति–रिवाजों के अनुसार, दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में हुई। शादी दलाल पप्पू मीना के ज़रिए तय की गई थी, जिसके लिए विष्णु ने उसे दो लाख रुपये दिए थे। शादी के दो हफ्ते के भीतर ही अनुराधा 1.25 लाख रुपये के जेवर, 30,000 रुपये नकद और 30,000 रुपये कीमत का ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## खुफिया ब्यूरो के निदेशका डेका को एक वर्ष का सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** सरकार ने खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका को एक वर्ष का सेवा विस्तार देने का निर्णय लिया है। भारतीय पुलिस सेवा के 1988 बैच के अधिकारी श्री डेका का कार्यकाल आगामी 30 जून को समाप्त हो रहा था। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अखिल भारतीय सेवा नियम 1958 और नियम 16 (1ए) के प्रावधानों में छूट देते हुए श्री डेका को आगामी 30 जून से एक वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेशों तक जो भी पहले हो, खुफिया ब्यूरो के निदेशक के रूप में सेवा विस्तार को मंजूरी दे दी है।

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार आम जनता को यह सूचित कर रहा हूँ कि मेरे पक्षकार द्वारा मंपनि जो कि मौजा- अमखेरा, बंदोबस्त नंबर 604 नया 04. फोन नंबर 24/26 नया 80. आर. आई. सर्कल- माढ़ोताल, नगर निगम वार्ड एपीजे अब्दुल कलाम आजाद वार्ड नंबर 74. "जागृति नगर, मुशीला पारिसर अमखेरा", तहसील अधारताल और जिला जबलपुर, भूमि खसरा नंबर 97/3 का हिस्सा, म्यूटेशन के बाद खसरा नंबर 97/3/1, प्राइवेट का हिम्सा। लेआउट प्लॉट नंबर 19. कुल प्लॉट क्षेत्रफल 15×50=750 वर्ग फुट। यानी 69.702 वर्ग मीटर. है को भूमिस्वामी श्रीमती ज्योति देवी पत्नी श्री मेहरबान सिंह ने श्री सपन नेमा पिता स्व. श्री लक्ष्मी नारायण नेमा से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक-09.05.2023, ई रजिस्ट्रेशन नंबर - MP182552023A11811760 के माध्यम में ऋय किया था।

यह कि श्री श्रीमती ज्योति देवी पत्नी श्री मेहरबान सिंह द्वारा IDFC FIRST Bank Limited शाखा जबलपुर से उक्त संपत्ति बंधक कर ऋण प्राप्त किया जा रहा है जिसकी सुरक्षा हेतु श्रीमती ज्योति देवी पत्नी श्री मेहरबान सिंह द्वारा उक्त संपत्ति बैंक में बंधक किया जा रहा है उक्त संपत्ति पर पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक-09.05.2023, ई रजिस्ट्रेशन नंबर- MP182552023A 11811760 को बैंक में जमा कर माम्यिक बंधक किया जा रहा है अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो वह प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार IDFC FIRST Bank Limited शाखा जबलपुर को अथवा मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, समय उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

जबलपुर,
दिनांक: - 19/05/2025

साकेत प्यासी (अधिवक्ता)
म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर
319, गली नं. 05, त्रिमूर्ति नगर,
दमोहनाका जबलपुर
मो.-9806373695

र.नं. 512

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं प्रकाश चंद मिनोचा, उग्र 78 वर्ष, पिता स्व. श्री बी.एल. मिनोचा एवं पलका मिनोचा पिता प्रकाश चंद मिनोचा, उम्र 44 वर्ष, (संयुक्त स्वामी- नाम से पंजीकृत विक्रय पत्र) दोनों साकिन मकान नं. 82 आदर्श नगर ग्वारीघाट रोड, हनुमान मंदिर के पास शंकर शाह वार्ड, जबलपुर म.प्र. के निवासी है:-

यह कि, हमारा फ्लैट जो मौजा पूरवा नं.बं. 162, प.ह.नं. 7 महाराणा प्रताप वार्ड, तहसील व जिला जबलपुर स्थित डायवर्सन ख.नं. 151, 152, 155, 156, 157, 158, 159, 160, 161, का कुल रकवा 1.152 हेक्टेयर पर निर्मित बहूमंजिला अपार्टमेंट बिल्डिंग स्वास्तिम ग्रैण्ड के टावर एफ के पास 6वीं मंजिल पर स्थित टाईप जी- 03 का अर्धनिर्मित फ्लैट 625 रकवा 88.55 वर्गमीटर फ्लैट सिस्टम पर अर्धनिर्मित अवस्था में सम्पति क्रय किया था जो कि मूल विक्रय पत्र दस्तावेज है। अतः आम जनता को सूचित किया जाता है यदि किसी भी व्यक्ति उपरोक्त दस्तावेज प्राप्त होते हैं तो हमें मोबाइल नं. 9823132894 पर संपर्क करें हमें उक्त दस्तावेज प्राप्त होने पर उसे उचित ईनाम दिया जायेगा।

दिनांक -
स्थान -

प्रकाश चंद मिनोचा एवं पलका मिनोचा
निवासी- मकान नं. 82, आदर्श नगर ग्वारीघाट रोड, हनुमान मंदिर के पास शंकर शाह वार्ड, जबलपुर
र.नं 494 मो.नं. 9823132894


### कांग्रेस ने 'गुजरात समाचार' पर की गई कार्रवाई की निंदा की, कहा-

# सवाल पूछने वालों को चुप कराना भाजपा सरकार की प्राथमिकता

## दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने गुजरात समाचार के संचालक को गिरफ्तार करके यह साबित कर दिया है कि उसकी प्राथमिकता पहलगाम हमले के आतंकवादियों को गिरफ्तार करना नहीं बल्कि उससे इस मुद्दे पर सवाल पूछने वालों का मुंह बंद करना है। गुजरात विधानसभा में कांग्रेस सदस्य जिग्नेश मेवानी और सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, गुजरात की भाजपा सरकार दलित, पिछड़ा वर्ग, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर उन्हें बेघर कर रही है और जो भाजपा के आलोचक हैं उनको टारगेट किया जा रहा है। इन सब स्थितियों से साफ है कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता पहलगाम हमले के गुनहगारों को सजा देना नहीं बल्कि सरकार से सवाल पूछने वाले गुजरात समाचार जैसे संस्थानों का मुंह बंद करने के लिए उसके संचालक को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जरिए गिरफ्तार करवाना जैसे काम रह गए हैं।'उन्होंने गुजरात प्रदेश कांग्रेस की ओर से 'गुजरात समाचार' पर की गई कार्रवाई की कड़ी निंदा की और कहा कि पिछले कुछ दिनों में भाजपा सरकार ने कई मीडिया संस्थानों पर हमला किया है।

उन्होंने कहा, अब गुजरात सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह सवाल पूछने पर अभी और पत्रकारों को भी टारगेट करेगी। सरकार नहीं चाहती कि कोई भी पत्रकार या बुद्धीजीवि सरकार से तीखे सवाल पूछे।

**गुजरात में 365 दिन धारा 144 लगी रहती है**-सत्ता के खिलाफ जो भी आवाज उठती है, उसे कुचल दिया जाता है। जो भी व्यक्ति समाज से जुड़े जरूरी मुद्दों-बच्चों में कुपोषण, किसानों की जमीन आदि पर आवाज उठाता है,उसे देशद्रोही कहा जाता है। गुजरात एक ऐसा राज्य है, जहां पर 365 दिन धारा 144 लगी रहती है, ताकि कोई प्रदर्शन न कर पाए। आखिर गुजरात में हो क्या रहा है।

## भाजपा-कांग्रेस में पोस्टर वार

ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच पोस्टर वॉर जारी है। भाजपा के राहुल गांधी को मीर जाफर बताने के जवाब में कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को जयचंद करार दिया। मंगलवार को शुरुआत भाजपा नेता अमित मालवीय ने की। उन्होंने दो पोस्टर जारी किए। एक में राहुल गांधी चेहरा पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मिक्स किया।

# कोरोना की वापसी : केन्द्र सरकार की आपात बैठक, राज्यों को सतर्क रहने के निर्देश

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कोरोना वायरस की नई लहर दुनिया भर में दहशत फैला रही है। सिंगापुर, हांगकांग, चीन और थाईलैंड में नए संक्रमणों की दर तेज़ी से बढ़ रही है, जिससे वैश्विक स्वास्थ्य समुदाय में चिंता बढ़ गई है। खासकर सिंगापुर में, जहाँ वर्तमान में 14,000 सक्रिय मामले हैं, उनमें छ्ब्1 वेरिएंट की प्रधानता देखी गई है। हालांकि, राहत की बात यह है कि इनमें से अधिकांश मामले हल्के लक्षणों वाले हैं और मृत्यु या गंभीर बीमारी की कोई खबर नहीं मिली है।



भारत सरकार ने इस स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तत्काल कार्रवाई की है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया। इसमें राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और केंद्रीय अस्पतालों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। बैठक में बताया गया कि भारत में वर्तमान में केवल 257 सक्रिय मामले हैं, जो देश की विशाल जनसंख्या की तुलना में नगण्य हैं। एक स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी ने कहा, हमारी निगरानी प्रणाली अत्यंत मजबूत है। किसी भी संभावित जोखिम से बचने के लिए हम पूरी तरह से तैयार हैं। सरकार ने बताया कि इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम और ढ्ढष्टरूक्र के माध्यम से कोरोना और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों पर नज़र रखी जा रही है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और संबंधित एजेंसियों को सतर्क रहने और किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में स्थिति नियंत्रण में होने के बावजूद सतर्कता बनाए रखना आवश्यक है। सिंगापुर और हांगकांग की घटनाएँ भारत के लिए खतरे की घंटी हैं। सरकार की तत्परता और मजबूत निगरानी प्रणाली से जनता में आशा का संचार हुआ है, लेकिन विशेषज्ञ आम लोगों को स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दे रहे हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### लोकमाता देवी अहिल्या बाई.....

शैक्षणिक, औद्योगिक, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में विकास हो सकेगा, जिससे कि रोजगार एवं आर्थिक विकास संभव हो सकेगा। मंत्रि-परिषद ने मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता मिशन कार्यक्रम की वित्तीय वर्ष-2028-29 तक निरंतरता की स्वीकृति दी। इसमें आगामी 4 वित्तीय वर्षों 2025-26, 2026-27, 2027-28 और 2028-29 के लिए राज्यांश राशि 167 करोड़ 74 लाख रूपये और निकाय अंशदान राशि 59 करोड़ 31 लाख रूपये, कुल राशि 227 करोड़ 5 लाख रूपये का व्यय अनुमानित है। वहीं प्रदेश के 04 औद्योगिक क्षेत्र में 249 करोड़ 66 लाख रूपये की लागत से वर्किंग वीमेन हॉस्टल के निर्माण स्वीकृत किया गया। मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर को बढ़ाने, बेहतर वातावरण प्रदान करने और महिलाओं के कामकाजी जीवन को आसान बनाने के लिए प्रदेश के 04 औद्योगिक क्षेत्र में 249 करोड़ 66 लाख रूपये की लागत से वर्किंग वीमेन हॉस्टल के निर्माण की स्वीकृति दी है।

मंत्रि-परिषद ने ओंकारेश्वर में एकात्म धाम परियोजना अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों हेतु सूचकांक में छूट प्रदाय किये जाने और आचार्य शंकर संग्रहालय अद्वैत लोक के निर्माण के लिए पुनरीक्षित लागत राशि 2195 करोड़ 54 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदाय की है। इस राशि से अद्वैत लोक (संग्रहालय), आचार्य शंकर अंतर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदान्त संस्थान, अद्वैत निलयम, परियोजना सूचना केंद्र, शंकर सेतु और अभय घाट का निर्माण किया जाएगा। महाराजा यशवंत राव चिकित्सालय परिसर इंदौर और श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा के उन्नयन के लिए 1095 करोड़ रूपये से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति। मंत्रि-परिषद ने महाराजा यशवंत राव चिकित्सालय परिसर इंदौर और चिकित्सा महाविद्यालय रीवा के उन्नयन के लिए 1095 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। स्वीकृति अनुसार महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर से संबद्ध महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय परिसर में 773 करोड़ 7 लाख रूपये से प्रस्तावित नवीन चिकित्सालय भवन, मिनी ऑडिटोरीयम, नर्सिंग हॉस्टल, पार्किंग एवं बाह्य विकास कार्य आदि का निर्माण किया जाएगा। रीवा में श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय में ओ.पी.डी. ब्लॉक, मेटरनिटी ब्लॉक, स्टॉफ क्वार्टर, नर्सिंग कॉलेज तथा हॉस्टल एवं अन्य कार्य के लिए 321.94 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### 25 दूल्हों को.....

मोबाइल फोन लेकर फरार हो गई। विष्णु ने कहा, मैं ठेला चलाता हूं और कर्ज लेकर शादी की है। मैंने मोबाइल भी उधार लिया था, वो वह भी ले गई। मुझे कभी नहीं लगा कि वह मुझे धोखा देगी। विष्णु ने उस रात को याद करते हुए कहा कि मैं देर रात काम से लौटा और रात के खाने के तुरंत बाद सो गया। उन्होंने कहा, मैं आमतौर पर ज्यादा नहीं सोता, लेकिन उस रात मैं गहरी नींद में सोया, जैसे किसी ने मुझे नींद की गोली दे दी हो। इस घटना के बाद विष्णु की मां भी सदमे में हैं। पीडि़त परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उल्टा चाल खेलने की सोची। विष्णु द्वारा शेयर की गई जानकारी के आधार पर सवाई माधोपुर पुलिस ने अनुराधा के लिए जाल बिछाया। एक कांस्टेबल को संभावित दूल्हे के रूप में पेश किया गया। वह एजेंट के पास पहुंचा जिसने कई महिलाओं की तस्वीरें दिखाईं। पुलिस अधिकारी ने बताया, जांच के बाद सभी दस्तावेज और शादी के समझौते फर्जी पाए गए। हमने अपनी टीम से एक कांस्टेबल को दूल्हे के रूप में तैयार किया और महिला को शादी का झांसा दिया। अनुराधा इस जाल में फंस गई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार भोपाल में गिरफ्तार किया गया।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी ( म.प्र. )

नि.सू.क्रं./13-14/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2025 डिण्डौरी, दिनांक : 09/05/2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद ( Digitaly Scaled ) डिण्डौरी जिले के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका अवलोकन https://www.mptenders.gov.in बेवसाईट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित बेवसाईट से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। जिसके मूल्य का भुगतान इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा दिनांक 13.05.2025 को दोपहर 12.30 बजे से दिनांक 27.05.2025 शाम 17.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है। निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही दिया जावेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेवसाईट पर देखी जा सकती है।

| सं. क्रं. | ई निविदा क्रं. | नि.सू. क्रं. | वि.खं./ जिला | विवरण | अनु. लागत (PAC) (रु. में) | धरोहर राशि (PAC) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_PHED_ 422613_1 | 13 | डिण्डौरी | Balance Work of Under JJM Driking water supply scheme at Village Keolari Mal/ Ryt. Block- Dindori District- Dindori | 14.99 | 29980.00 | 2000.00 | प्रथम आमंत्रण |
| 2. | 2025_PHED_ 422620_1 | 14 | डिण्डौरी | Preparation of Detailed Project Reports for "Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission to supply drinking water Recharge structure under "jal shakti abhiyan catch the rain 2025 programme" various village of District Dindori for (Recharge Pit) | 13.40 | 26800.00 | 2000.00 | प्रथम आमंत्रण |

G-13136/25 स्वच्छता ही सेवा

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड डिण्डौरी (म.प्र.)

## कार्यालय नगर परिषद भुआ बिछिया जिला - मण्डला (म.प्र.)

थाने के सामने, मेन रोड भुआ बिछिया, जिला भण्डला, पिन कोड-481995
Tel. No.-07648-232229 Fax No.-07648-232550
E-mail: cmobichhiya@mourban gov.in Website: www.nagarparishadbhuabichhiya.com

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

क्रमांक. 101/न.परि./राजस्व/2025 भुआ बिछिया, दिनांक, 19.05.2025

### वाहन पार्किंग फीस वसूली ठेके पर दिये जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद भुआ बिछिया द्वारा निम्न तालिका अनुसार मध्यप्रदेश नगरपालिका (अचल सम्पत्ति का अतंरण) नियम 2016 एवं संशोधित नियम, मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) प्राधिकार से प्रकाशित नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल, दिनांक 04 मई 2021 में दिये गये प्रावधानों के तहत् वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु (01 जून 2025 से 31 मार्च 2026 तक) 10 माह की अवधि के लिये वाहन पार्किंग फीस वसूली ठेके पर दिये जाने हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जा रहीं हैं। निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। नगर परिषद भुआ बिछिया में ई-निविदा दरें प्रस्तुत कर सकते हैं। अतिरिक्त जानकारी इस वेबसाईट पर टेण्डर डॉक्यूमेट पर देखी जा सकती है, या नगर परिषद कार्यालय के राजस्व शाखा में उपस्थित होकर भी कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है।

### चतुर्थ ई-निविदा हेतु वाह पार्किंग फीस वसूली ठेकों का विवरण

| निविदा आई.डी. | ठेके का नाम | आरक्षित मूल्य | अमानत राशि | सालवेंशी राशि | निविदा प्रपत्र राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_407925_4 | वाहन पार्किंग फीस वसूली ठेका | 4,91,500 | 50,000 | 4,91,500 | 2000 |

शर्ते - 1. प्रत्येक निविदाकार शासन द्वारा जारी केन्द्रीय पंजीकृत प्रणाली के पोर्टल की वेबसाईट में पंजीकृत होना अनिवार्य है। जिस नाम से आई.डी. होगी उसी नाम से निविदा ऑफर प्रस्तुत किया जावेगा। 2 ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 19.05.2025 को 18.30 बजे से दिनांक 26.05.2025 को 17.30 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं। 3 ऑनलाईन बिड (बोली) सबमिट करने की तिथि 26.05.2025 में 17.30 बजे तक है। 4. ई-निविदा दिनांक 27.05.2025 को 11.00 बजे से खोली जावेगी। 5. निविदा में संशोधन केवल वेबसाईट पर देख सकते हैं, अखबारों में इसका प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद भुआ बिछिया, जिला मण्डला (म.प्र.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)

शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिन्दवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबर- 07162-222346
ईमेल- commchhindwara@mpurban.gov.in, commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
वेबसाईट- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/1109/लोनिवि/नपानि/2025-46 छिन्दवाड़ा, दिनांक- 19/05/2025

### निविदा सूचना

एतद द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 424575_1 Date-21/05/2025 | वार्ड क्र. 19 में त्रिलोकी नगर में अभिरंजन के घर के सामने पार्क में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 1. 1235681.00 2. 2 माह | 1. 2000.00 1. 10000.00 | 20/06/2025 |
| 2 | 2025_UAD_ 424576_1 Date-21/05/2025 | वार्ड क्र. 4 में कुकड़ा मोहरली मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य | 1. 3439388.00 2. 3 माह | 1. 5000.00 1. 25000.00 | 20/06/2025 |
| 3 | 2025_UAD_ 424577_1 Date-21/05/2025 | वार्ड क्र. 40 में बजरंग मंदिर से अंकित कपाले के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 1. 1611418.00 2. 2 माह | 1. 2000.00 1. 12100.00 | 20/06/2025 |
| 4 | 2025_UAD_ 424578_1 Date-21/05/2025 | बार्ड क्र. 40 में रूपेश विश्वकर्मा के घर से सरेठा बाबू जी के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1. 1769970.00 2. 3 माह | 1. 2000.00 1. 13300.00 | 20/06/2025 |
| 5 | 2025_UAD_ 424579_1 Date-21/05/2025 | वार्ड क्र. 14 में पवन किराना से राधाकृष्ण मंदिर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 1. 4547569.00 2. 4 माह | 1. 5000.00 1. 34150.00 | 20/06/2025 |
| 6 | 2025_UAD_ 424580_1 Date-21/05/2025 | वार्ड क्र. 46 मान्धाता कॉलोनी में पुलिया निर्माण कार्य | 1. 1564260.00 2. 2 माह | 1. 2000.00 1. 11800.00 | 20/06/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा

## कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

### भूखण्ड लीज नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि काँचघर कालोनी जबलपुर में स्थित भवन कमांक ए. -19 श्री गोविंदन अय्यप्पन पति/पिता स्व. श्री गोविंदन के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 25.03.1996 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन क्रमांक ए. 19 श्री गोविंदन अय्यप्पन पति/पिता स्व. श्री गोविंदन ने पंजीकृत विक्रय दिलेख दिनांक 15.03.2025 के माध्यम से श्रीमति शीला बाई पति/पिता श्री अशोक बाल्मिकी को विक्रय किया है। श्रीमति शीला बाई पति/पिता श्री अशोक बाल्मिकी द्वारा उक्त भवन क्रमांक ए-19 उनके नाम लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण/नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि उपरांत हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/ दावा मान्य नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

### CHANGE OF NAME

1. Kriti Pandey (Aadhar Card No.- 8410 2684 9758), W/o Arick Rajan Soloman, aged about 25 years, R/o house no 140, Gwarighat Road, Purani P.P. Colony, Polipathar, Gwarighat, Jabalpur, Madhya Pradesh- 482001, do hereby solemnly affirm and declare as follows:
1. That, I am the permanent resident of the above noted address.
2. That my maiden name is Kriti Pandey.
3. That, I have attained the age of majority and my date of birth is 18/4/1999.
4. That, I am Hindu by birth.
5. That, on 6th May 2024, at collector office, Jabalpur, voluntarily by my own free will, I got married to Arick Rajan Soloman who is a Christian by birth thereafter I started dwelling in his house along with his parents.
6. That in my marriage certificate both the names of mine and name of my husband are stated.
7. That, while living in the said house, I started developing believe and love in Christianity from my heart.
8. That, I want to convert my religion from Hinduism to Christianity voluntarily with my own choice, free will and sober mind without any coercion, pressure or inducement by anyone or for any reason Whatsoever.
9. That, now onwards I shall be known as Christian by religion and henceforth I shall freely profess, practice and propagate the religion of Christianity and live the rest of my life following all the rites, rituals and customs of Christianity for all purposes.
10. That my AADHAR number is 841026849758 which is same before and after marriage.
11. That my PAN number is DSDPP8787H which is same before and after marriage.
12. That I have changed my name from Kriti Pandey to for all purpose.
13. That in future I shall be known as Arena Soloman.
14. That the said expanded initial Arena Soloman, namely, may kindly be treated as first name Arena, may be treated as middle name, Soloman as the last name.
15. I, state that Kriti Pandey (Maiden name) and the Arena Soloman (present name) is the name of one and the same person and that is myself.

I swear this affidavit to declare that I have embraced Christianity and renounced Hinduism voluntarily by my own free will with effect from the date of this declaration.
I am executing this declaration to be submitted to the concerned authorities for the change of my name in membership database.
I hereby state that whatever is stated herein above are true to the best of my knowledge.

Signature of Department)
R.No. 500

### न्यायालय नायब तहसीलदार राझी जबलपुर

रा.प्र.क्र./0980/अ-6/2024-25

#### इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका गणेश प्रसाद श्रीवास पिता/पति स्व. गिरधर गोपाल श्रीवास निवासी 2334, नरसिंह नगर चंद्रशेखर आजाद वार्ड द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक...... दिनांक..... वसीयतनामा/ बंटवारा नामा/ हस्तांतरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र/ दस्तवरदारी/ तबादलानामा के माध्यम से मौजा मानेगांव नं.बं. 681 प.ह.नं. 14 खसरा नं. 34/1 रकवा 547.8 वर्गफुट पर विक्रेता/ वसीयतकर्ता कृष्णा श्रीवास पिता श्री भोगीराम श्रीवास निवासी आदर्श नगर कालोनी मानेगांव से क्रय की गई भूमि पर अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/फी होल्ड विलेख/ वसीयतनामा/ बटवारा नामा/ हस्तांतरण पत्र/हकत्याग पत्र/दान पत्र/ दस्तवरदारी/ तबादला नागा/मुख्यार आम एवं खसरा की छायाप्रति / सत्यापित प्रति संलग्न कर नामांतरण/फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो यह अपनी लिखित आपति न्यायालय में पेशी दिनांक 26/5/2025 तक उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 19/5/2025 को इश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक -19/05/25
पेशी दिनांक -26/05/25

नायब तहसीलदार,
राझी, जबलपुर (म.प्र.)
र.नं. 508

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर

रा.प्र.क्रं/0003/अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक 13/05/2025

#### आम इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गिरीश गुप्ता पिता स्व. रामप्रसाद गुप्ता आयु लगभग 50 वर्ष निवासी- 144/19, अमखेरा रोड, वंदना नगर, गोहलपुर, जिला जबलपुर म.प्र. के द्वारा उक्त भूमि मौजा गुरदा, नं.बं. 600, प.ह.नं. 81, रा.नि.मं. महाराजपुर वर्तमान माढ़ोताल, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नं. 17/4, कुल रकवा 0.1000 हे. भूमि पर आवेदकगणों को पृथक-पृथक 1/5 भाग पर न्याय हित में बंटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 28/05/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-13/05/2025
पेशी दिनांक-28/05/2025

अतिरिक्त तहसीलदार
अधारताल जबलपुर
र.नं. 507

### कार्यालय जवाहर कृषि उपज मण्डी समिति गाडरवारा, जिला- नरसिंहपुर ( म.प्र. )

क्रमांक/मंडी/स्टोर/2025-26/216 गाडरवारा, दिनांक 20/05/2025

#### ( वाहन मासिक किराये पर अनुबंधित किये जाने हेतु निविदा सूचना )

जवाहर कृषि उपज मण्डी समिति गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर के लिए शासकीय कार्यों के संपादन हेतु चार पहिया वाहन बुलेरो दो वर्ष से अधिक पुराना न हो मय वाहन चालक सहित, निजी ट्रेवल्स इच्छुक व्यक्ति द्वारा कृषि उपज मण्डी समिति गाडरवारा को किराये पर, डीजल रहित, वाहन उपलब्ध कराये जाने हेतु 2026 तक की अवधि के लिए मासिक किराया 22050/- ( बाईस हजार पचास रुपये ) G.S.T. 5% सहित स्वीकृत दर है, निविदा प्रपत्र सीलबंदर लिफाफों में निविदा दिनांक 03/06/2025 को स्पीड पोस्ट/स्वयं के माध्यम से शाम 05.00 बजे तक कार्यालय जवाहर कृषि उपज मण्डी समिति गाडरवारा में प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा से संबंधित जानकारी एवं कार्यालयीन समय तथा कार्यालय स्टोर, शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

प्राप्त कोटेशन दिनांक 04/06/2025 को 02.00 PM तक समिति के समक्ष खोले जावेंगे, जिसमें वाहन प्रदत्ता/ऐजेंसी उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोले जावेंगे।

सचिव
जवाहर कृषि उपज मण्डी समिति
गाडरवारा

# देश-प्रदेश

उवाच

## सत्ता को सेवा का जरिया मानती है भाजपा सरकार



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि देवी अहिल्या नारी शक्ति, जनकल्याण और न्यायप्रिय शासन की प्रतीक थीं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सत्ता सेवा का माध्यम होनी चाहिए। आज जब सरकार उनके पदचिन्हों पर चलकर गरीब, वंचित, और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के लिए काम कर रही है, तब यह आयोजन एक आध्यात्मिक और वैचारिक प्रेरणा का कार्य करता है। श्री शर्मा ने इंदौर के राजबाड़ा में संपन्न मंत्रीपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए मीडिया से कहा कि आज हम सभी गौरवान्वित हैं कि देवी अहिल्या बाई होल्कर की 3 सौ वें जन्म जयंती वर्ष में इंदौर के ऐतिहासिक राजबाड़ा में कैबिनेट बैठक आयोजित हुई।

### साइबर क्राइम के खिलाफ सरकार सख्त

## पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू की ई-जीरो एफआईआर की पहल

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि गृह मंत्रालय के तहत कार्यरत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने साइबर अपराधियों को अभूतपूर्व गति से पकड़ने के लिए नई श्व-जीरो स्नङ्घक्र पहल शुरू की है। उन्होंने कहा, दिल्ली में ये पहल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है जो राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज साइबर वित्तीय अपराधों को स्वचालित रूप से स्नङ्घक्र में बदल देगी। शुरुआत में ये प्रक्रिया 10 लाख रुपये से अधिक की राशि वाले मामलों पर लागू होगी।

गृह मंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र की परवाह किए बिना इलेक्ट्रॉनिक रूप से एफआईआर जारी करने की यह प्रक्रिया जल्द ही पूरे देश में लागू की जाएगी। इस पहल से पीड़ितों को खोई हुई राशि की आसान वसूली और साइबर अपराधियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई में मदद मिलेगी। यह हाल ही में लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों का उपयोग करता है।उन्होंने ये भी कहा कि मोदी सरकार साइबर-सुरक्षित भारत बनाने के लिए साइबर सुरक्षा ढांचे को मजबूत कर रही है। आई4सी को नई दिल्ली में गृह मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया था, ताकि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को साइबर अपराध से निपटने के लिए एक समन्वित और व्यापक ढांचा प्रदान किया जा सके। आई4सी को देश में साइबर अपराध को रोकने के लिए नोडल पॉइंट के रूप में कार्य करने की परिकल्पना की गई है।

**साइबर सुरक्षित भारत की ओर महत्वपूर्ण कदम**-केंद्रीय मंत्री ने कहा, ये कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के %साइबर सुरक्षित भारत% के दृष्टिकोण को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गृह मंत्री ने हाल ही में आई4सी की समीक्षा बैठक में इस पहल को लागू करने के निर्देश दिए थे, जिसमें साइबर वित्तीय अपराधों के पीड़ितों को खोई हुई राशि की वसूली में आने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखा गया था। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 1930 ने साइबर वित्तीय अपराधों से संबंधित शिकायतों की आसान रिपोर्टिंग और तुरंत कार्रवाई को सक्षम बनाया है। नई प्रक्रिया में आई4सी के एनसीआरपी सिस्टम, दिल्ली पुलिस के ई-एफआईआर सिस्टम और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम का एकीकरण शामिल है।अब, एनसीआरपी और 1930 पर 10 लाख रुपये से अधिक की वित्तीय हानि से संबंधित शिकायतें स्वत- रूप से दिल्ली के ई-क्राइम पुलिस स्टेशन में जीरो एफआईआर के रूप में दर्ज होंगी। इसके बाद ये तुरंत क्षेत्रीय साइबर अपराध पुलिस स्टेशनों को भेजी जाएगी। शिकायतकर्ता तीन दिनों के अंदर साइबर अपराध पुलिस स्टेशन में जाकर जीरो एफआईआर को नियमित एफआईआर में बदल सकते हैं।

### मुख्यमंत्री ने मंत्रिपरिषद को दी जानकारी

## महिला सशक्किरण महासम्मेलन में आएंगे मोदी



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल के जम्बूरी मैदान में महिला उद्यमियों, कामगारों, महिला स्व-सहायता समूहों, लाड़ली बहनों का महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल होंगे। श्री मोदी के मुख्य आतिथ्य में 31 मई को लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 3 सौं वीं जयंती पर यह आयोजन किया जा रहा है। श्री मोदी भोपाल से ही इंदौर मेट्रो और दतिया व सतना हवाई अड्डे का लोकार्पण करेंगे।

▶ इंदौर में मेट्रो और दतिया-सतना एयरपोर्ट का करेंगे लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रीपरिषद के सदस्यों की बैठक को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अहिल्याबाई होल्कर की 3 सौं वीं जयंती पर 21 मई से 31 मई तक कई कार्यक्रम का आयोजन हो रहे हैं। डॉ. यादव ने बताया कि आगामी 3 जून को पचमढ़ी में जनजातीय राजा भभूत सिंह की स्मृति में मंत्रि-परिषद की बैठक का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 20 मई से 31 मई 2025 तक कई भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर और अन्य स्थानों पर सांस्कृतिक और साहित्यिक आयोजन होंगे। 22 मई को कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर पर केंद्रित महानाट्य अहिल्याकथान संनादति का मंचन किया जाएगा। 23 मई को ग्राम-महिदपुर, उज्जैन में देवी अहिल्या पर केंद्रीत महिला कवि सम्मेलन आयोजित होगा। ग्वालियर में 24 मई को नर्मदापुरम में 26 मई को, 27 मई को भोपाल और बैतूल में 28 मई को महानाट्य अहिल्याकथान संनादति का मंचन होगा।

#### नरसिंहपुर में 26 से 28 तक कृषि-उद्योग समागम होगा


मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि क्षेत्र में देश में अग्रणी प्रदेश है। कृषि और कृषि उत्पाद को बढ़ावा देने के साथ किसानों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में नरसिंहपुर में 26 से 28 को कृषि-उद्योग समागम का आयोजन किया जा रहा है।

### कोर्ट का राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश

## हर जिले में नियुक्त करें संरक्षण अधिकारी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को निर्देश दिया कि वे जिला और तालुका स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की पहचान करें और उन्हें संरक्षण अधिकारी के रूप में नियुक्त करें। सरक्षण अधिकारी का काम घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना है। जस्टिस बी.वी.नागरत्ना और जस्टिस सत्येश चंद्र शर्मा की बेंच ने राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और महिला एव बाल/समाज कल्याण विभागों के सचिवों को निर्देश दिया कि वे घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत अधिकारियों की संरक्षण अधिकारी के रूप में नियुक्ति सुनिश्चित करें।

**मीडिया के जरिए करें घरेलू हिंसा अधिनियम के प्रावधानों का प्रचार**-शीर्ष कोर्ट ने कहा, वे अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, अधिनियम के तहत सेवाओं का प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने और इसके प्रावधानों को लागू करने के लिए मीडिया के जरिए व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे और धारा 11 के तहत अपने दायित्वों को निभाने के लिए कदम उठाएंगे।




**छह हफ्तों के भीतर पूरी की जाए प्रक्रिया**-बेंच ने निर्देश दिया कि जहां संरक्षण अधिकारी नियुक्त नहीं किए गए हैं, वहां यह प्रक्रिया छह हफ्तों के भीतर पूरी की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा, राज्य यह सुनिश्चित करेंगे कि सेवा प्रदाता, सहायता समूह और आश्रय गृह पीड़ित महिलाओं के लिए उपलब्ध हों। राज्य इस उद्देश्य के लिए आश्रय गृहों की पहचान भी करेंगे।

**कानूनी सहायता के अधिकार के बारे में जागरूक करें**-बेंच ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के तहत महिलाओं के अधिकार को महत्व देते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के सदस्य सचिव को निर्देश दिया कि वे सभी राज्यों के विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिवों को यह निर्देश दें कि वे महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत निःशुल्क कानूनी सहायता और सलाह के अधिकार के बारे में जागरूक करें। बेंच ने कहा कि इन प्रावधानों का पर्याप्त प्रचार-प्रसार भी किया जाए।

यह निर्देश वी द वीमेन ऑफ इंडिया नामक एनजीओ की याचिका पर दिया गया। याचिका में कहा गया कि घरेलू हिंसा अधिनियम लागू हुए 15 साल से ज्यादा हो गए, लेकिन आज भी घरेलू हिंसा महिलाओं के खिलाफ सबसे आम अपराध है। अधिनियम के तहत ठोस ढांचा अब तक पूरी तरह नहीं बन पाया है।

## एमआर श्रीनिवासन का निधन

**चेन्नई, एजेंसी।** परमाणु वैज्ञानिक और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एम.आर. श्रीनिवासन का मंगलवार को तमिलनाडु के उधगमंडलम में निधन हो गया। वे 95 वर्ष के थे। भारत के सिविल न्यूक्लियर एनर्जी प्रोग्राम के प्रमुख वास्तुकार, डॉ. श्रीनिवासन ने परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) में करियर सितंबर 1955 से शुरू किया, जो पांच दशकों से भी ज्यादा चला। उन्होंने डॉ. होमी भाभा के साथ मिलकर भारत के पहले परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा के निर्माण में काम किया, जो अगस्त 1956 में शुरू हुआ था।



### मुख्यमंत्री ने होल्कर साइंस कॉलेज के विद्यार्थियों से किया संवाद

## खेलकूद गतिविधियों में सहभागिता के लिये किया प्रोत्साहित

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर के राजवाड़ा में होने वाली ऐतिहासिक कैबिनेट बैठक के पहले होल्कर साइंस कॉलेज का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने हार्टिकल्चर लैब का अवलोकन एवं फिजिकल एजुकेशन विंग के विद्यार्थियों से चर्चा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होल्कर साइंस कॉलेज में विद्यार्थियों से संवाद किया। यह क्षण विद्यार्थियों के लिए शुभाशीष से कम नहीं था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने सामने पाकर विद्यार्थियों के चेहरे की खुशी अलग ही दिख रही थी, चारों तरफ खुशी का माहौल था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से संवाद के दौरान विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगा कर पढ़ाई करने एवं खेल कूद गतिविधियों में सहभागिता करने के लिये प्रेरित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं, विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों में सुविधाओं का विस्तार कर रही है। हमारे होनहार खिलाड़ियों ने प्रदेश का नाम रोशन किया है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि विकास और विस्तार की संभावनाओं से भी विद्यार्थियों को रू-ब-रू कराया। उन्होंने शासन की कृषि संबंधी मुख्य योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश कृषि विकास में अग्रणी राज्य की भूमिका अदा करता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संवाद के दौरान महाविद्यालयीन विद्यार्थियों से सवाल-जवाब भी किए। विद्यार्थियों द्वारा बड़े उत्साह के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब भी दिया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि महाविद्यालय की ओर से खेल गतिविधियों के तहत हमें पचमढ़ी और मनाली शिविर में ट्रैकिंग सहित अन्य गतिविधियां करवाई गई।

## कैबिनेट की बैठक में सीएस ने ओढ़ा भगवा, तो गुस्साई कांग्रेस! पूछा- अब अफ़सर भी राजनीति करेंगे?

**इंदौर।** प्रदेश में कैबिनेट की अहम बैठक सीएम मोहन यादव की अध्यक्षता में इंदौर में होने जा रही है, लेकिन जैसे ही मोहन कैबिनेट की पहली तस्वीर सामने आई तो बवाल हो गया।इस बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन भी शामिल हुए हैं और उनके भगवा दुपट्टे ओढ़ने पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। दरअसल, मोहन कैबिनेट में शामिल सभी मंत्रीगण भगवा दुपट्टा ओढ़े हुए हैं। इस बैठक में स्वंय सीएम मोहन यादव भी भी धोती कुर्ता पहनकर शामिल हुए थे। वहीं मुख्य सचिव अनुराग जैन के गले में भी भगवा दुपट्टा देखा गया, जिस पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं।

कांग्रेस नेता के के मिश्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- माननीय मुख्यमंत्री जी, मंत्रिमंडल के सम्मानित सदस्यगण कैबिनेट की बैठक में भगवा दुपट्टा गले में डालें, कोई आपत्ति नहीं क्योंकि यह मौजूदा दौर में भाजपाई रौब का लायसेंस और कुछेक नेताओं की पहचान में शुमार हो गया है। लेकिन अफ़सोस है कि अब मप्र के क़ाबिल मुख्यसचिव महोदय को भी इसी का सहारा लेना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता ने आगे लिखा- मुख्यसचिव जी, आपकी क़ाबिलियत, स्वच्छ छवि और क्व्ल्ह तक पहुंच के कारण आपको सेवानिवृत्ति के पूर्व ही सेवावृद्धि तो बिना इसके भी मिल जायेगी फिर यह क्यूं? इंदौर के राजवाड़ा में मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की अहम बैठक हुई। यह बैठक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती की स्मृति में की गई।

### महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का विस्तार

## छगन भुजबल ने ली मंत्री पद की शपथ

**मुंबई, एजेंसी।** वरिष्ठ एनसीपी नेता और समता परिषद के संस्थापक छगन भुजबल मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मंत्रिमंडल का हिस्सा बन गए हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को एक समारोह में उन्हें मंत्री पद की शपथ दिलाई। मंत्री बनने के बाद उन्होंने कहा- 'कहते हैं न- अंत भला तो सब भला। मैंने अब तक हर जिम्मेदारी अच्छे से निभाई है। अब भी जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे निभाऊंगा।' दरअसल, पिछले साल नवंबर में महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की सरकार बनी थी। हालांकि, 77 साल के छगन को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया था, जिससे वह नाराज चल रहे थे। भुजबल ने महाराष्ट्र कैबिनेट में एनसीपी के दिग्गज नेता धनंजय मुंडे की जगह ली है। भुजबल को यही खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्रालय मिल सकता है, क्योंकि इसके पहले वह दो बार यह मंत्रालय संभाल चुके हैं।



### मुख्यमंत्री ने किया जीर्णोद्धार एवं उद्यान पुनर्विकास के लिए किया भूमि पूजन

## लालबाग के ऐतिहासिक स्थल का सौंदर्यीकरण 2 साल में पूरा होगा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को इंदौर के ऐतिहासिक स्थल लालबाग पैलेस पहुंचकर होल्कर राजवंश के संस्थापक सूबेदार मल्हारराव होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने 47.59 करोड़ रूपये लागत से लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं उद्यान पुनर्विकास कार्य का भूमि-पूजन किया। उन्होंने लालबाग पैलेस का भ्रमण भी किया, जहां उन्होंने महल की ऐतिहासिक संरचना और सौंदर्य का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण के प्रयास कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए बैठक कक्ष, क्राउन हॉल, बैंकेट हॉल, दरबार हॉल, किंग्स ऑफिस, मंत्रणा कक्ष, पश्चिमी बैठक कक्ष, भारतीय भोजन कक्ष पुरुष एवं महिला, बॉल रूम आदि की विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की। आर्किटेक्ट पुनीत सोहल द्वारा लालबाग पैलेस परियोजना का प्रजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उन्होंने लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास के लिए किए गए कार्य एवं आगामी कार्य योजना से अवगत करवाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस महत्वाकांक्षी कार्य के सफलतापूर्वक पूर्ण होने की कामना व्यक्त की। यह कार्य लालबाग के समृद्ध इतिहास और उसकी पुनः प्रतिष्ठा के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है। यह कार्य मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जाएगा। कार्य की समय सीमा 24 माहअर्थात मई 2027 निर्धारित है। इसमें बाउंड्री वाल, पाथवे, पार्किंग, सॉफ्ट स्केपिंग एवं सिंचाई, जनसुविधा, टिकिट काउंटर, उद्यान कैफे, मुक्ताकाश मंच, मंडप, रानी अहिल्या बाई आत्मरक्षा केंद्र (बालिकाओं के लिए), वनस्पति रक्षा ग्रह, बाहरी विद्युतीकरण, सजावटी प्रकाश खंभे, बगीचे के लिए पाइप संगीत प्रणाली, सीसीटीवी आदि का कार्य किया जाएगा।



मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ किया पैलेस का अवलोकन

## लोक निर्माण विभाग में तबादले

**भोपाल, देशबन्धु।** लोक निर्माण विभाग में सहायक और प्रभारी कार्यपालन यंत्री के तवादले किये गये है तवादले आदेश के मुताबित विजय सिंह पवार, प्रभारी कार्यपालन यंत्री खरगोन से प्रभारी कार्यपालन यंत्री बड़वानी, महेन्द्र सिंह चौहान, कार्यालय मुख्य अभियंता उज्जैन से प्रभारी कार्यपालन यंत्री रतलाम, के.एन.प्रजापति प्रभारी कार्यपालन यंत्री बड़वानी से प्रभारी कार्यपालन यंत्री हरदा, देवेन्द्र सिंह भदोरिया प्रभारी कार्यपालन यंत्री सीहोर से प्रभारी कार्यपालन यंत्री ग्वालियर, नितिन पटेल अनुविभागीय अधिकारी उपसंभाग बरेली से प्रभारी कार्यपालन यंत्री रीवा, बी.एल.एम.एल अहिरवार अनुविभागीय अधिकारी नर्मदापुरम से प्रभारी कार्यपालन यंत्री सीहोर, आकाश दुबे प्रभारी कार्यपालन यंत्री राजगढ़ से प्रभारी कार्यपालन यंत्री खरगोन, दीपक कुमार अनुविभागीय अधिकारी राजगढ़ से प्रभारी कार्यपालन यंत्री राजगढ़, नीलेश गुप्ता प्रभारी कार्यपालन यंत्री छिंदवाड़ा से कार्यालय मुख्य अभियंता इन्दौर, संतोष ठाकुर कार्यालय मुख्य अभियंता रीवा से प्रभारी कार्यपालन यंत्री छिंदवाड़ा, के.के.तिवारी प्रभारी कार्यपालन यंत्री रीवा से प्रभारी कार्यपालन यंत्री अशोकनगर, दयाशंकर त्रिपाठी सहायक यंत्री संभाग रीवा से प्रभारी कार्यपालन यंत्री रीवा, अनामिका सिंह लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग से प्रभारी कार्यपालन यंत्री संभाग रीवा, सुभाष पाटिल प्रभारी कार्यपालन यंत्री संभाग हरदा से लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, जे.के.पथं प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी उप संभाग राघौगढ़ संभाग गुना से प्रभारी कार्यपालन यंत्री नर्मदापुरम, प्रीति पटेल सहायक यंत्री भोपाल से प्रभारी कार्यपालन यंत्री संभाग बेतूल, अरविन्द पाठक अनुविभागीय अधिकारी विदिशा से प्रभारी कार्यपालन यंत्री रायसेन, सुखराम नेवारे अनुविभागीय अधिकारी संभाग बालाघाट से प्रभारी कार्यपालन यंत्री रीवा, आर.के.बंदुके अनुविभागीय अधिकारी संभाग बड़वानी से सहायक यंत्री रीवा, कुंवर सिंह तंवर अनुविभागीय अधिकारी देवास से सहायक यंत्री संभाग श्योपुर, बाबूलाल पनिका अनुविभागीय अधिकारी संभाग सिवनी से सहायक यंत्री संभाग अशोकनगर, राजेश मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा से अनुविभागीय अधिकारी संभाग बालाघाट, विनोद कुमार अनुविभागीय अधिकारी सिंगरोली से सहायक यंत्री सिंगरोली, बी.पी.खरे अनुविभागीय अधिकारी नरसिंहपुर से सहायक यंत्री नरसिंहपुर, किर्ती चौधरी अनुविभागीय अधिकारी विदिशा से कार्यालय मुख्य अभियंता भोपाल श्री शैलेन्द्र कुमार दुबे प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी रीवा से उपयंत्री संभाग रीवा, राकेश उपाध्याय प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी ग्वालियर से उपयंत्री संभाग ग्वालियर, विनोद बरकने अनुविभागीय अधिकारी संभाग हरदा से अनुविभागीय अधिकारी खण्डवा, विष्णुभगवान अनुविभागीय अधिकारी संभाग श्योपुर से अनुविभागीय अधिकारी ग्वालियर, राहुल पाटिदार कार्यालय मुख्य अभियंता भोपाल से सहायक यंत्री बड़वानी, पलक जैन अनुविभागीय अधिकारी उपसंभाग भोपाल से अनुविभागीय अधिकारी भोपाल, गिरीष हिंगवे मुख्य कार्यपालन अभियंता भोपाल से अनुविभागीय अधिकारी उपसंभाग बैतूल रोहित साहू अनुविभागीय अधिकारी संभाग छिंदवाडा से अनुविभागीय अधिकारी जबलपुर, सौरभ गौर कार्यालय मुख्य अभियंता भोपाल से अनुविभागीय अधिकारी उपसंभाग भिण्ड, अदिति राय कार्यालय प्रमुख अभियंता भोपाल से कार्यालय कार्यपालन यंत्री भोपाल, कुंदन मण्डलोई कार्यालय मुख्य अभियंता भोपाल से अनुविभागीय अधिकारी संभाग अलीराजपुर, केशव रैदास कार्यालय प्रमुख अभियंता भोपाल से कार्यालय अधीक्षण यंत्री जबलपुर, सुश्री रश्मि अनुविभागीय अधिकारी मण्डला से सहायक यंत्री मण्डला, वैभव मिश्रा सहायक यंत्री सतना से सहायक यंत्री रीवा, अग्रषी गोयल अनुविभागीय अधिकारी संभाग सतना से कार्यालय अधीक्षण यंत्री मण्डल रीवा, नीतू पटेल सहायक यंत्री रायसेन से अनुविभागीय अधिकारी उपसंभाग नर्मदापुरम पदस्थ किया गया है।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./सं. क्र. 11/19-20/.. दि. 20.05.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुखलाल चौधरी पिता स्व. श्री रामदेव बैद्य श्रीमती गीतांजली कुमारी पति सुखलाल चौधरी ने वार्ड क्रमांक- 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अबंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 12 राधे कृष्णा बिहार तिलहरी के पिन क्रमांक- 1003432969 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1125 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री श्रीकुमार नरेन्द्र प्रताप पिता चन्द्रेश्वर शर्मा, सरिता शर्मा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

र.नं.-511

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./सं. क्र. 11/19-20/.. दि. 20.05.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रुस्तम प्रताप सिंह पिता श्री शंकरसिंह बागरी श्रीमती समीना बागरी पति श्री रुस्तम प्रतापसिंह ने वार्ड क्रमांक- 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अबंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक पानी टंकी के सामने चग्गर फार्म तिलहरी के पिन क्रमांक- 1003053665 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1000 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 700 आरसीसी व.फु. प्रथम तल 700 व.फु. द्वितीय तल 100 आरसीसी वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज संदीप राय पिता श्री सुरेन्द्र कुमार राय, श्रीमती कमला राय पति सुरेन्द्र कुमार राय का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

र.नं.-511

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/

दिनांक 20/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जानकी देवी पत्नि स्व. श्री कमल कुमार ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक ईडब्ल्यूएस/पीएनओ-7 चैतन्य नर्मदानगर रेसीडेन्सी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000110234 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 480 व.फु. भूमि पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती सुनंदा त्रिपाठी पति भीमसेन त्रिपाठी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 511

संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**आम सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार, एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती नयन श्रीवास्तव पिता श्री सुनील कुमार जैन का अपने पति श्री मयूर श्रीवास्तव से दिनांक 21.01.2025 को द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, जबलपुर के आदेश क्रं. RCHSM/620/2024 द्वारा दोनों के मध्य दिनांक 23/01/2017 को अनुष्ठापित विवाह को, पारस्परिक सहमति के आधार पर विच्छेदित किया गया है एवं एकमात्र पुत्री कु. प्रांशी श्रीवास्तव को श्रीमती नयन श्रीवास्तव सौंपा गया है।

विवाह विच्छेदित के उपरांत सुश्री नयन जैन पिता श्री सुनील कुमार जैन के नाम से जाना वा पहचाना जावेगा। इसी प्रकार कु. प्रांशी श्रीवास्तव को कु. प्रांशी जैन मां सुश्री नयन जैन के नाम से जाना वा पहचाना जावेगा।

| पूर्व का नाम | वर्तमान नाम |
|---|---|
| श्रीमती नयन श्रीवास्तव | सुश्री नयन जैन |
| कु. प्रांशी श्रीवास्तव | कु. प्रांशी जैन |

श्रीमती सरिता जैन कोछल ( एडवोकेट ) गोल बाजार, जबलपुर म.प्र. मोबा.-9406589111

र.नं.- 471

न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्रं/168/अ-6/2025-2026

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिल्पी पॉल/ श्री किसले दास पुत्री श्री सुजाय पॉल निवासी 301/1 संत थामस स्कूल के पास साउथ सिविल लाईन जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं. 21 प्लाट नं. 17/4 रकवा 425 व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक दिनांक 18.06.2015 मृत्यु दिनांक...... को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र.... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्र नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 21 प्लाट नं. 17/4 रकवा 425 व.फु./अवि. हिस्सा... ग्राम सिविल स्टेशन रकवा 425 व.फु. श्रीमती सुरेखा गुर्जर पति पवन सिंह गुर्जर पवन सिंह गुर्जर पिता स्व. राम गोपाल सिंह गुर्जर बगैरा. के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 23/05/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 07/5/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 07.05.2025

पेशी दिनांक : 28.05.2025

तहसीलदार, रांझी, जबलपुर

र.नं. 505

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/0110/अ-6/2025-26

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया है कि रोहित पटेल पिता स्व. कंधीलाल पटेल निवासी 209/1 नरसिंह वार्ड अर्जुन किराना द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक .... के माध्यम से मौजा गोरखपुर खसरा नं. 617/1/2,616 रकवा 073 हे. वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन फौती नामांतरण से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र, हस्तान्तरण पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 30/05/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 16/05/2025 को जारी।

जारी दिनांक- 16/05/2025

पेशी दिनांक- 30/05/2025

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

र.नं. 501

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/0110/अ-6/2025-26

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया है कि रोहित पटेल पिता स्व. कंधीलाल पटेल निवासी 209/1 नरसिंह वार्ड अर्जुन किराना के पीछे, महानद्दा द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक .... के माध्यम से मौजा गोरखपुर खसरा नं. 617/3, 618/2, 624, 625 रकवा 0.1580 हे. वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन फौती नामांतरण से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/ हस्तान्तरण/ हक त्याग पत्र/ दान पत्र की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 30/05/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 16/05/2025 को जारी।

जारी दिनांक- 16/05/2025

पेशी दिनांक- 30/05/2025

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

र.नं. 502

जबलपुर, बुधवार 21 मई 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## वैज्ञानिक चेतना के शून्य को बढ़ा गया डा. नार्लीकर का निधन

मशहूर खगोल भौतिक विज्ञानी डॉ. जयंत विष्णु नार्लीकर का निधन हो गया। डॉ. नार्लीकर 87 साल के थे। 19 मई की रात नींद में ही उनका निधन हो गया, हाल ही में उनका एक ऑपरेशन भी हुआ था। डा. जयंत नार्लीकर के निधन को बहुत से अखबारों और चैनलों ने विज्ञान जगत की अपूरणीय क्षति बताया, लिखा कि उनके न रहने से विज्ञान की दुनिया में शोक की लहर चल पड़ी है। निस्संदेह एक अनुभवी, वरिष्ठ और बेहद अनूठे वैज्ञानिक के जाने से विज्ञान जगत में तो शून्य बन ही गया है, लेकिन असल में यह समूचे भारत के लिए भी शोक की घड़ी है। क्योंकि डा. नार्लीकर ऐसे कठिन समय में इस दुनिया को छोड़ कर गए हैं, जब विज्ञान और आस्था के नाम पर एक घातक मिलावट करने का सिलसिला चल निकला है। इस मिलावट को फैलाने वाले सत्ता से लेकर प्रशासन, शिक्षा, न्यायपालिका के गलियारों में फैले हुए हैं। यहां तक कि वैज्ञानिक संस्थाओं में भी इसकी चपेट में आ रही है। जो भारत अपनी तर्क संस्कृति, वाद-विवाद-संवाद के लिए पूरी दुनिया में मशहूर था, वहां अब कुतर्कों की भरमार हो गई है, संवाद पूरी तरह से खत्म हो चले हैं। नयी पीढ़ी को ज्ञान-विज्ञान की चेतना विकसित करने का अवसर दिए जाने की जगह धार्मिक जुलूसों में भेड़ों की तरह हांका जा रहा है, उन्हें उन्मादी बनाया जा रहा है। धर्म के नाम पर झगड़े करवाने हों तो युवाओं की शक्ति, ऊर्जा और जोश ही सबसे अधिक काम आते हैं, इसलिए, राजनैतिक दल उनका इसी हिसाब से उपयोग कर रहे हैं और ऐसे वक्त में जो तार्किक बातें करे उसे देशद्रोही कहना न्यू नॉर्मल बन गया है।

धार्मिक स्थलों पर युवाओं की भीड़ है, ओटीटी प्लेटफार्म्स बेहूदी भाषा और अनावश्यक खुलेपन वाले रियलटी शो परोस रहे हैं, जिसमें प्रतिभागी और दर्शक युवा ही हैं, आईपीएल जैसे आयोजन खेलों का व्यापार कर रहे हैं, यहां भी युवा ही सबसे अधिक निशाने पर है। शिक्षा के नाम पर कोचिंग संस्थाओं का व्यापार चल रहा है और 10वीं के बाद विज्ञान विषय लेकर पढ़ने वाले छात्रों का एकमात्र ध्येय किसी भी तरह इंजीनियरिंग या मेडिकल में दाखिला लेना होता है। सरकारी संस्थानों में सीटें बेहद कम हैं और निजी संस्थाओं की लूट का कोई ठिकाना नहीं है। इन हालात में शोध और अनुसंधान के लिए गुंजाइश बेहद कम हो चली है। उसमें भी छात्र होनहार हो और उसके साथ सवर्ण हो तो आगे का रास्ता आसान होता है, वर्ना रोहित वेमुला जैसे उदाहरण हमारे सामने हैं। इतनी विडंबनाओं के जख्म पर सत्ता नमक तब छिड़कती है, जब देश के शहरों को चीन या जापान जैसा सुंदर बनाने का वादा जनता से होता है। लोगों को साफ पानी और हवा तो अब मयस्सर नहीं है और ऐसे में ख्वाब शंघाई-टोक्यो के दिखाए जाते हैं। जबकि इन देशों ने विज्ञान और तकनीकी में इतनी तरक्की कर ली है, जिसकी बराबरी करना फिलहाल संभव नहीं है।

इस निराशाजनक माहौल को सुधारा जा सकता है, बशर्ते हमारे बीच जयंत विष्णु नार्लीकर जैसे वैज्ञानिक, विज्ञान शिक्षक और लेखक हों। एक वक्त में डॉ. नार्लीकर के अंग्रेजी लेखों के हिन्दी अनुवाद देशबन्धु में प्रकाशित होते थे। डा. नार्लीकर बेहद सरल भाषा में खगोल विज्ञान और जटिल वैज्ञानिक जानकारी को समझाते थे। किसी कठिन कार्य के लिए प्रचलित मुहावरा है कि यह कोई रॉकेट साइंस नहीं है, लेकिन देखा जाए तो डा. नार्लीकर ने रॉकेट साइंस को ही आसान बनाकर लोगों तक पहुंचाया था। जब आकाशवाणी और दूरदर्शन में उत्कृष्टता पर आधारित कार्यक्रम प्रसारित किए जाते थे, उस दौर में डा. नार्लीकर ने विज्ञान के तथ्यों को बहुत सरल और रोचक अंदाज में पेश किया। दूरदर्शन पर प्रसारित ब्रह्मांड नामक शो के माध्यम से नार्लीकर ने बच्चों को रॉकेट और अंतरिक्ष विज्ञान की विभिन्न घटनाओं के बारे में बताया। 80 और 90 के दशक के बच्चे अगर चांद और मंगल को लेकर उत्सुक हुए, विज्ञान में उनकी रूचि जगी या वैज्ञानिक बनने के बारे में वे सोच पाए तो इसका बड़ा श्रेय जयंत नार्लीकर को भी जाता है। जिनकी किताबों और व्याख्यानों को विज्ञान को बोझिल विषय से रोचक विषय बना दिया।

वैसे तो साहित्य और विज्ञान अलग-अलग क्षेत्र माने जाते हैं। विज्ञान कथाएं लिखने वाले लोग भारतीय भाषा के साहित्य में अंगुलियों पर गिने जा सकते हैं। जयंत विष्णु नार्लीकर उन्हीं में से एक थे। डॉ. नार्लीकर की कई कहानियां लोकप्रिय हुईं। 'अंतरिक्ष में विस्फोट' और 'वायरस' नाम के दो उपन्यास उन्होंने मराठी में लिखे। अंतरिक्ष में विस्फोट में अतीत में अंतरिक्ष में घटी घटना, वर्तमान और भविष्य में धरती को बचाने का रोचक वर्णन है। इसी तररह वायरस में अंतरिक्ष के दूसरे ग्रहों से पृथ्वी के कंप्यूटर्स को खराब करने की कोशिश और वैज्ञानिकों द्वारा उसे बचाने का रोचक कथानक है। एनसीईआरटी ने 11वीं के पाठ्यक्रम में द एडवेंचर' नाम की कहानी रखी थी। डा. नार्लीकर की इस कहानी में प्रोफेसर गंगाधरपंत गायतोंडे की समय-यात्रा को बताया गया है, जिसमें वे अतीत में जाते हैं और खुद को ऐसे मुंबई शहर में पाते हैं, जो मौजूदा मुंबई से काफी अलग है। द एडवेंचर जैसे ही विषय पर हॉलीवुड में बैक टू द फ्यूचर जैसी फिल्म भी बनी है।

डा.नार्लीकर की विज्ञान कथाएं कोरी फंतासी नहीं होती, बल्कि उनमें विज्ञान की परतों को तथ्यों के साथ खोलने की कोशिश दिखाई देती है। वे बताते हैं कि हमारी असलियत ही इस ब्रह्मांड का एकमात्र सच नहीं है, इसके अलावा भी अन्य कई वास्तविकताएं हैं, जिन्हें समझने की कोशिश हमें करना चाहिए।

'पद्म विभूषण', 'पद्म भूषण', महाराष्ट्र भूषण, संरा का कलिंग पुरस्कार जैसे कई सम्मान और अवार्ड डा. नार्लीकर के नाम हैं। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा लेकर 1972 में वापस भारत लौटे डा. नार्लीकल ने टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर) में खगोल विज्ञान विभाग के प्रमुख का पद संभाला। 1988 में इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफ़िज़िक्स (आयुका) संस्थान के फाउंडर डायरेक्टर बने। इसी साल यूजीसी ने डॉ. नार्लीकर को अंतर-विश्वविद्यालय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी केंद्र के संस्थापक निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी थी, जिस पर वे सेवानिवृत्ति तक बने रहे। फ्रेंड होयल के साथ डा. नार्लीकर ने 'होयल-नार्लीकर थ्योरी ऑफ ग्रैविटी' विज्ञान जगत को दी, जिसकी दुनिया भर में चर्चा होती है।

देश में वैज्ञानिक चेतना को बढ़ाने और खासकर बच्चों में विज्ञान के लिए रुचि पैदा करने से डा. जयंत विष्णु नार्लीकर को सही मायने में श्रद्धांजलि दी जा सकती है।

# काश भाजपा जनसंघ जैसी ही बनी रहती!

करीब पांच दशक पहले यानी आपातकाल के बाद पांच दलों के विलय से बनी जनता पार्टी का प्रयोग हालांकि ज्यादा समय तक नहीं चल पाया था लेकिन केंद्र सहित कई राज्यों में बनी जनता पार्टी की सरकारों ने कुछ काम बहुत अच्छे किए थे। मसलन, संवैधानिक प्रावधानों का सहारा लेकर देश पर तानाशाही थोपे जाने की राह को जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने बहुत दुर्गम बना दिया था, नागरिकों के मौलिक अधिकार बहाल किए थे, कार्यपालिका की शक्तियां सीमित कर न्यायपालिका की आजादी सुनिश्चित की थी और भारत रत्न व पद्म अलंकरण जैसे सरकारी सम्मानों की बंदरबाट बंद कर दी थी। इसी तरह, राज्यों में बनी जनता पार्टी की सरकारों ने भी कुछ काम बहुत अच्छे किए थे, जो आज भी याद किए जाते हैं।

इस सिलसिले में मध्य प्रदेश से जुड़े एक वाकये का ज़िक्र करना इस समय प्रासंगिक है। आपातकाल से पहले तक मध्य प्रदेश में विधानसभा का ग्रीष्मकालीन सत्र पचमढ़ी में हुआ करता था। यह स्पष्ट रूप से एक सामंती व्यवस्था थी और जनता के पैसे का दुरुपयोग भी। इस व्यवस्था को 1977 में जनता पार्टी की सरकार ने खत्म कर दिया था। उस सरकार के मुख्यमंत्री कैलाश जोशी थे, जो जनता पार्टी में शामिल जनसंघ घटक के नेता थे। उन्होंने अपनी कैबिनेट की पहली ही मीटिंग में फैसला कराया था कि अब से विधानसभा का ग्रीष्मकालीन सत्र पचमढ़ी के बजाय भोपाल में ही हुआ करेगा। चूंकि कैलाश जोशी बेहद भले और ईमानदार व्यक्ति थे, इसलिए जनता पार्टी में उनके ही घटक यानी जनसंघ के एक गुट ने शुरू दिन से उनके खिलाफ साजिश रचनी शुरू कर दी थी, जो कि कुछ महीनों बाद सफल भी हो गई। कैलाश जोशी को एक अज्ञात बीमारी का शिकार बता कर मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया।

बहरहाल इस किस्से का जिक्र इसलिए कि कैलाश जोशी तो अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन मध्य प्रदेश में सरकार उनकी ही पार्टी की है, मगर सरकार चला रहे लोगों और कैलाश जोशी जैसे नेताओं के चाल, चरित्र और चेहरे में जमीन-आसमान का फर्क है। अब प्रदेश में जनता के पैसे का बेरहमी से दुरुपयोग करते हुए नित नए ऐसे-ऐसे नाटक किए जा रहे हैं, जिनका जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है। बड़े शहरों से लेकर छोटे-छोटे गांव-कस्बों तक के नाम बदलकर धार्मिक प्रतीकों के आधार पर उनके नए नाम रखे जा रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पर नाम बदलने की ख़ब्त इस कदर सवार है कि उन्होंने कुछ दिनों पहले अपने गृह नगर उज्जैन में स्थित विक्रम विश्वविद्यालय का नाम बदल कर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय कर दिया।

सब जानते हैं कि नाम बदलने के इस उपक्रम के चलते सरकारी खजाने का लाखों-करोड़ों रुपया खर्च होता है। धार्मिक पर्वों और उत्सवों को भी सरकारी स्तर पर मनाया जा रहा है, जिस पर सरकारी खजाने के करोड़ों रुपये फूंके जा रहे हैं। ऐसे तमाशे सिर्फ मध्य प्रदेश में ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी चल रहे हैं, जहां भाजपा की सरकारें हैं।

मप्र में तो यह स्थिति तब है जब राज्य पर देश के कुल कर्ज का पांच फीसदी से ज्यादा कर्ज है। देश पर इस समय करीब 95 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है, जिसमें मध्य प्रदेश का कर्ज करीब पांच लाख करोड़ रुपये है। इस आर्थिक बदहाली के चलते राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं ठप हैं और राज्य सरकार को अपना काम चलाने के लिए हर तीन महीने में पांच हजार करोड़ रुपये का कर्ज लेने पड़ रहे हैं।



अनिल जैन

**'पैसा फूंक तमाशा देख' के सिलसिले में अलग-अलग मौकों पर कैबिनेट यानी राज्य मंत्रिमंडल की बैठकों का आयोजन राजधानी भोपाल में न करते हुए प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर समारोहपूर्वक करना भी ऐसे ही तमाशों में से एक है। इस सिलसिले में 20 मई को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक पूरे राजसी तामझाम के साथ इंदौर में होलकर शासकों के महल राजबाड़ा में हुई।**

'पैसा फूंक तमाशा देख' के सिलसिले में अलग-अलग मौकों पर कैबिनेट यानी राज्य मंत्रिमंडल की बैठकों का आयोजन राजधानी भोपाल में न करते हुए प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर समारोहपूर्वक करना भी ऐसे ही तमाशों में से एक है। इस सिलसिले में 20 मई को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक पूरे राजसी तामझाम के साथ इंदौर में होलकर शासकों के महल राजबाड़ा में हुई। बैठक के लिए राजबाड़ा के दरबार हॉल की ठीक उसी अंदाज में सजावट की गई जैसे होल्कर शासकों का दरबार लगता था। पूरे राजबाड़ा की नए सिरे से रंगाई-पुताई कराई गई और उसे बिजली के रंग-बिरंगे लट्टुओं से सजाया गया। राजबाड़ा के बाहर मीडिया और आम लोगों यानी भाजपा कार्यकर्ताओं के बैठने के लिए बड़े-बड़े वातानुकूलित पांडाल बनाए गए। यह सब इंतजाम करने के लिए कैबिनेट की बैठक के दो दिन पहले से राजबाड़ा के आसपास के सभी मार्गों पर वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई, जिससे पूरे शहर में अफ़रा-तफ़री का माहौल बना रहा। राजबाड़ा के आसपास का पूरा इलाका व्यावसायिक क्षेत्र है, लेकिन वाहनों की आवाजाही बंद होने से कारोबारी गतिविधियां पूरी तरह ठप रहीं।

इससे पहले उज्जैन, महेश्वर, सिंग्रामपुर (दमोह), जबलपुर आदि शहरों में भी कैबिनेट की बैठकें हो चुकी हैं और वहां भी यही सब कुछ हुआ था। अब कैबिनेट की अगली बैठक अगले महीने की 3 तारीख को पचमढ़ी में होगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसे और संभावित स्थानों को चिन्हित करें जहां कैबिनेट की बैठकें हो सकें।

राजधानी से बाहर होने वाली इन बैठकों के लिए हफ्तों पहले से तैयारियां शुरू होती हैं, जिनमें जिले का पूरा प्रशासनिक अमला बाकी सारे काम छोड़कर जुटता है। जिस स्थान पर बैठक होनी होती है, उसे और उसके आसपास के इलाके को सजाने-संवारने, मुख्यमंत्री, मंत्रियों व राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के ठहरने की व्यवस्था आदि पर करोड़ों रुपयों का खर्च होता है।

कैबिनेट की बैठक इंदौर में आयोजित करने के बारे में जो संदर्भ बताया गया वह भी बेहद हास्यास्पद है। बताया गया कि अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर उन्हें सम्मान देने और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने के लिए इंदौर में कैबिनेट की बैठक रखी गई।

दरअसल इंदौर से अहिल्याबाई के नाम को जोड़ने की यह कोशिश नई नहीं है। इंदौर के जनजीवन में भी जब कुछ अच्छा-बुरा होता है तो लोग भावुकता, मूर्खता या पाखंडवश अहिल्याबाई होलकर को याद करने लगते हैं। कुछ अच्छा हो तो कहा जाने लगता है 'अहिल्याबाई का शहर गौरवान्वित हुआ'। कुछ बुरा हो तो कहा जाता है कि 'अहिल्याबाई का शहर कलंकित हुआ'। जबकि ऐतिहासिक तथ्य यह है कि इंदौर से अहिल्याबाई का कभी कोई संबंध रहा ही नही।

इंदौर को अहिल्याबाई का शहर बताने और मानने वालों को न तो इंदौर के इतिहास की जानकारी है और न ही होलकर रियासत की। अहिल्याबाई के बारे में भी ये लोग कुछ नहीं जानते। दरअसल जब मंशा ही इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने और उसे अपनी राजनीतिक सुविधा के मुताबिक पेश करने की हो तो सच्चाई जानने की जरूरत भी कहां रह जाती है! नर्मदा घाटी मार्ग पर स्थित इंदौर शहर को 310 साल पहले यानी 1715 में स्थानीय (कम्पेल गांव के) जमींदारों ने व्यापारिक केंद्र के रूप में बसाया था। उस समय इसका नाम इंद्रपुरी हुआ करता था। यह नाम इसे यहां बने प्राचीन इंद्रेश्वर महादेव मंदिर की वजह से मिला था। बाद में पेशवा के सेनापति और होलकर रियासत के संस्थापक मल्हारराव होलकर ने इसे अपनी राजधानी बनाया और अपभ्रंश होकर इसका नाम इंदूर हो गया, जो बाद में अंग्रेजों के समय इंदौर हुआ।

यह सही है कि मल्हारराव होलकर की बहू अहिल्याबाई इंद्रेश्वर महादेव को अपना आराध्य मानती थीं लेकिन अपने पति की मृत्यु होने पर शासन की बागडोर संभालने के तुरंत बाद वे अपनी राजधानी को इंदौर से स्थानांतरित कर नर्मदा नदी के किनारे बसे महेश्वर ले गई थीं। अहिल्याबाई ने 1767 से 1795 तक शासन किया और तब तक उनकी रियासत की राजधानी महेश्वर ही रहा। उनकी मृत्यु के बाद तुकोजीराव होलकर (प्रथम) ने शासन के सूत्र संभाले और फिर से इंदौर को अपनी राजधानी बनाया। इसलिए इंदौर को 'मां अहिल्या की नगरी' कहना सही नहीं है। वस्तुत: यह मल्हारराव होलकर और तुकोजीराव होलकर का शहर है।

जो लोग इंदौर को 'देवी अहिल्याबाई का शहर' बताते हुए तमाम तरह के राजनीतिक और सामाजिक धतकर्मों में लगे रहते हैं, उनका चाल-चलन भी अहिल्याबाई होलकर के शील, संघर्ष, जनसेवा और न्यायप्रियता से नहीं बल्कि तुकोजीराव होलकर (तृतीय) के विलासी व्यक्तित्व और कृतित्व से ही मेल खाता है। हालांकि तुकोजीराव लफंगे नहीं थे और उनके शासन में भी ऐसी लफंगई या गुंडई नहीं चलती थी, जैसी कि इंदौर सहित पूरे मध्य प्रदेश में समय-समय पर अलग-अलग रूपों में देखने को मिलती है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# बदला युद्ध है आपरेशन सिंदूर

मात्र तीन दिन चले युद्ध या सैनिक अभियान ने पारंपरिक अर्थ में निर्णायक जीत हार का फैसला नहीं किया लेकिन इसने भारत और पाकिस्तान के राजनेताओं में जीत और हार के दावे से लेकर दुनिया भर के सैन्य विशेषज्ञों के लिए आगे काम करने का काफी मसाला दे दिया है। अब टीवी की चर्चाओं और हमारे पक्ष-विपक्ष के राजनैतिक अभियानों से किसी को भ्रम हो सकता है कि हम युद्ध का तकनीक और वैज्ञानिक अध्ययन और फिर सुधार का प्रयास नहीं कर रहे हैं लेकिन ऐसा है नहीं। सबको इस सैन्य कार्रवाई में इतना साफ लगा कि लड़ाई का मैदान बदल गया है और अगर भारत ने साफ बढ़त ली या अपने उद्देश्य लगभग हासिल कर लिए तो इसलिए कि उसके पास बेहतर तकनीक वाले ड्रोन थे और उसकी क्रूज मिसाइलों का निशाना सटीक बैठा जबकि पाकिस्तान बदमाशी करते हुए सिर्फ तोप और विमानों के सहारे हमारे नागरिक ठिकानों पर बमबारी करता रहा। इस हमले को भी भारत ने तकनीक के सहारे काफी हद तक विफल किया क्योंकि हमारे एयर डिफेंस में बेहतर तकनीक वाले उपकरण थे। पाकिस्तान के ज्यादातर हमलों को हवा में ही उड़ा दिया गया। हमने उनके एयर डिफेंस सिस्टम को जैम करके उनके नौ सैनिक हवाई अड्डों को निशाना बनाया और उनकी ताकत खत्म की।



अरविन्द मोहन

**पाकिस्तान में सरकार, आतंकवादी और सेना का मतलब एक ही है, यह बात साफ जाहिर हो जाना आपरेशन सिंदूर से सामने आया दूसरा सच है। फौजी अधिकारी मारे गए आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए। सारे बड़े आतंकियों को, जिनमें कुछ संयुक्त राष्ट्र द्वारा चिह्नित भी हैं, पाकिस्तान सरकार और फौज ने छुपा लिया। भारत में यह राजनैतिक मुद्दा बना हुआ है।**

ज्यादातर काम बेहद मामूली खर्च से तैयार होने वाले ड्रोन और क्रूज मिसाइलों के सहारे हुआ। इसकी वजह उनका सस्ता होना न होकर उपयोगी होना है। वे पेड़ों और पहाड़ियों के बीच इतनी काम ऊंचाई पर उड़ते हुए लक्ष्य तक जाते हैं कि दुश्मन के राडार उनको जान ही नहीं पाते। और लक्ष्य भेदकर अगर वे खत्म हो भी जाते हैं तो सेना के बजट पर कोई फरक नहीं पड़ता। नौसेना के बड़े जहाजों और पनडुब्बियों के खर्च की बात ही छोड़िए एक एक सैन्य विमान और टैंक आज इतनी कीमत में आते हैं कि हजारों ड्रोन एक जहाज की कीमत में तैयार हो जाते हैं। आज अमेरिकी एफ-35 विमान दस करोड़ डालर का है। ड्रोनो को प्रयोग में लाना ही आसान नहीं, है, इनको बनाना भी आसान और किफायती है। सबसे अच्छे माने जाने वाले दरों भी एक हजार डालर तक के खर्च पर तैयार हों जाते हैं। अगर खाड़ी युद्ध ने तीस साल पहले यह संदेश दिया कि युद्ध अब तकनीक से लड़े जाते हैं तो रूस-यूक्रेन युद्ध और आपरेशन सिंदूर के भारत- पाकिस्तान टकराव ने यह साफ कर दिया है कि भविष्य की लड़ाई में ड्रोन और क्रूज मिसाइलों का युग ही आने वाला है। बड़े विमान और मजबूत सैन्य ठिकाने भी इनकी जद में आकर बेकार साबित हो रहे हैं। यूक्रेन पचास लाख ड्रोन हर साल बना रहा है और उसी से रूस का मुकाबला कर रहा है।

अब ऐसा नहीं है कि पाकिस्तान के पास हथियार न हों या उसके पास ड्रोन की तकनीक न हों या उसने एयर डिफेंस सिस्टम पर खर्च नहीं किया है। असली दिक्कत यह हुई कि उसने सस्ते चीनी उपकरण लगाए और महंगे जहाज(अमेरिका से भी) खरीदे थे। एयर डिफेंस प्रणालियों के बारे में जानकार यह कह रहे हैं कि वे हमसे एक जेनरेशन पीछे के हैं और रिवर्स तकनीक से (अर्थात फ़ोटो कापी जैसा तैयार करना) बनाए गए हैं। चीन ने ऐसा क्यों किया या उसने सिर्फ अपने व्यावसायिक हितों की रखवाली के लिए इन्हें, लगाया था यह स्पष्ट नहीं है। हो सकता है कि पाकिस्तान में दलाली ज्यादा हों। वैसे उसके पास पैसे न होने की बात जगजाहिर है। वे एक ही झटके में फेल हुए और हमारी रक्षा प्रणाली ने उनके लगभग सारे हमलों को फेल कर दिया यह इस युद्ध की सच्चाई है। युद्ध विराम की गुहार इसी के चलते हुई और अमेरिकी दखल की मांग पाकिस्तान सदा से करता रहा है। इसलिए युद्ध विराम को लेकर हमारे नेतृत्व को जितनी सफाई देनी है उससे ज्यादा पाकिस्तान और अमेरिका को देनी चाहिए।

पाकिस्तान में सरकार, आतंकवादी और सेना का मतलब एक ही है, यह बात साफ जाहिर हो जाना आपरेशन सिंदूर से सामने आया दूसरा सच है। फौजी अधिकारी मारे गए आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए। सारे बड़े आतंकियों को, जिनमें कुछ संयुक्त राष्ट्र द्वारा चिह्नित भी हैं, पाकिस्तान सरकार और फौज ने छुपा लिया। भारत में यह राजनैतिक मुद्दा बना हुआ है कि कार्रवाई के पहले पाकिस्तान को सूचित करने से उसे आतंकियों को छुपाने का अवसर मिल गया। यह राजनैतिक लड़ाई का मुद्दा हो सकता है लेकिन यह बात तो कोई भी समझ सकता था कि पहलगाम नरसंहार के भारत घुसकर मारेगा ही। मामला सिर्फ समय का था कि ऐक्शन में कितना समय लगेगा। यह आपदा में अवसर बनकर आया था। आतंकी इस हत्याकांड से सरकार को जो संदेश देना चाहते थे वह सरकार ने लिया लेकिन वह जो हिन्दू-मुसलमान और कश्मीरी गैर कश्मीरी का बंटवारा चाहते थे, हमारे मुल्क के लोगों ने उसका करारा जबाब दिया। कई मायनों में यह फौजी जवाब से भी ज्यादा मजबूत और बड़ा था। सिर्फ पक्ष और विपक्ष ही एकजुट नहीं हुए, अगर कभी नरेंद्र मोदी का सरकता कार्टून कांग्रेस ने दिया तो उसे लोगों की प्रतिक्रिया देखकर वापस लेना पड़ा। भाजपा समर्थक यह पोस्ट सोशल मीडिया पर ढंग से चला नहीं कि वापस लेना पड़ा जिसमें कहा गया था कि आतंकियों ने धर्म पूछा था जाति नहीं।

अब आपरेशन सिंदूर की एक नायिका सोफिया कुरैशी को लेकर मध्य प्रदेश के एक मंत्री का बयान उनके साथ ही पार्टी के जान को आफत में डाले हुए है और अदालत काफी लानत मलामत कर रहा है। दूसरी ओर देश भर में रैलियों के जरिए जीत का जश्न मनाना, विदेश में प्रतिनिधिमंडल भेजकर भारत के पोजीशन को स्पष्ट करना और रेल टिकट तक पर विज्ञापन या मुफ़्त का लाइन डालकर आपरेशन सिंदूर को राजनैतिक रूप से भुनाने की तैयारी चल रही है। विपक्ष भी हमलावर है। अगर भाजपा के लोगों को युद्ध के बाद लगातार जीत मिलने का रिकार्ड दिख रहा है तो कांग्रेस को बासठ के युद्ध के बाद नेहरू के प्रताप में गिरावट का प्रसंग याद आ रहा है। ये दोनों बातें सही हैं पर याद रखना होगा कि आपरेशन सिंदूर बासठ का युद्ध नहीं है। क्या पहलगाम का बदला हों गया, क्या आतंकी ठिकाने नष्ट होने से आतंकवाद मिट गया जैसे? सवाल का जवाब देना आसान नहीं है। पर सबसे मुश्किल सवाल है कि युद्धविराम क्यों और कैसे हुआ? द्विपक्षीय संधि होते हुए अमेरिका बीच में क्यों और कैसे आया? लेकिन इस सवालों की राजनीति के बीच सेना के बुनियादी सवाल को बिसारना नहीं होगा कि लड़ाई बदल गई है। इस अनुभव के आधार पर हमें तेजी से बदलाव करना होगा जो बहुत महंगा भले न हों पर मेहनत, शोध और विकास की मांग जरूर करता है।

## आपके पत्र

### सड़क, जो सोच बदल सकती है

सड़क की कमी का असर गांव के बुज़ुर्गों के दैनिक दिनचर्या में देखने को मिलता है। उनके लिए ये रास्ता एक बड़ा अभिशाप है। गांव की एक 72 वर्षीय बुज़ुर्ग मीणा देवी बताती हैं कि उन्हें गठिया की बीमारी है, जिससे उन्हें चलने फिरने में दिक्कत आती है। एक बार उन्हें शहर के अस्पताल जाना पड़ा। 8 किमी दूर अस्पताल पहुँचने में ही उन्हें तीन घंटे लग गए। इतनी तकलीफ देखकर उनका मन ही बैठ गया। वो कहती हैं कि 'अब मैं कहीं नहीं जाती, जो होगा यहीं होगा। वर्षा के दिनों में मंडी तक फसल पहुंचाना एक बड़ी चनौती होती है। इससे कृषि कार्य भी प्रभावित होता है।' वह कहते हैं कि -अच्छी सड़क के बिना हमने तो जीवन गुज़ार लिया, लेकिन गांव की नई पीढ़ी के विकास में जर्जर सड़क एक बड़ी बाधा है।

राजपुरिया जैसे राजस्थान के कुछ गांव आज भी ऐसे हैं जहां पक्की सड़क नहीं पहुंची है। जो रास्ता हमें स्कूल, अस्पताल, बाजार या बस स्टैंड तक ले जाता है, वह दरअसल सिर्फ मिट्टी, धूल और गड्ढों का एक लंबा, थकाऊ सफर है। बारिश में कीचड़ से लथपथ और गर्मियों में तपती हुई रेत से भरा ये रास्ता, हमारे जीवन का सबसे बड़ा अवरोध बन जाता है। सड़क का न होना सिर्फ लड़कियों की पढ़ाई को ही नहीं रोकता है, बल्कि ये उनके पूरे जीवन को सीमित कर देता है।

22 वर्षीय किशोरी सरिता कहती है कि -कॉलेज में लड़कियां जब अपने अपने गांव के विकास और उन्नत सड़क की वजह से शहर तक कनेक्टिविटी के बारे में बताती हैं तो मैं चुप हो जाती हूं क्योंकि मुझे पता है, मेरे सपनों और उन तक पहुंचने के रास्ते के बीच जो दूरी है, वो सिर्फ किलोमीटर की नहीं, टूटी सड़क के कारण आने वाली बाधाओं की भी है। हममें से कई लड़कियां अपने मन की बात कह भी नहीं पातीं। कहीं कोई सुनेगा भी नहीं क्योंकि सड़क नहीं होने का दुख कोई समझता ही नहीं, जब तक वो खुद उस रास्ते पर न चला हो।

लेकिन अब राजपुरिया गांव की किशोरियां सिर्फ शिक्षा नहीं चाहतीं, बल्कि सम्मान भी चाहती हैं और कभी-कभी सम्मान की पहली शर्त होती है सुरक्षित और बेहतर रास्ता। एक ऐसी पक्की सड़क, जो सिर्फ जमीन पर नहीं, बल्कि किशोरियों के जीवन में एक स्थायित्व और सुरक्षा का मार्ग बन सके। बातें सिर्फ चार दीवारों तक सीमित न रहें, बल्कि पक्की सड़क जैसी मजबूत और साफ होकर दुनिया तक पहुंचें। दरअसल रास्ते का वीरान होना, अंधेरा होना और 'रात को मत निकलो' जैसे वाक्य ये सब किसी इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी से कहीं ज्यादा, महिलाओं को 'घर तक सीमित' रखने वाली सोच का हिस्सा नजर आता है।

अगर पक्की सड़क न होने की वजह से लड़कियां स्कूल नहीं जा पाती हैं, तो यह सिर्फ शिक्षा का मुद्दा नहीं है बल्कि यह उनकी आजादी, पढ़ने का अधिकार और इज्जत से जीने की बात है। सड़क अगर नहीं है, तो इसमें सिर्फ ईंट और बजरी की कमी नहीं है बल्कि उस सोच की कमी भी है जहां लड़कियों के लिए सुरक्षित रास्ता कभी प्राथमिकता में रहा ही नहीं। लेकिन राजपुरिया गांव की लड़कियां अब बोल रही हैं, सवाल कर रही हैं और लिख रही हैं कि उन्हें एक पक्की सड़क के साथ-साथ समाज में एक पक्की सोच भी चाहिए, जो उन्हें एक बराबर का नागरिक माने।

**ममता शर्मा, लूणकरणसर राजस्थान**



## ललित सुरजन की कलम से

### देशबन्धु के साठ साल-7

*'डॉ. जयंत नार्लीकर रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के निमंत्रण पर तीन दिन के लिए रायपुर आ रहे थे। इंग्लैंड से लौटने के बाद उन्होंने विज्ञान के लोकव्यापीकरण को ही अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया था। मैं उनका तब से प्रशंसक था जब वे 1960 के दशक में कैंब्रिज में फ्रेड हॉयल के साथ खगोलशास्त्र पर शोध कर रहे थे और अन्तरराष्ट्रीय ख्याति हासिल कर चुके थे। उनका रायपुर आना हमारे लिए एक बड़ी खबर थी। हमने नार्लीकरजी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर एक पूरे पेज की विशेष सामग्री प्रकाशित की और तीनों दिन उनके व्याख्यानों को प्रमुखता के साथ छापा। इसी समय लगे हाथ उनके अंग्रेजो लेखों को अनुवाद कर छापने की अनुमति भी मांग ली, जो सहर्ष मिल गई।'*

**(देशबन्धु में 22 अगस्त 2019 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2019/08/

## पावन प्रसंग

### ईश्वरप्रदत्त दो उपहार बुद्धि और भावना

प्रत्येक व्यक्ति के पास विधाता ने दो बहुमूल्य एवं खूबसूरत उपहार दिए हैं- बुद्धि एवं भावना। ये दो ऐसी चीजें हैं, जिनके सही उपयोग के आधार पर एक ओर से व्यक्ति सांसारिक जीवन में आशातीत सफलता प्राप्त कर सकता है, तो दूसरी ओर आध्यात्मिक जीवन में विशेष प्रगति कर सकता है। लेकिन इनके साथ दो शर्तें हैं- पहली तो बुद्धि एवं भावना; दोनों का परिष्कृत होना और दूसरी शर्त है-इनका सही सुनियोजन होना। सही सुनियोजन से तात्पर्य है कि जहा पर बुद्धि का प्रयोग होना है, वहां भावना का प्रयोग नहीं होना चाहिए और जहां भावना का प्रयोग जरूरी है, वहां बुद्धि का प्रयोग नहीं होना चाहिए तथा जहां पर दोनों की आवश्यकता है, वहां पर बुद्धि के अनुसार भावना का सही प्रयोग होना चाहिए।

भावना एवं बुद्धि का हमारे जीवन में हर पल उपयोग होता है। इनकी सही समझ न हो पाने के कारण व्यक्ति अपने जीवन में अनेक बहुमूल्य अवसर हाथ से गंवा देता है। भावना जीवन का रस है, तो बुद्धि उस रस का सही उपयोग करने की विधा है। भावनाहीन व्यक्ति तो उस पशु के समान होता है, जिसे मानवीय संवेदना की कोई समझ नहीं होती। ऐसे ही व्यक्ति नर-पिशाच बन जाते हैं और अपने सुख के लिए दूसरों को कष्ट देते हैं।

इस दुनिया की एक खास बात यह है कि हर व्यक्ति दूसरे से कुछ लेना चाहता है, अपना फायदा चाहता है और इस फेर में अपनी बुद्धि को लगाए रहता है। दूसरों से कुछ पाने की चाहत में उसका मन हमेशा रिक्त रहता है और वह एक ऐसे भिखारी की तरह होता है, जो हमेशा मांगता रहता है तथा जिसकी मांग कभी पूरी नहीं होती। वह घोर अतृप्त एवं असंतुष्ट होता है और इसी कारण अपने रिश्तों को भी लंबे समय तक मजबूती के साथ निभा नहीं पाता। उसका जीवन कलह क्लेश का पिटारा बन जाता है।

इसका कारण केवल इतना है कि ऐसी परिस्थिति में भावनाओं का किसी तरह का कोई विकास नहीं हो पाता, दूसरों से मांगने के फेर में उसका मन उस बच्चे के समान ही अपरिपक्व रह जाता है, जो हमेशा दूसरों पर निर्भर रहता है। यदि व्यक्ति को इस भूल को सुधारना है तो उसे बिना मांगे व बिना किसी शर्त के दूसरों को वह देने की आदत बनानी होगी, जिसे वह दूसरों से चाहता है। भावनाओं से युक्त प्यार के साथ एक शर्त यह भी है कि वह बांटने पर बढ़ता है, लेकिन बटोरने पर बिखर जाता है और इस बात का अनुसरण न करते हुए प्यार बटोरने में व्यक्ति अपना सब कुछ गंवाता है और अतृप्ति व अशांति से भर जाता है।

मनोविज्ञान की भाषा में कहें तो व्यक्ति की 90 प्रतिशत जीवन संबंधी समस्याएं साइकोलॉजिकल (मनोवैज्ञानिक) होती हैं; अर्थात मन की समस्याओं से संबंधित। मन की उथल-पुथल, भावनाओं की आंतरिक चुभन, दबाव, घुटन, चिंता, तनाव आदि व्यक्ति को आंतरिक तौर से परेशान करने के साथ-साथ शारीरिक रोगों के रूप में भी उभरते हैं और उसके जीवन में व्यवहार व चिंतन संबंधी विकृतियों को उभार देते हैं। लंबे समय तक इन विकृतियों के बने रहने पर व्यक्ति मनोरोगी हो जाता है। इसके विपरीत सबके प्रति अच्छा भाव रखा जाए, अच्छे कर्म किए जाएं और अपने प्रत्येक कर्म को ईश्वर के प्रति समर्पित किया जाए, क्योंकि उन्हीं की शक्ति व प्रेरणा से व्यक्ति कुछ कर पाता है। ऐसे व्यक्ति का व्यक्तित्व गुणों की खान बनता चला जाता है और अपनी 1 जीवनयात्रा के चरम पर वह संत, महात्मा या है महापुरुष बन जाता है और अपने जीवन से दूसरों के जीवन को भी महकाता है।

वर्तमान समय में समाज जिन बुराइयों के घेरे में बंधा है, उनमें से एक नशे की प्रवृत्ति है। हमारे समाज की इस बुराई की वजह से युवाशक्ति का बुरी तरह क्षरण होता जा रहा है। नशे की वृत्ति व्यक्ति को अंदर से खोखला करती जाती है और उसे मृत्यु की तरफ ले देता है।

**-युग निर्माण योजना**

# हाईकोर्ट जज की संख्या 85 करने भेजा है प्रस्ताव : चीफ जस्टिस कैत

## विदाई समारोह में कहा भावुक होते हुए कहा मैं हूं खुली किताब



**जबलपुर, देशबन्धु।** विदाई समारोह में चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने कहा है मध्य प्रदेश आने के पहले वह सिर्फ वह हाईकोर्ट में पदस्थ सिर्फ तीन जजों को जानते थे। जस्टिस विशाल धगट को व्यक्तिगत रूप से जानते थे और दो जजों को यूट्यूब के माध्यम से जानते थे। यह दोनों जज कौन है इस संबंध में आप जानते है। आज मैं सभी जजों को जानता हुँ और वह मुझे भी जानते है,मैं खुली किताब हुँ।

उन्होंने कहा है प्रदेश हाईकोर्ट में कुल जजों की संख्या 53 निर्धारित है और वर्तमान में 33 जजों की पदस्थापना है। मैंने 32 जजों के पद बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा है और प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में जजों की संख्या 85 हो जायेगी। उन्होंने कहा है फुल कोर्ट मीटिंग ने लोअर ज्यूडिशियरी में चयन के लिए एलएलबी में 70 प्रतिशत अंक तथा तीन साल के अनुभव की अनिवार्यता को समाप्त करने का निर्णय लिया है। सरकारी कॉलेज में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करना कठिन कार्य है। प्राइवेट कॉलेज में इससे अधिक अंक प्राप्त कर सकते। योग्य व होनहार व्यक्ति के टैलेंट का सही उपयोग हो सके, इसलिए उक्त निर्णय लिया गया है।

उन्होने कहा है कि इंदौर जिला एवं सत्र न्यायालय की नयी बिल्डिंग निर्माण के संबंध में दायर तीन याचिकाओं को उन्होंने सुनवाई के लिए मुख्य पीठ जबलपुर बुलाया था। जिससे नयी बिल्डिंग के निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके जो संस्थान के लिए हितकारी था। तीन याचिका का निराकरण करते हुए बिल्डिंग का कार्य प्रारंभ हुआ। प्रदेश के न्यायालय में चल रहे प्रोजेक्ट के संबंध में वह रजिस्ट्रार जनरल से जानकारी प्राप्त करते थे। अधिकांश प्रोजेक्ट पूर्ण हो गये है या पूर्ण होने की स्थिति में है। इंदौर जिला न्यायालय की बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी दो शिफ्ट में जारी है।

चीफ जस्टिस ने कहा कि वह जिस गांव में पढे उनका नाम गूगल में सर्च करने पर ऑस्ट्रेलिया में बताया है। उनका गांव में आठ तालाब व एक नहर है। जिस स्कूल में कमरे कम थे दसवीं तक पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ाई की। दिल्ली सेन्ड्रल लॉ यूनिवर्सिटी में दाखिला पाना उनके परिवार के लिए गर्व की बात थी। उन्हें दिल्ली की पटियाला कोर्ट में अधिवक्ता वतन सिंह के मार्गदर्शन में वकालत प्रारंभ की। हाईकोर्ट में वह तत्कालीन सांसद रामनाथ कोविंद के लिए उपस्थित हुए थे।

उन्होंने कहा कि देश में पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के बेटे ने भी उनके साथ हाईकोर्ट जज के रूप में शपथ ली थी। वह किसान परिवार से आते थे। यह भारतीय संविधान की खूबसूरती है जो लोगों को सामान्यता का अधिकार प्रदान करती है। डॉ अम्बेडकर ने संविधान में देश के सभी नागरिकों को यह अधिकार प्रदान किया है। उन्होंने कहा की उनके परिवार के सभी सदस्य सामान्यता पर विश्वास रखते है। उनके परिवार के 18 सदस्यों ने लव मैरिज की है।

### भावुक भाषण के साथ गीत गाकर बांधा समा

सीजे सुरेश कुमार कैत ने अपने भावुक विदाई भाषण के साथ अधिवक्ता समुदाय की फरमाइश भी पूरी की। उन्होंने जब मंच से "तोरे नैना बड़े दगाबाज रे" और मोहम्मद रफी का गीत "फिरकी वाली तू कल फिर आना" गीत गाया तो सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अपने कठोर व्यक्तित्व के लिए जाने जाने वाले चीफ जस्टिस का ये अंदाज देख सभागार में मौजूद अन्य जज व अधिवक्ता रोमांच व आश्चर्य से भर गए। इसके बाद अधिवक्ताओं ने भी गीत के बोलों को दोहराकर चीफ जस्टिस का साथ दिया।

# नहीं रूक रहा अमानक पॉलिथिन का उपयोग

## सब्जी के ठेलों से लेकर किराना, फास्टफूड, होटलों में हो धड़ल्ले से हो रहा इस्तेमाल, कार्यवाही नदारद

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहर में एक बार फिर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बढ़ने लगा है, प्लास्टि कैरीबेग के उपयोग पर सरकार रोक महज़ एक आदेश बनकर रह गया है। न तो प्रशासन इसे रोकने के लिए कड़ी कार्यवाही कर रहा है जाती है।

अमानक पॉलिथिन का बढ़ता उपयोग पर्यावरण के लिए घातक है, यही वजह है कि इसके उपयोग पर रोक लगायी गई है लेकिन कुछ दिन कार्यवाही के चलते इसका चलन बंद सा हो गया था।




और न ही जागरूकता के अभाव में लोग इसका उपयोग करने से बाज आ रहे हैं। नतीजन शहर में प्रतिबंधित पॉलिथिन बेगों का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। विशेषकर सब्जी के ठेलों, किराना दुकानों, फास्टफूड व होटलों में भी इसका इस्तेमाल फिर से शुरू हो गया है।

पॉलिथिन के इस बढ़ते उपयोग से न सिर्फ प्रदूषण बढ़ने का खतरा बढ़ता जा रहा है बल्कि इसका खामियाजा बेजुबान पशुओं को भी झेलना पड़ रहा है।

दरअसल पॉलिथिन अपाच्य होती है, जब मवेशी इसे खाता है तो वह इसके पेट में एकत्रित हो जाती है और अंत में मवेशी की मौत भी इसकी वजह से हो किन्तु कार्यवाही के अभाव में पुन: अमानक पॉलिथिन का उपयोग होने लगा है।

सूत्रों का कहना है कि शहर में अमानक पॉलिथिन की बड़ी खेप खपाई जा रही है, इसकी आवक दूसरे जिलों से हो रही है। यदि कार्यवाही का सिलसिला पुन: शुरू नहीं हुआ तो अमानक पॉलिथिन का उपयोग बढ़ता जाएगा, जो पर्यावरण और मवेशियों के लिहाज से उचित नहीं है।

# भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने जारी विज्ञप्ति में बताया की भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर 21 मई बुधवार को प्रात: 9.30 बजे राजीव गांधी चौक, नौदरा ब्रिज पर शहर कांग्रेस कमेटी, जबलपुर द्वारा पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में स्व. राजीव गांधी के सपनों के भारत, आधुनिक तकनीकी युग की नींव और लोकतांत्रिक मूल्यों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने समस्त कांग्रेसजन, युवा साथियों, पदाधिकारियों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर उपस्थित होकर स्व. राजीव गांधी जी को श्रद्धासुमन अर्पित करें और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लें।

# जरूरतमंदों को घरेलू सामग्री का वितरण




**जबलपुर, देशबन्धु।** जरूरत मंदों की सेवा मे सदैव तत्पर जायँट्स हेल्पिंग एसोसिएशन द्वारा गढ़ा, हरदोल निवासी जरूरत मंद राज कुमार कोष्टा की सुपुत्री के विवाह में उनके द्वारा चाही गई सामग्री, खाद्यान सामग्री, साड़िया, श्रृंगार सामग्री इत्यादि के साथ ही बिटिया को नगद राशि भी भेंट की गईं।

कार्यक्रम को सफल बनाने ग्रुप की सेवामयी सदस्य पूजा कोष्टा, अनीता वरदेय, अरविन्द पटेल,राजेश सोनी, राजेंद्र वर्मा,मगन भाई पटेल, अशोक मनोध्या, कन्या की माँ इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालक एसोसिएशन की सचिव दीपा पटेल एवं आभार सुरेंद्र वर्देय ने किया।






**जबलपुर, देशबन्धु।** गजाजन सोसायटी की रत्नमाला राव ने निमंत्रण पत्र, दवाई के पत्ते, एप्पल नेट कवर, गत्ते, न्यूज पेपर आदि ने एक दिन में वेस्ट मटेरियल से 53 कलाकृतियों को बनाया और अपना नाम लिम्का बुक रिकार्ड में दर्ज कराया।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मातृ शक्ति ने निकाली सिंदूर यात्रा



**जबलपुर, देशबन्धु।** देश की सुरक्षा में पुरुषो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर महिलाए खड़ी है, और हमारी मातृ शक्ति के होते हुए न तो आतंकवादी और न ही देश के दुश्मन हमारा कुछ बिगाड़ सकते है यह हमने कुछ दिनों पूर्व आतंकवाद के खिलाफ हुए ऑपरेशन सिंदूर में देखा और और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में महिला सैनिकों के योगदान को लेकर ही आज मातृ शक्ति द्वारा सिंदूर यात्रा निकाली गई है, यह बात राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी ने मातृ शक्ति के द्वारा निकाली गई सिंदूर यात्रा के दौरान कही।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जबलपुर महानगर में मातृ शक्ति द्वारा संत ज्ञानेश्वरी दीदी के सानिध्य और राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी के नेतृत्व में शहीद भगत सिंह चौक (कटंगा चौक) से तिरंगा यात्रा निकाली गई जो गोरखपुर बाजार होते हुए आद्य शंकराचार्य चौक (छोटी लाइन फाटक) पहुंची जहां सभी महिलाओ ने हाथो मे तिरंगा ध्वज लिए भारतमाता की जय, वंदे मातरम्, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारों के साथ मातृ शक्ति ने प्रचंड उद्घोष किया।

सिंदूर यात्रा में भारतमाता, अखंड भारत, कर्नल सोफिया कुरेशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह के वृहत चित्रों के साथ जानकी बैंड की बहिनों ने देश भक्ति के चलित गीतों की प्रस्तुति दी।

राज्यसभा सांसद वाल्मिकी ने इस अवसर पर कहा हमारी देश की सेना ने पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद को पस्त किया है। पहलगाम आतंकी हमले में हमारी बहनों का सिंदूर उजाडने वाले आतंकियों को भारत ने अपनी भाषा में जवाब दिया है। हमारी सेनाओं ने इसके पूर्व भी उरी, पुलवामा और अब पहलगांव में हुई आतंकवादी घटनाओं का घर में घुसकर जवाब दिया है और हमारे देश के नेतृत्व ने दुनिया को बता दिया है कि भारत अब आतंकवाद को बर्दशात नही करेगा और जो भी आतंकवाद को बढ़ावा देगा वह हमारा दुश्मन होगा और इसका परिणाम उन्हे भी भुगतना होगा।

# कई माह से फ्लाई ओव्हर लोकार्पण के इंतजार में

देशबन्धु पड़ताल



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार और केद्र सरकार के योगदान से नगर में करीब सात किलोमीटर लंबा फ्लाई ओव्हर बनकर तैयार है। अंतिम चरण में स्ट्रीट लाईट एवं अन्य तरह के कुछ काम बाकी हैं, जिन्हें भी पूरा करने के लिये विभाग जुटा हुआ है। इसे बनने में लगभग साढ़े चार साल लग गये हैं। लोकार्पण के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से समय लेने का प्रयास किया जा रहा है। बड़ी योजना के तहत इसे बनाया गया इसीलिये पीएम मोदी के करकमलों से फ्लाई ओव्हर का शुभारंभ कराने की कवायद की

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से जनता को समर्पित कराने प्रदेश सरकार के नुमाइंदे सक्रिय

जा रही है। अब तक प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा हरी झंडी नहीं दी गई है। हालांकि मदन महल के दशमेश द्वार वाला हिस्सा पूर्व में जनता के लिये खोल दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि शहर में वाहनों की संख्या बढ़ने से दमोहनाका से मदन महल की तरफ जाने वाली सड़क में आये दिन जाम लग रहा था, इसी को देखते हुये दमोहनाका से मदनमहल के बीच करीब सात किलोमीटर लंबा फ्लाई ओव्हर बनाया गया। इसे केंद्रीय सड़क परिवहन और प्रदेश के लोकनिर्माण विभाग द्वारा तैयार किया गया है।

### अभी रंग-रंगोन का काम अंतिम चरण में

मिली जानकारी के अनुसार गोहलपुर और दीनदयाल चौक की तरफ से फ्लाई ओव्हर का सिरा शुरू होता है। इसका नब्बे फीसदी हिस्सा बन गया है। मामूली काम बाकी हैं, जिन्हें पूरा करने ठेका कंपनी जुटी हुई है।

### साईड की सड़क और रोटरी का एक हिस्सा बचा

यहां पर दमोहनाका के समीप साईड रोड का हिस्सा बन रहा है, जिसे पूरा करने के लिये अब रात में भी काम किया जा रहा है। दमोहनाका चौक पर बनी रोटरी का काम अंतिम चरण मे हैं। इसमें अब तक एक हजार करोड़ रूपये खर्च हो गये हैं।

# लक्ष्य 2.77 प्रतिशत के मुकाबले हासिल किया 2.60 प्रतिशत पारेषण हानि

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश ने विद्युत पारेषण क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पारेषण हानि (ट्रांसमिशन लॉस) को ऐतिहासिक रूप से न्यूनतम स्तर तक लाने में सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि विद्युत कर्मियों की तकनीकी दक्षता, सतत निगरानी, उन्नत प्रबंधन प्रणाली और अत्याधुनिक तकनीकी उपायों के समन्वय से संभव हो सकी है।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित 2.77 प्रतिशत लक्ष्य की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में पारेषण हानि को घटाकर 2.60 प्रतिशत तक लाया गया है जो राज्य की विद्युत कंपनियों की कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह प्रदर्शन पिछले दो वर्षों की तुलना में भी उल्लेखनीय सुधार है। वर्ष 2022-23 और 2023-24 में पारेषण हानि 2.61 प्रतिशत थी, जबकि वर्ष 2024-25 में इसमें 0.01 प्रतिशत की और गिरावट दर्ज की गई है।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती पर 10 दिवसीय कार्यक्रमों का शुभारम्भ आज से



**जबलपुर, देशबन्धु।** लोकमाता पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर जी की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 21 मई से 31 मई तक 10 दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ कल 21 मई बुधवार से होगा। जिसमें महिला प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन कल शाम 4 बजे भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में किया गया है।

महिला प्रतिनिधि सम्मेलन को मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस संबोधित करेगी। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर करेंगे साथ ही सभी जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ जन शामिल होंगे।

महिला प्रतिनिधि सम्मेलन में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन व्यक्तित्व एवं कृतित्व से संबंधित प्रियदर्शिनी का उद्घाटन भाजपा कार्यालय में श्रीमती चिटनिस के द्वारा किया जाएगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने अपेक्षित मातृशक्ति से उपस्थित की अपील की है।

# चुनाव आपत्तिओं का निराकरण 22 मई 2025 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** संभागीय कुशवाहा समाज द्वारा विगत 12 मई 2025 से चुनाव प्रक्रिया का शुभारंभ निर्वाचन कार्यालय कुशवाहा धाम ग्वारीघाट में प्रारंभ किया जिसमें 20 मई 2025 समय 1.00 बजे तक मतदाता सूची पर आपत्तियों आमंत्रित की गई थीं। दिनांक 22 मई 2025 चुनाव कार्यालय ग्वारीघाट में समय 11.00 बजे से 1.00 बजे तक आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा। संबंधित सदस्यों से उपस्थिति की अपील की जाती है 23 मई से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी।

# शोध एवं प्रकाशन का समझौता



**जबलपुर, देशबन्धु।** इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस एण्ड मैनेजमेंट स्टूडीज (एस.एस.एम.डब्ल्यू.ए) एवं महाकौशल विश्वविद्यालय के बीच शोध, जर्नल, संगोष्ठी, वर्कशॉप आदि के लिए महाकौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर.सी. मिश्रा एवं इंस्टीटयूट ऑफ सोशल साइंस एण्ड मैनेजमेंट स्टूडीज के निदेशक ब्रजेश उइके के द्वारा एमओयू किया गया। जिसका लाभ दोनो ही संस्था को मिलेगा। आदान प्रदान कार्यक्रम, शैक्षणिक समर्थन आदि कार्यक्रमों से छात्र, शोधार्थी एवं प्राध्यापक को भी लाभ होगा। उक्त अवसर पर महाकौशल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनिल तिवारी, आई.एस.एस.एम. एस. के पूर्व निदेशक डॉ. डी. विश्वकर्मा, महाकौशल विश्वविद्यालय के कुलसचिव ए.एच. सारस्वत आदि उपस्थित थे।

आई.एस.एस.एम.एस. संस्था के द्वारा शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। 347 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी / सेमिनार, कार्यशाला, एफ.डी.पी. (संकाय विकास कार्यक्रम) किया जा चुका है। आज संस्था देश के सभी राज्यों में काम करती है और इंटरनेशनल सोशल साइंस एंड मैनेजमेंट वेलफेयर एसोसिएशन दुनिया के 44 देशों में काम करती है। संस्था के पास 3 अंतर्राष्ट्रीय एवं 1 राष्ट्रीय शोध जर्नल भी है। जो एस.आर.एफ. पब्लिकेशन के सहयोग से आई.एस.एस.एन. शोध जर्नल एवं आई.एस.बी.एन. पुस्तक का प्रकाशन किया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य नये-नये अविष्कार एवं शोध के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में प्रगति लाना है। संस्था का प्रमुख कार्यालय जबलपुर में है, और अन्य शाखाएं भोपाल एवं दिल्ली में भी हैं।

# शहर के पांचों प्रवेश मार्गो का सौन्दर्यीकरण के कार्य का हुआ शुभारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** देश के दूसरे और प्रदेश के प्रथम स्वच्छ वायु सिटी को और उत्तम बनाने नगर निगम और महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने एक बड़ी पहल शुरू की है। 10 करोड़ रूपये की लागत से शहर में प्लांटेशन के साथ-साथ शहर के प्रमुख स्थानों पर ब्यूटीफिकेशन के कार्य जिसमें रॉकरी, फाउंटेन, लैण्ड स्कैपिंग, ग्रीन वॉल के अलावा अन्य कार्य किये जायेगें। इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य एवं विभाग प्रभारी विवेकराम सोनकर, एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी, पार्षद श्रीमती रजनी सुरेन्द्र साहू, क्षेत्रीय नागरिक आशीष राव आदि के साथ सौन्दर्यीकरण के कार्यो का भूमिपूजन करते हुए बताया कि आज का दिन पर्यावरण, स्वच्छ वायु और शहर सौन्दर्यीकरण के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

महापौर ने यह भी बताया कि अब संस्कारधानी में हवाई जहाज से यात्रा कर डुमना रोड़ से शहर आने वाले लोगों को भी फूलों की महक के साथ-साथ बहुत सुन्दर खूबसूरती दिखाई देगी। उन्होंने इसके लिए आज से कार्यो को प्रारंभ करा दिया है।

भूमिपूजन के मौके पर केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने कहा कि केन्ट विधानसभा क्षेत्र में 2 करोड़ रूपये की राशि से पर्यावरण को बेहतर बनाने की दिशा में सौन्दर्यीकरण के कार्य कराकर यहाँ के नागरिकों को स्वच्छ वायु में रहने की सौगात दी जायेगी। इसके लिए उन्होंने नगर निगम प्रशासन को शुभकामनाएँ दी।

भूमिपूजन के मौके पर सभी जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला एवं उनकी टीम के अन्य सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा लगातार शहर सौन्दर्यीकरण के साथ-साथ शहर विकास के लिए तेजी से कार्य कराये जा रहे हैं और नागरिकों के लिए बुनियादी सुविधाओं में भी विस्तारीकरण कर बढ़ोत्तरी की जा रही है। इसी श्रृंखला में नगर निगम द्वारा सिटी ब्यूटीफिकेशन और स्वच्छ वायु सिटी का खिताब बरकरार रखने की पहल की गई है।

**आज की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 16 प्रकरण-** जनसुनवाई कक्ष में 20 मई को प्रात: 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान भवन शाखा की 3, अतिक्रमण की 4, स्थापना की 2, पी.एम.ए.व्हाय. की 2, स्वास्थ्य की 4 एवं 1 संभागीय स्तर से संबंधित कुल 16 जनसमस्याएँ प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया।

# बुजुर्ग से वसूला अनाप-शनाप बिल और किया शैल्बी हॉस्पिटल ने



**जबलपुर, देशबन्धु।** विजय नगर निवासी प्रसन्न कुमार जैन को सड़क पर गिरने के कारण कंधे पर चोट लगी थी, जिसके इलाज़ के लिए वो 30 मार्च 2025 को शैल्बी हॉस्पिटल गए थे, जहां डॉ. सावला ने एक्सरे देखकर दाएं कंधे में ज्वाइंट डिस्लोकेशन बताया, तथा कंधे में दो बेल्ट लगाए, इसका कुल बिल 41566, प्रसन्न कुमार से वसूला गया, जो की बहुत ज्यादा है, ऐसा प्रसन्न कुमार जैन का कहना है। तथा 3 अप्रैल को बेल्ट निकाल दिए, तथा प्रिस्क्रिप्शन में एक्सरे, और फिजियोथेरेपी लिखा, लेकिन मुझे कुछ नहीं बताया। 14 अप्रैल को जब मैं हॉस्पिटल गया तो डॉ. सावला ने एक्सरे रिपोर्ट मांगी मैंने कहा आपने कुछ बताया नहीं, और प्रिस्क्रिप्शन में जो लिखा है , उसे कोई पढ़ नहीं पा रहा, मैने कहा हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं की डॉ. ऐसी भाषा में लिखें जिसे पढ़ा जा सके। तो उन्होंने कहा दिल्ली जाओ प्रधानमंत्री के पास, तथा उनके कर्मचारी रामू ने धकियाते हुए कमरे से बाहर कर दिया। शैल्बी प्रशासन को बुजुर्गों के प्रति दुर्व्यवहार के दंड मिले तथा मुझसे जो अधिक पैसा लिया गया है, उसे वापस दिलाया जाए। मामला जन सुनवाई का है।

## शानो-शौकत से निकला शाही संदल जुलूस, हिंदू-मुस्लिम एकता का अनूठा संदेश देखने मिला



**जबलपुर, देशबन्धु।** हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबा साहब का शाही संदल जुलूस दोपहर 4 बजे नया मोहल्ला स्थित मरहूम चाँद खाँ के मकान से परंपरानुसार पूरे जोश और शानो-शौकत के साथ रवाना हुआ। संस्कारधानी में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले इस मशहूर संदल जुलूस की कयादत सज्जादानशीन बाबर खां बंदानवाजी एवं खादिम ए आला चंगेज खान अशरफी ने किया।

इस बार संदल जुलूस ने एक बार फिर संस्कारधानी की गंगा-जमुनी तहज़ीब और एकता की अनूठी मिसाल पेश की। जुलूस में राधेश्याम गुप्ता, कवि तिवारी (बालाघाट), रमेश जेतवार, फहीम सिद्दीकी, दिलीप सिंह ठाकुर, कांतिलाल गुप्ता (पचमढ़ी), मोहम्मद इस्माईल बाबा (नागपुर), नफीस मिस्त्री (कटनी), नरेश मलिक, बंटी मंसूरी, शिवम, वन्स खनेजा, अमर भाई सहित प्रदेश व शहर के सभी धर्मों के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

जो शांति और सद्भावना का संदेश दे रहे थे। बैंड बाजा,भांगड़ा और सजी हुई बग्गियां जुलूस की रौनक बढ़ा रही थीं। शहनाई वादक नातिया धुनें पेश कर रहे थे, जिससे माहौल में और भी रूहानियत घुल रही थी। अकीदतमंद कव्वालों पर नज़राना पेश कर रहे थे। लगभग 1 किलोमीटर लंबा यह शाही जुलूस बड़ी ओमती, छोटी ओमती, पेशकारी और तहसील होते हुए दरगाह शरीफ पहुँचा, जहाँ मज़ार शरीफ़ पर चादर पोशी की गई। नज़रों-नयाज के उपरांत लंगर तबर्रुक का वितरण किया गया।

**मलंगों का हैरतअंगेज़ प्रदर्शन** - जुलूस में शामिल मलंग भी जन आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे। नागपुर के मशहूर कोड़े बरसाने वाले मलंग हज़रात जब लहराते हुए कोड़े अपने जिस्म पर फटकारते, तो लोग रोमांचित हो जाते।

**आज रात कव्वाली का एहतमाम** - आज रात्रि 10 बजे कव्वाल जनाब नदीम जाफर और इकबाल वारसी (जयपुर) की कव्वाली का भव्य एहतेमाम दरगाह शरीफ़ में किया गया है। सज्जादानशीन बाबर खाँ बंदानवाजी व खादिम ए आला चंगेज़ खान अशरफी ने सभी अकीदतमंदों से शिरकत फरमाने की गुजारिश की है

## छात्रों के लिए प्रेरणा है अहिल्या देवी का जीवन

**जबलपुर, देशबन्धु।** साइंस कॉलेज जबलपुर गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में देवी अहिल्या की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. पीएल अहिरवार ने कहा कि अहिल्याबाई का जीवन अद्वितीय पराक्रम, रणनीतिक कुशलता, न्यायपूर्ण एवं पक्षपात रहित प्रशासन, नारी सम्मान, प्रखर हिंदुत्व जैसी कई विशेषताओं से परिपूर्ण रहा है। वह भारत के तीर्थ मंदिर व सांस्कृतिक विरासत की संरक्षिका थी। उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणास्पद है। जयंती विशेष पर स्टूडेंट्स के लिए देवी अहिल्या के जीवन पर आधारित

ऑनलाइन क्विज और निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। आयोजन में प्राचार्य डॉ. ए एल महोबिया, प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. ज्ञानेश पांडे, डॉ. आकांक्षा चौरसिया, निबंध प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. मनोज पांडे, डॉ. प्रीति पांडे, डॉ. सुमन प्रभाकर, डॉ. रचना सांचा का सहयोग रहा।

## नवरंग का नृत्य शिविर संपन्न




**जबलपुर, देशबन्धु।** नवरंग कथक कला केंद्र के तत्वावधान में नृत्य निर्देशक मोती शिवहरे के संयोजन में शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय शैली के नृत्यों के15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन गायत्री विद्या मंदिर स्कूल साकेत नगर में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि साहित्यकार राजेश पाठक प्रवीण थे।अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी, शिक्षाविद रामचंद्र विश्वकर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती मीना विश्वकर्मा प्राचार्य एवं कलागुरु नवीन दोशल्य थे।सारस्वत अतिथि,92 वर्षीय वरिष्ठ समाजसेवी भजनलाल महोबिया ने मंच पर नृत्य की झलक प्रस्तुत कर सबको हतप्रभ कर दिया। कलासाधक मयंक विश्वकर्मा ने नृत्य और संगीत के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि राजेश पाठक प्रवीण ने कहा कि शास्त्री नृत्य हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। शास्त्रीय नृत्य के ज्ञान से जीवन में ऊर्जा के साथ स्थिरता मिलती है। अध्यक्षता कर रहे रामचंद्र केवट ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही किसी न किसी कला से जोड़ना आवश्यक है।इस अवसर पर प्रशिक्षु बच्चों ने विविध नृत्यों की झलकियां प्रस्तुत कर सबको मोहित कर दिया। समापन अवसर पर अतिथियों ने बच्चों को प्रतीक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। संचालन कर रहे मोती शोवहरे ने कहा की 15 दिवसीय प्रशिक्षण की सफलता के उपरांत अब नियमित शास्त्रीय नृत्य कला की कक्षाएं प्रारंभ की जाएगी।संचालन नृत्य गुरु मोती शिवहरे एवं आभार सारंग शिवहरे ने किया।

## 'वायु अग्निवीर युवाओं के लिए देशसेवा करने का सुनहरा अवसर है'

**जबलपुर, देशबन्धु।** अग्निवीर योजना से जुड़ना हर युवा के लिए गौरव की बात है, क्योंकि इससे जहां उन्हें देशसेवा करने का अवसर मिल रहा है, वहीं उन्हें भारतीय सैनिक की उपाधि भी मिलती है। योजना से जुड़ी प्रक्रिया, भर्ती और जानकारी युवाओं को दी गई। मंगलवार को पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत अग्निवीर वायु विषय पर सेमिनार आयोजित हुआ। आयोजन के मुख्य वक्ता भोपाल से आए एयरफोर्स विंग कमाण्डर पारस अग्रवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने की। उन्होंने अग्निवीर वायु सेना भर्ती अधिसूचना, पदों की जानकारी, अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रकिया समझाई।

### प्रजेंटेशन में समझाया वायु सेना का महत्व

आयोजन में कैडेट्स को वायु सेना का महत्व समझाया गया। इसके साथ ही उन्हें अग्निवीर भर्ती से जुड़ने का आवेदन शुल्क, शारीरिक योग्यता, ऑनलाइन लिखित परीक्षा एवं मेडीकल सत्यापन की जानकारी पावर पॉइंट के जरिए दी गई। आयोजन में संभागीय नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल, रोजगार कार्यालय से एमएस मरकाम, वायु सेना से सार्जन्ट डीएस मराठे सार्जट, राजू राजपूत, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. मीनाक्षी मरावी, डॉ. नीलिमा, डॉ. सुनीता सिंह मौजूद रहीं।

## इंटरनेशनल टी डे-इनोवेशन ने बढ़ाए टी-लवर्स

**जबलपुर, देशबन्धु।** चाय...चाय... चाय...एक गरमागरम कप चाय इमरजेंसी दवा का काम करती है। चाय की तलब वह ही समझ सकता है तो इसके दीवाने हैं। एक कप चाय जैसे दिनभर की थकान मिटा देती है। खुद को रिफ्रैश करना हो या फिर थकान मिटानी हो। इन सभी जरूरतों में चाय काम करती है। सीजन चाहे कोई भी हो चाय के दीवानगी कम नहीं होती। यही कारण है कि शहर में लगातार चाय के स्वाद को लेकर इनोवेशन हो रहे हैं।

**रिफ्रेशमेंट का डोज है-** शहरवासियों का कहना है कि चाय उनके लिए रिफ्रेंशमेंट का डोज है। यह एनर्जेटिक बनाती है। थकान दूर करने से लेकर एनर्जी देने का काम चाय करती है। असर यह है कि टी लवर्स के बीच चाय की डिमांड सिर्फ बरसात और ठंड में नहीं, बल्कि गर्मी में भी बनी रहती है। चाय के टेस्ट में होने वाले इनोवेशन के कारण शहरवासी हर सीजन चाय का टेस्ट ले रहे हैं।



**ग्रीन टी के दीवाने यूथ-** वेट लॉस और फिटनेस फ्रेंडली यूथ ग्रीन टी के शौकीन हो चुके हैं। ग्रीन टी फैट बर्निंग, लो कैलोरी टी, कोलेस्ट्रॉल से दूरी और एंटी एजिन के फायदों के लिए पसंद की जा रही है। लोगों को कहना है कि ग्रीन टी मेटाबॉलिज्म सुधारती है, वहीं चाय का रिफ्रेशमेंट भी मिल जाता है।

**कैफीन से मिलती एनर्जी-** डाइट एक्सपर्ट शिवा सक्सेना ने बताया कि चाय में मौजूद कैफीन एनर्जी बढ़ाता है। वहीं चाय के एंटी बैक्टीरियल गुण माइंड रिफ्रेश करते हैं। चाय के फ्लोराइड बोन्स मजबूत करते हैं, लेकिन दिनभर में तीन कप चाय पीना की रूटीन का टार्गेट होना चाहिए। गर्मी में लेमन ग्रास, मिंटी ग्रीन, सौंफ चाय की डिमांड बढ़ जाती है। एंटीऑक्सीडेंट्स वाली ग्रीन टी से कोलेस्ट्रॉल दूर हो रहा है।

## जो प्रभु का चिन्तन करें उसकी चिंन्ता स्वयं प्रभु करते हैं



**जबलपुर, देशबन्धु।** भक्ति मार्ग में आज्ञा है कि जो प्रभु को समर्पित हैं वे कभी चिन्ता न करें। प्रभु को निवेदित हो जाने के बाद यदि चिन्ता रहे तो भरोसा कहाँ रहा। भरोसा नहीं तो फिर भजन कैसे । बिना विश्वास के कभी भजन होता है भक्ति होती है एक प्रसंग है- एक बार एक आदमी बैलगाड़ी में यात्रा कर रहा था। बैलगाड़ी में बैठने से पहले उसने अपने सर पर भारी बोझ उठा रखा था किन्तु गाड़ी में बैठने के बाद भी उसने यह बोझ अपने सर पर ही रखा। बैलगाड़ी वाले ने कहा कि भाई। बोझ नीचे रख दो, और आराम से बैठौ।

## सिलेबस में एआइ डीप लर्निंग प्रोग्राम सीखेंगे छात्र व शोधार्थी

**जबलपुर,देशबन्धु।** ट्रिपल आइटी डीएम में डीप लर्निंग समर स्कूल की शुरुआत हुई। इसका शीर्षक डीप लर्निंग: एआई के भविष्य का निर्माण का विषय रखा गया है। चार सप्ताह के इस डीप लर्निंग प्रोग्राम में 85 घंटे का सिलेबस निर्धारित किया गया है। इसमें हर दिन 2 घंटे सैद्धांतिक और 2 घंटे प्रायोगिक सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। शिक्षण विषयों में डीप लर्निंग की मूल बातें, लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स, जनरेटिव एआई, चैट जीपीटी, डिफ्यूजन मॉडल्स, एक्सप्लेनबल एआई जैसे एडवांस सब्जेक्ट शामिल हैं। इस प्रोग्राम में देश के विभिन्न संस्थानों और उद्योगों से 550 प्रोफेसर, शोधकर्ता, छात्र, आइटी एक्सपर्ट ने पार्टिसिपेट किया। मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि डॉ. गोपीचंद कटरगड्डा ने भारत को वैश्विक इंटेलिजेंस केंद्र बनाने और एम. बालासुब्रमण्यम ने देश को एआइ नवाचार का लीडर बताया।

### 35 एक्सपर्ट्स की बनाई पैनल

डीप लर्निंग प्रोग्राम के लिए देश की टॉप आइ आइ टीज, एनआइटीज, आइआइआइटी और विश्व स्तरीय कम्पनीज से 35 विशेषज्ञों की टीम तैयार की गई है। प्रोग्राम में इवेल्यूएशन के लिए क्विज और असाइनमेंट रखे हुए हैं, जिसके टॉप 5 प्रतिभागियों को इंटर्नशिप और भर्ती के मौके दिए जाएंगे।

### मशीन लर्निंग की भूमिका

उद्घाटन समारोह में संस्थान निदेशक एवं मुख्य संरक्षक प्रो. भारतेन्दु कुमार सिंह ने एआइ और मशीन लर्निंग की 21वीं सदी में भूमिका विषय पर वक्तव्‍य दिया। संयोजक डॉ. राकेश कुमार सनोडिया ने कार्यक्रम की संरचना और प्रशिक्षण की रुपरेखा समझाई। विशेष आमंत्रित अतिथि प्रो. अपराजिता ओझा ने एआइ पाठ्यक्रम के समावेशन की व्याख्या कर मशीन लर्निंग के मूल सिद्धांतों को सरल भाषा में स्पष्ट किया। डीन प्रो. प्रीति खन्ना ने शोध उपलब्धियों की व्याख्या की। प्रो. अतुल गुप्ता ने बताया कि एआइ ने कंप्यूटर विज्ञान के हर क्षेत्र को किस तरह प्रभावित किया है। सहसंयोजन डॉ. रंजीत कुमार रंजन ने संचालन किया।

## दैनिक राशिफल

**बुधवार 21 मई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। जेष्ठ कृष्ण पक्ष की नवमी, नक्षत्र-शतभिषा।**

**मेष** - आज दिन शुभ रहेगा। आप स्नेहीजनों, आत्मीयजनों एवं मित्रों के साथ सामाजिक कामों में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की ओर से लाभ होगा एवं उनके पीछे धन भी खर्च होगा।

**वृषभ** - आज आपका दिन अच्छा गुजरेगा। आज आप नए कामों का आयोजन कर पाएंगे। नौकरी करने वालों एवं प्रोफेशनल्स के लिए दिन अच्छा है। नौकरीपेशा लोगों पर अधिकारियों की कृपादृष्टि रहेगी।

**मिथुन** - समय आपके अनुकूल नहीं होने के कारण आपके काम पूरे होने में देर होगी। आपके शरीर में थकान का अनुभव रहेगा। किसी तकलीफ से परेशान हो सकते हैं। (क-190-145)

**कर्क** - नकारात्मक मानसिकता के कारण आज निराशा अनुभव करेंगे। बाहर खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होने की आशंका बनी रहेगी। आपके गरम मिजाज पर अंकुश रखना होगा। परिजनों के साथ भी मतभेद हो सकता है।

**सिंह** - पति- पत्नी के बीच मामूली कारणों को लेकर मतभेद हो सकता है। जीवनसाथी का स्वास्थ्य चिंता का कारण होगा। सांसारिक विषयों में आपका मन नहीं लगेगा।

**कन्या** - आपका तन-मन स्वस्थ रहेगा। घर में सुख- शांति का वातावरण रहेगा। आपको खुशी, वित्तीय लाभ तथा कार्य में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में भी अच्छा लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

**तुला** - आज आप अपनी सृजनशीलता और कल्पनाओं का बहुत अच्छी तरह उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति से खुशी का अनुभव करेंगे। किसी बात का अत्यधिक विचार करने से मन उदास रह सकता है।

वृश्चिक - **आज आप तन-मन से अस्वस्थता महसूस करेंगे। छोटी- बड़ी चिंता आपको** सता सकती है। कुटुंबजनों तथा सम्बंधियों के साथ मतभेद हो सकता है। मां का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**धनु** - आप आध्यात्मिक विषयों तथा रहस्यमयी विद्याओं की तरफ आकर्षण महसूस करेंगे। कोई काम करना चाहते हों, तो समय आपके अनुकूल रहेगा। अपने घर में मित्रों तथा संबंधियों का स्वागत करके आनंद अनुभव करेंगे।

**मकर** - आपको वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखना चाहिए। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद न हो इसका ध्यान रखें। शेयर बाजार में निवेश करने की योजना बना सकेंगे। आपको वित्तीय लाभ हो सकेगा।

**कुंभ** - आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। परिजनों, मित्रों और सगे- सम्बंधियों के साथ आपका घरेलू वातावरण सुखद रहेगा। आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। घूमने जाने या प्रवास पर्यटन की योजना बन सकती है।

**मीन** - आर्थिक विषय और पूंजी निवेश में आपको विशेष ध्यान रखने पड़ेगा। आपका ध्यान विचलित होगा और बेचैनी अनुभव होगा। आध्यात्मिक काम के पीछे खर्च हो सकता है। (म-689-890)

2,7,3,8-23,75,39,80,45,19,01,58

## छात्राओं को मिला सिविल डिफेंस का नॉलेज

**जबलपुर, देशबन्धु।** गवर्नमेंट होमसाइंस कॉलेज में सिविल डिफेंस अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित हुआ। आयोजन में डिविजनल वॉर्डन सुनील गर्ग ने छात्राओं को आपदाओं में निपटने के उपाय बताए। इसके साथ ही यह बताया कि आपातकाल की स्थिति में खुद के साथ दूसरों की मदद कैसे कर सकते हैं।

सायरन बजने पर क्या सावधानियां होनी चाहिए, भूकंप और बाढ़ से बचने के उपाय की जानकारी दी गई। आयोजन में प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल, निर्वाचन साक्षरता क्लब की नोडल अधिकारी डॉ. रीना भैरम मौजूद रहीं।

## स्ट्रेस रीलिज कर रहा मेडिटेशन, दूर हो रही थकान

**वर्ल्ड मेडिटेशन डे-**

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्ट्रेस लोगों के जीवन में हावी हो रहा है। काम की टेंशन, पारिवारिक एडजस्टमेंट और रिलेशनशिप में इश्यूज लोगों की मेंटल हेल्थ खराब कर रही है। वर्कलोड और सेपरेट लाइफ के कारण भी लोग मानसिक थकान महसूस करते हैं। ऐसे में मेडिटेशन थैरेपी ऐसी है, जिसके कारण दिनभर में 15 मिनट देकर स्ट्रेस मैनेजमेंट अपनाया जा सकता है। लोगों की मेंटल में सुधार और इससे जुड़ने की प्रेरणा देने के लिए ही हर साल 21 मई को वर्ल्ड मेडिटेशन-डे मनाया जाता है।

**दिनभर में 15 मिनट हैं काफी-** योगाचार्य अंजलि गुप्ता कहती हैं कि मेडिटेशन हर वर्ग के लिए जरूरी है। यदि कम उम्र से बच्चों में मेडिटेशन की आदत बढ़ाई जाए तो इससे उनके चंचल मन को काबू करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही वे पढ़ाई पर फोकस भी कर सकते हैं। युवाओं को अवसाद से निपटने में मदद मिलती है। इसके लिए दिनचर्या से 10 से 15 मिनट का समय निकालने की जरूरत है।

**इस तरह मिलती हीलिंग - मेंटल हेल्थ दुरस्त रहती** - एकाग्रता डेवलप होती है, इम्युनिटी बेहतर बनती, माइंड कूल रहता है, इमोशनली स्ट्रॉन्ग बनने में मदद मिलती

**कई तरह के मेडिटेशन अपना रहे शहरवासी-** शहरवासियों में तरह-तरह के मेडिटेशन पसंद किए जा रहे हैं। इसमें माइंडफुलनेस की डिमांड ज्यादा है। इसके साथ ही जैन मेडिटेशन का ट्रेंड भी है। माइंडफुलनेस मेडिटेशन एक्टिव रखता है। लाइट म्यूजिक में इसका अभ्यास पीसफुल माइंड देता है। अध्यात्मिक मेडिटेशन भी संस्थानों में ट्रेंडिंग रहता है। स्कूलों में मंत्र मेडिटेशन का अभ्यास नैगेटिव थॉट्स दूर करता है।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री गुलशन खेत्रपाल-** प्रेम नगर एलआईसी के पास मदनमहल निवासी श्री गुलशन खेत्रपाल (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री साधू चौधरी-** चेरीताल चंडालभाटा ट्रांसपोर्ट नगर निवासी श्री साधू चौधरी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोहर लाल अंबवानी-** गोरखपुर गुरूद्वारा के पास निवासी श्री मनोहर लाल अंबवानी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गोविंद कोरी-** तिलहरी दुर्गावती नगर फेस 2 निवासी श्री गोविंद कोरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रितेश विश्वकर्मा-** कांचघर निवासी श्री अनिल विश्वकर्मा के पुत्र श्री रितेश विश्वकर्मा (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जनार्दन कुमार-** महावीर कम्पाउंड सदर निवासी श्री जनार्दन कुमार (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री करन बागरी-** कंजड़ मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री करन बागरी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अमृता पोतदार-** शुभम अपार्टमेंट नेपियर टाउन निवासी श्री अनंत नारायण पोतदार की धर्मपत्नी श्रीमती अमृता पोतदार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**अर्जुन खरे-** नया मोहल्ला सिहोरा निवासी श्री अंचल खरे के अल्पायु पुत्र अर्जुन खरे (05) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रेम लाल-** चौबे कॉलोनी करमेता निवासी श्री प्रेम लाल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजेश कुमार राय-** ग्रीन सिटी रोड माढ़ोताल निवासी श्री राजेश कुमार राय (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## जीआरपी के अभियान में चोर से बरामद लाखों के जेवरात एवं एसी अटेंडर कोच से जप्त अवैध शराब

**जबलपुर,देशबन्धु।** फरियादिया किरण अहिरवार पति तीरथ प्रसाद अहिरवार उम्र 61 साल निवासी आनंद नगर त्योंथर जिला रीवा की रीवा से रानी कमलापति की यात्रा ट्रेन 22146 रीवा भोपाल के एबी 1 कोच की सीट नं. 9 पर यात्रा कर रही थी, यात्रा दौरान अज्ञात बदमाश द्वारा उनका लेडीज पर्स जिसमें सोने के जेवरात थे, रेलवे स्टेशन जबलपुर में चोरी कर लिया गया था, फरियादिया की रिपोर्ट पर जीआरपी थाना जबलपुर में अपराध क्र. 390/25 धारा 305(सी) बी एन एस कायम कर विवेचना में लिया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय रेल जबलपुर सिमाला प्रसाद के निर्देशन में श्रीमान उप पुलिस अधीक्षक महोदय रेल जबलपुर लोकेश मार्को के मार्गदर्शन में आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी एवं विवेचना के संबंध में निर्देश प्राप्त हुये। मामले की विवेचना दौरान जीआरपी एवं आरपीएफ की संयुक्त टीम ने सघन चैकिंग कर मामले के आरोपी दीपक तुलसवानी पिता अशोक कुमार तुलसवानी उम्र 37 वर्ष निवासी चकरभाटा जिला बिलासपुर छत्तीसगढ को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से मामले का चोरी गया मशरूका लेडीज पर्स एवं सोने के जेवरात कुल कीमती 3,15000/- (तीन लाख पंद्रह हजार रूपये का मशरूका जप्त किया गया है। तथा दिनांक 19.05.25 को संयुक्त चैकिंग के दौरान ट्रेन 22354 बंगलौर पटना हमसफर एक्सप्रेस के कोच बी/16 के एसी कोच अटेंडर प्रवचन कुमार पिता पोलाय महतो उम्र 39 वर्ष निवासी ग्रांम टीकारामपुर वार्ड नं. 07 थाना मुफसिल जिला मुंगेर बिहार के बैग से अवैध रूप से रखी अंग्रेजी शराब ओरिजन च्वाईस व्हिसकी के 38 नग पाउच अवैध रूप से तस्करी करते पकड़ा गया, जिसके कब्जे से अवैध शराब की जप्ती की गई, और आरोपी के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। संयुक्त कार्यवाही में निरीक्षक बलराम यादव थाना प्रभारी जीआरपी जबलपुर, निरीक्षक प्रभारी आरपीएफ पोस्ट राजीव खरब, उप निरीक्षक संजीवनी राजपूत, उप निरीक्षक अरविन्द सिंह, प्र.आर. सत्येन्द्र सिंह, अरूण तिवारी, गणेश तिवारी, आरक्षक रविकांत रजक, परशुराम यादव, गोपाल सिंह, आरपीएफ आरक्षक पंकज सिंह, प्रवीण उपाध्याय, हरिकेश दुबे की सराहनीय भूमिका रही।



## मैदान में मिली युवक की लाश

### कटंगी के दशहरा मैदान का मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** कटंगी थाना क्षेत्र स्थित दशहरा मैदान में सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब स्थानीय लोगों ने एक युवक का शव देखा। जिसे देखकर लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही कर मामले को विवेचना में लिया है। मृतक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष बताई जा रहीं है, जिसकी अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है।



पुलिस ने बताया कि शव पर कुछ चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह की सैर पर निकले कुछ लोगों ने सबसे पहले शव देखा और शोर मचाया। देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो गई। कटंगी पुलिस द्वारा आसपास के थानों में युवक की पहचान के लिए सूचना भेज दी गई है।

वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी पड़ताल की जा रही है। जिससे यह पता लगाया जा सके कि युवक वहां कैसे पहुंचा और किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई।

## पुरानी रंजिश पर युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी थाना क्षेत्र में बीती रात तीन बदमाशों ने पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर दनानद चाकू से वार कर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि रिछाई निवासी 23 वर्षीय मोहित रैकवार सुज्जी पैकस के यहां मजदूरी करता है। बीते दिवस वह महाराजपुर से अपने साथी सत्यम कोरी, साहिल कोल व बड्डू कोल के साथ वापस अपने घर रिछाई लौट रहा था। रात्रि करीब साढ़े नौ बजे जैसे ही वह रूप लाल कालोनी दुर्गा मंदिर के पास पहुंचा, उसी समय वहां खड़े शुभम मिश्रा, रचित यादव व रितिक यादव ने उसे देखते ही गाली गलौज शुरु कर दी। मोहित के विरोध करने पर तीनों ने अपने पास रखे चाकू निकालकर उस पर जानलेवा हमला कर दिया।

## आर्मी में सप्लाई का लाइसेंस के नाम पर पंद्रह लाख हड़पे

### जालसाज ने खुद को बताया था रिटायर्ड कस्टम कमिश्नर, प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर में रहने वाले अभय असाटी को राजन सिंह नामक व्यक्ति ने स्वयं को रिटायर कस्टम कमिश्नर बताते हुए 15 लाख रुपए हड़प लिये, राजन सिंह ने आर्मी में माल सप्लाई करने का लाइसेंस दिलाने के झांसा देकर धोखाधड़ी की है। पुलिस ने अभय असाटी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार शिवाजी वार्ड पनागर निवासी अभय असाटी उम्र 51 वर्ष आरटीओ में बीमा एजेंट का काम करते है। उनका कार्यालय मेन रोड पनागर में कमानिया गेट के पास है। करीब पांच साल पहले ग्वारीघाट आश्रम में अभय की मुलाकात राजन सिंह निवासी रहेजा रेजीडेंसी गोरेगांव मुम्बई स्थाई पता ग्राम बख्तरी जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश से हुई थी। इस दौरान राजन सिंह ने स्वयं को रिटायर्ड अधिकारी कस्टम कमिश्नर बताया था। परिचय होने के बाद अभय की राजन सिंह से बातचीत होने लगी। राजन सिंह का जबलपुर आना जाना होने लगा। मुलाकात के दौरान राजन सिंह ने अभय से कहा कि मेरे संबंध आर्मी में वरिष्ठ अधिकारियों से हैं। जिनसे बोलकर आर्मी में सामान सप्लाई करने का लाइसेंस दिलवा देगें। इसके लिए रजिस्ट्रेशन की फीस देना होगी। राजन सिंह के कहने पर अभय असाटी ने साढ़े तीन लाख रुपये है राजन सिंह द्वारा बताए गए स्टेट बैंक आफ इंडिया के खाते में डलवा दिये। उसके कुछ दिन बाद राजन सिंह ने यह कहते हुए और रुपयों मांगे कि इतने में काम नहीं हो पायेगा। भरोसे में आकर अभय ने राजनसिंह व उसकी बेटी के अकाउंट में रुपए भेज दिये। इस तरह राजन सिंह ने करीब 15 लाख रुपए अपने अकाउंट में डलवा लिये। इसके बाद से जुलाई 2024 से राजन सिंह तथा राजन सिंह के परिवार वालों ने मोबाइल नम्बर बंद कर दिये। इसके बाद से अभय ने राजन सिंह से संपर्क करने के प्रयास किये, लेकिन कोई संपर्क नहीं हो पाया। पुलिस ने अभय असाटी की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## निर्माणाधीन मकान से सेंट्रिंग प्लेट चुराने वाले दोनों आरोपी पकड़ाए

### ग्वारीघाट पुलिस की कार्यवाही, 22 सेटिंग प्लेट बरामद

**जबलपुर,देशबन्धु।** ग्वारीघाट थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान से विगत तीन दिनों से सेटिंग की प्लेट चुराने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा। जिनके पास से पुलिस ने चुराई हुई 22 नग सेटिंग प्लेट बरामद की है।

पुलिस ने बताया कि मंडला टिकरिया के देवगांव निवासी 35 वर्षीय संतोष नेताम मकान बनाने की ठेकेदारी करता है। जो कि साईं धाम कालोनी में नीरज नामक व्यक्ति का मकान बना रहा है। जिसने मकान के लेंटर की सेटिंग प्लेट खोलकर मकान के अंदर रख दी थी। विगत तीन दिनों से उसकी सैंटिंग प्लेट चोरी हो रहीं थी। 17 मई को अभिषेक चौधरी और बिन्नू उर्फ विनोद निर्माणाधीन मकान के अंदर घुसे थे, जो कि शोर मचाने पर वहां से भाग गये थे। सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को धर दबोचा। जिन्होंने सेटिंग प्लेट चोरी करना स्वीकार किया और बताया कि चुराई सेटिंग प्लेटों को उन्होंने जंगल में छिपाकर रखी हुई है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर जंगल से चुराई हुई 22 नग सेटिंग प्लेट बरामद करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया है।

### युवक ने लगाई फांसी, मौत

**जबलपुर।** मझगवां पुलिस को ग्राम भंडरा निवासी लोक सिंह गौड़ ने सूचना दी कि उसकी दूसरी पत्नी चिन्ना बाई अपने मायके भैंसवाही में अपने बेटे नरबद सिंह के साथ उसकी पत्नी और बच्चों के साथ रहती है। तीन दिन पहले वह भैंसवाही गया था, जहां से अपने बेटे नरबद के साथ महगवां आ गया था। बीते दिवस वह और उसकी पत्नी फूलबाई खेत चले गये थे, घर पर उनका बेटा नरबद अकेला था। शाम को लौटे तो नरबद घर पर नहीं दिखा। इसके बाद सूचना मिली कि अजब सिंह के खेत में लगे आम के पेड़ से फंदा लटका कर नरबर सिंह गौड़ ने फांसी ने लगा ली है।

## चालीस घंटे बाद मिला शहाबुद्दीन का शव

### बरगी डैम में पिकनिक मनाने के दौरान डूब गया था पानी में

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरगी डैम में अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया शहाबुद्दीन का शव चालीस घंटे बाद मैकल रिसोर्ट के समीप मंगलवार सुबह पानी में उतराते हुए मिला। जिसके बाद पुलिस ने पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही कर मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

उल्लेखनीय है कि अमखेरा गोहलपुर में रहने वाला शहाबुद्दीन अपने दोस्त गुलाम वारिस, समीर मंसूरी, मोहम्मद हुसैन व अन्य साथियों के साथ रविवार दोपहर मोटर साइकल से डैम पहुंचा था। जहां पर गुलाम, समीर व मुहम्मद जब किनारे बैठे थे। वहीं



शहाबुद्दीन दो अन्य साथियों के साथ नहाने के लिए चला गया। इस दौरान दोस्तों ने फोटो भी उतारे। नहाते-नहाते शहाबुद्दीन गहराई में जाकर डूबने लगा, दोस्तों ने देखा तो बचाने की कोशिश की लेकिन शहाबुद्दीन देखते ही देखते गहरे पानी में डूबकर लापता हो गया। शहाबुद्दीन को देखकर साथी युवक घबरा गये, जिन्होंने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद तत्काल ही मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर दल की मदद से तलाश कराई लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। दो दिन से चल रहीं शहाबुद्दीन की तलाश मंगलवार सुबह पूरी हुई, जब उसका शव पानी में उतराते हुए मिला। शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। वहीं पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## थाने से चंद कदम दूरी पर हर्ष फायरिंग

**जबलपुर,देशबन्धु।** गढ़ा थाने से चंद कदम की दूरी पर जन्मदिन के जोश में युवक अपना होश खो बैठे और हर्ष फायरिंग कर दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिस पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। बताया जा रहा है कि विगत 16 मई की रात दीपांशु दुबे का जन्मदिन था। उसके दोस्त जन्मदिन मनाने के लिए गढ़ा थाना के पास छोटा जैन मंदिर के सामने बीच सड़क पर टेंट लगाकर एकत्रित हुए। इसी बीच सड़क पर जमकर आतिशबाजी की गई और बंदूक से हर्ष फायर किया गया। इस समारोह के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी किए गये, वीडियो सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई है। वीडियो की पुष्टि के बाद गढ़ा थाना प्रभारी को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों ने दिये। जिसके बाद पुलिस ने राजा दुबे और अमन अग्रवाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए युवक के पास मौजूद बंदूक का लाइसेंस भी निरस्त किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि शहर व ग्रामीण इलाकों में हर्ष फायरिंग के कई मामले हालही में सामने आये है। जिनमें बेलखेड़ा, शहपुरा, भेड़ाघाट और डुमना रोड तथा शहर के अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे ही मामलों में एफआईआर दर्ज की गई हैं।

## शराब के लिये रुपये न देने पर युवकों के साथ मारपीट

### रांझी व लाईगंज क्षेत्र में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी व लार्डगंज क्षेत्र में असामाजिक तत्वों ने शराब पीने के लिए रुपयों की मांग करते हुए दो युवकों के साथ मारपीट कर दी। जिससे दोनों युवकों को चोटे आ गई। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

रांझी पुलिस ने बताया कि गोसलपुर निवासी 41 वर्षीय अमित यादव रांझी में अपने भैया-भाभी के घर में रहकर कपड़े की दुकान में काम करता है। बीती रात्रि करीब साढ़े ग्यारह बजे जब अमित अपने घर के सामने खड़ा था, उसी समय शांटू उर्फ सौरभ यादव आया और उससे शराब पीने के लिये एक हजार रुपये की मांग करने लगा। उसने रुपये देने से मना किया तो गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा, उसके भैया-भाभी को आते देख आरोपी भाग निकला। इसी प्रकार लार्डगंज पुलिस ने बताया कि रानीताल जगदीश अखाड़ा के समीप रहने वाला 24 वर्षीय शिवम प्रधान काम से वापस अपने घर जा रहा था। रात्रि करीब सवा ग्यारह बजे जैसे ही वह रानीताल गेट नंबर-1 के पास पहुंचा, उसी समय उसके मोहल्ले के सुमित साहू व नीरज नामदेव मोटर साइकिल से पहुंचे और शिवम से शराब पीने के लिये पांच सौ रुपये मांगने लगे। शिवम ने रुपये देने से मना किया तो सुमित व नीरज ने मारपीट करते हुए हाथ में पहने कड़े से उस पर हमला कर दिया। जिससे शिवम के सिर पर चोट आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## साले-जीजा पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोरखपुर थाना क्षेत्रातंर्गत रामपुर माण्डवा टेंडर-1 क्षेत्र में चार बदमाशों ने एक पंद्रह वर्षीय किशोर उम्र के लड़के और उसके जीजा पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे साले-जीजा दोनों को गंभीर चोटे आई है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है। पुलिस ने बताया कि रामपुर माण्डवा-2 निवासी 15 वर्षीय आदित्य बीती रात साढ़े ग्यारह बजे अपने जीजा रवि के घर माण्डवा टेंडर-1 जा रहा था। जैसे ही आदित्य सामुदायिक भवन के पास पहुंचा, उसी समय वहां पर उसे योगी बर्मन, अमित बर्मन, संजय व रोशन बर्मन मिले, जो कि पुराने विवाद को लेकर आदित्य के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। आदित्य की आवाज सुनकर उसका जीजा रवि केवट बीच बचाव करने पहुंचा तो आरोपियों ने रवि केवट व आदित्य पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।

# अठारह लाख की रिकवरी पर लगाई रोक

### हाईकोर्ट ने पेंशन देने के दिये निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने बिजली विभाग के सेवानिवृत्त लाइनमैन से अठारह लाख की रिकवरी पर रोक लगा दी है, साथ ही पेंशन भुगतान का आदेश पारित कर दिया। याचिकाकर्ता वसंत राव शिंदे की ओर से अधिवक्ता नरेंद्र कुमार शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता एक नवंबर 2024 को सेवानिवृत्त हो गया था। लेकिन दो उच्च वेतनवृद्धियां विभाग ने नहीं दीं। इसके विपरीत 18 लाख की मनमानी रिकवरी निकाल दी। इसकी कटौती समस्त सेवानिवृत्ति लाभों ग्रेच्युटी, पेंशन, लीव इनकैशमेंट को रोककर की गई। जब अभ्यावेदन का कोई प्रभाव नहीं हुआ तो हाईकोर्ट की शरण ली गई। सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के न्यायदृष्टांतों के अनुसार सेवानिवृत्ति के बाद रिकवरी नहीं की जा सकती। एक वर्ष से पेंशन आदि रोके जाने से याचिकाकर्ता हलकान हो गया है। इससे रोजी-रोटी व दवाएं आदि प्रभावित हो रही हैं। परिवार परेशान हो गया है। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।


## कम्प्यूटर आपरेटरों का सेवा पृथक्करण अंतिम निर्णय के अधीन

### राज्य शासन व कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने उपार्जन केंद्रों में नियुक्त कम्प्यूटर आपरेटरों का सेवा पृथक्करण विचाराधीन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है।

इस अंतरिम आदेश के साथ ही राज्य शासन व कलेक्टर रीवा सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता रीवा निवासी विनय कुमार मिश्रा सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी, विनीत टेहनगुरिया, शुभम पाटकर व आनंद शुक्ला ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि राज्य द्वारा निर्धारित उपार्जन नीति के अंतर्गत में सहकारी समितियों के माध्यम से याचिकाकर्ताओं को कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर संविदात्मक आधार पर नियुक्त किया गया था।

लेकिन रीवा के कलेक्टर द्वारा पारित आलोच्य आदेश में यह कारण इंगित किया गया कि खरीफ विपणन वर्ष के दौरान समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन को मनमाने ढंग से निरस्त कर दिया गया था। साथ ही, यह आशंका व्यक्त की गई कि गेहू उपार्जन प्रक्रिया में अनियमितताओं में संलिप्त रहे कम्प्यूटर पुन- उपार्जन केंद्रों में तैनात होकर इसी प्रकार के दुराचरण को अंजाम दे सकते हैं। इसी संभाव्यता के आधार पर याचिकाकर्ताओं को उपार्जन कार्य से पृथक करने का आलोच्य आदेश जारी किया गया। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उम्त निर्देश देते हुए अनावेदकों से जवाब तलब किया है।




## वुशू खेल के संचालन के लिए तदर्थ समिति का गठन क्यों?

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने प्रदेश में वुशू खेल के संचालन के लिए तदर्थ समिति के गठन पर जवाब तलब किया है। इस संबंध में वुशू एसोसिएशन आफ इंडिया के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बावजा मेरठ उत्तर प्रदेश सहित अन्य को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये गये है।

याचिकाकर्ता वुशू एसोसिएशन आफ मध्य प्रदेश के सचिव मनोज गुप्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मप्र शसन ने अनुविभागीय अधिकारी गोरखपुर जबलपुर को मप्र वुशू संघ का प्रशासक नियुक्त कर दिया था। ऐसे में वुशू एसोसिएशन आफ इंडिया ने वुशू खेल संचालन के लिए तदर्थ समिति कैसे गठित कर दी। मप्र शासन द्वारा नियुक्त प्रशासक द्वारा सफलतापूर्वक न सिर्फ वुशू खेल की गतिविधियों का संचालन किया गया बल्कि विगत 23 जनवरी, 2025 को संस्था का निर्वाचन करा कर संस्था की नवीन कार्यकारिणी को संस्था का प्रभार भी सौंपा जा चुका है। जिसकी सूचना प्रशासक द्वारा वुशू एसोसिएशन आफ इंडिया सहित समस्त अनावेदकों को भी प्रेषित की जा चुकी है। इसे नजर अंदाज कर संस्था का चुनाव हारकर संस्था से बाहर हुई संस्था की पूर्व महिला सचिव को अनुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से वुशू एसोसिएशन आफ इंडिया के अध्यक्ष द्वारा पद का दुरुपयोग कर बिना नोटिस दिए ही प्रदेश में वुशू खेल के संचालन हेतु तदर्थ कमेटी का गठन किया जाना नियम विरुद्ध व अवैध होने से उनके द्वारा गठित तदर्थ कमेटी पर रोक लगाई जाये। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## वेटनरी डॉक्टरों को भी 65 वर्ष में दी जाये सेवानिवृत्ति

### हाईकोर्ट ने आवश्यक संशोधन करने के दिये निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने कहा है कि एलोपैथी और आयुष चिकित्सकों की तरह वेटनरी डॉक्टर को भी 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति दी जाये। युगलपीठ ने सरकार को इस संबंध में आवश्यक संशोधन करने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही न्यायालय ने उस गजट नोटिफिकेशन के पूर्व में किये गये संशोधन को असंवैधानिक घोषित कर दिया, जिसमें केवल एलोपैथी व आयुष चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष की गई थी।

भोपाल के डॉ. केदार सिंह तोमर व अन्य जिलों में कार्यरत वेटरनरी सर्जन की ओर से याचिका दायर कर कहा गया कि एलोपैथी व आयुष डॉक्टर्स की तरह वेटनरी चिकित्सकों की सेवाएं एक समान हैं। इसलिए सरकार इस तरह का भेदभाव नहीं कर सकती। याचिकाकर्ताओं ने 1983 से 1988 के बीच वेटनरी सेवा ज्वाइन की है। एलोपैथी व आयुष डॉक्टर्स मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में कार्यरत हैं, जबकि याचिकाकर्ता पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत कार्यरत हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता केसी घिल्डियाल व सुयश मोहन गुरू ने दलील दी कि सरकार ने 6 मई 2011 के गजट नोटिफिकेशन में संशोधन करते हुए एलोपैथिक डॉक्टर और आयुष डॉक्टर्स की सेवानिवृत्ति आयु 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष कर दी गई है, जबकि याचिकाकर्ता जो पशु चिकित्सा विभाग में समान सेवाएं दे रहे हैं, उन्हें 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति दी जाती है।

## हाईकोर्ट ने एक पद रिक्त रखने के दिये निर्देश

### रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पमरे को निर्देश

**जबलुपर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ पश्चिम मध्य रेलवे को एक पद खाली रखने के निर्देश दिए है। मामले की अगली सुनवाई 17 जून को निर्धारित की गई है। यह मामला राजस्थान के बूंदी निवासी बृजमोहन की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता निखिल भट्ट ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुआ था। जिसके लिये दसवीं कक्षा या आईटीआई करना आवश्यक था। आवेदक ने 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी और आईटीआई कर रहा था। इसके साथ-साथ उसने लिखित और इंटरव्यू भी पास कर लिए थे, लेकिन जब रेलवे ने दस्तावेजों की जांच की तो पाया कि आवेदक आईटीआई कर रहा है। जिसके आधार पर उसकी नियुक्ति रद्द कर दी। रेलवे के आदेश के खिलाफ जबलपुर में सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल में अंतरिम राहत का आवेदन पेश किया गया था। जिसे अस्वीकार कर दिया गया, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता श्री भट्ट ने तर्क दिया कि आवेदन पत्र में हुई त्रुटि ऐसी थी, जिसका पात्रता मानदंडों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। उक्त तर्क से सहमत होते हुए न्यायालय ने अंतरित राहत देते हुए रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ पश्चिम मध्य रेलवे को निर्देशित किया है जब तक याचिका पर अंतिम निर्णय नहीं हो जाता तब तक एक सीट खाली रखी जाये।

## हाई पावर कमेटी की जाति प्रमाण की रिपोर्ट नहीं आने तक सिटी प्लानर के पद से हटाये

### हाई कोर्ट ने दिये अंतरिम आदेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने नगर निगम, भोपाल के पूर्व व नगर निगम, इंदौर के वर्तमान सिटी प्लानर नीरज आनंद लिखार के जाति प्रमाण पत्र पर सवालिया निशान लगाए जाने के मामले में महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश पारित किया है। इसके अंतर्गत निर्देश दिया है कि जब तक हाईपावर कमेटी की रिपोर्ट नहीं आ जाती, लिखार से सिटी प्लानर का कार्य न लिया जाए। मामले की अगली सुनवाई 30 जून वाले सप्ताह में नियत कर दी गई है।

याचिकाकर्ता भोपाल निवासी सतीश नायक की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि नगर निगम इंदौर के वर्तमान सिटी प्लानर नीरज आनंद लिखार के बड़े भाई अजय लिखार का जाति प्रमाण पत्र फर्जी पाए जाने के आधार पर उनकी सेवा समाप्ति के आदेश जारी किये गये है। नगर निगम इंदौर के वर्तमान सिटी प्लानर नीरज आनंद लिखार की एसटी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर लगी थी। बड़े भाई की तरह उन्होने भी जाति प्रमाण-पत्र बनवाया है। राज्य शासन तरफ से न्यायालय को बताया गया कि नौ अप्रैल, 2025 के पत्र के माध्यम से उनके जाति प्रमाण की जांच के लिए हाईपावर कमेटी को पत्र भेजा जा चुका है। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि जाति प्रमाण पत्र संदेह के घेरे में आ गया है, अत: जब तक हाईपावर कमेटी की रिपोर्ट नहीं आने तक उन्हें नगर निगम, इंदौर के सिटी प्लानर पद से हटाकर किसी अन्य की जगह पदस्थ किया जाना चाहिये। एकलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए उच्च स्तर कमेटी से जाति प्रमाण-पत्र की जांच तथा अनावेदक को सिटी प्लानर के पद से हटाने के आदेश जारी किये है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता कपिल षर्मा ने पैरवी की।

## व्यापमं घोटाले मामले में डॉ अजय मेहता के खिलाफ दर्ज एफआईआर खारिज

### हाईकोर्ट ने कहा ठोस साक्ष्यों के अभाव में बनाया गया आरोपी

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने व्यापमं घोटाले में आरोपी बनाए गए डॉ अजय मेहता के खिलाफ एफआईआर निरस्त कर दी। डॉ मेहता पर पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप था। वर्ष 2015 में सीबीआई और एसटीएफ द्वारा डॉ. अजय शंकर मेहता के खिलाफ दर्ज की गई थी। इस मामले में लगभग 70 दिन न्यायिक हिरासत में रहे थे। आवेदक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय गुप्ता ने दलील दी कि केवल दो अभ्यर्थियों के नाम डॉ. मेहता से जोड़े गए थे। कोई भी आर्थिक लेनदेन, व्यक्तिगत लाभ या आपराधिक साजिश का प्रमाण नहीं हुआ है। कोर्ट ने यह भी कहा कि सीबीआई व एसटीएफ ने कई ऐसे लोगों को भी आरोपी बनाया, जिनके विरुद्ध कोई ठोस साक्ष्य नहीं था।

# बच्चों को झपट्टा मार घर में घुसा तेंदुआ

## वन अमले ने रेस्क्यू कर किया अचेत, फिर ले गये मुकुंदपुर जू

**रीवा देशबन्धु।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंधवा मोड के समीप बच्चों को झपट्टा मारते हुए एक तेंदुआ भाजपा नेता के घर के अंदर जा घुसा गया था, तेंदुआ घर में घुसने की सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचा था और रेस्क्यू आपरेशन शुरू तेंदुए को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया जिसे मुकुंदपुर जू ले जाया गया है, भाजपा नेता पूर्व पार्षद सीएम सिंह पटेल के घर के अंदर आज सुबह अचानक तेंदुआ घुस जाने के कारण गांव में हड़कंप मच गया था। बताया जा रहा है कि ग्राम आंबी में बच्चे सौच क्रिया के लिए खेत में बैठे थे। तभी अचानक चिता बच्चों पर



झपट्टा मारते हुए पूर्व पार्षद भाजपा नेता के घर में जाकर घुस गया था, जिसके बाद घर का दरवाजा बंद कर दिया गया है। और वन विभाग की टीम को सूचना दी गई थी, ग्रामीणों की सूचना मिलते ही नईगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई थी और विभाग की टीम द्वारा रेस्क्यू किया गया।

रेंजर नयन तिवारी के साथ मऊगंज एवं हनुमना का पूरा वन विभाग अमला मौके पर मौजूद रहा। मुकुंदपुर से रेस्क्यू टीम आने के बाद रेस्क्यू शुरू किया गया और कुछ देर बाद तेंदुए को अचेत कर सुरक्षित बाहर निकाला गया जिसे मुकुंदपुर जू ले जाया गया है।

# सिहोरा विधायक कार्यालय में बजाया घंटा, शंख और थाली

## विधायक ने मुख्यमंत्री को जिला के लिए पत्र लिखने का किया वादा

**सिहोरा, देशबन्धु।** उमा भारती कौन हैं, स्मृति ईरानी कौन हैं, प्रहलाद पटेल कौन हैं, शिवराज सिंह कौन हैं और संतोष बरकड़े कौन हैं.. जैसे नारों के साथ शंख, घंटा और थाली बजाते हुए सिहोरा वासियों ने विधायक कार्यालय के सामने घंटों प्रदर्शन किया। विधायक संतोष बरकड़े ने प्रदर्शन कर रही समिति को वादा किया कि वे आज ही शाम तक मुख्यमंत्री को सिहोरा जिला बनाने के लिए पत्र लिखेंगे।

सड़क पर बैठे, पानी नहीं पिया- जैसे ही प्रदर्शनकारी शंख, घंटा और थाली बजाते हुए विधायक कार्यालय पहुंचे, कार्यालय में मौजूद भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल और पूर्व अध्यक्ष अंकित तिवारी ने उन्हें कुर्सी में बैठने और पानी पीने का आग्रह किया पर समिति के सदस्य सड़क पर बैठ गए और कहा कि जब तक विधायक के द्वारा सिहोरा जिला के लिए मांग नहीं की जाती, तब तक वे विधायक कार्यालय का पानी भी ग्रहण नहीं करेंगे।

आज ही पत्र लिखेंगे, दिया वचन- विधायक संतोष बरकड़े ने समिति के सदस्यों से कहा कि वे दिल से चाहते है कि सिहोरा जिला बने और वे शाम तक मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जिला की मांग करेंगे।इसके बाद सभी ने विधायक के आग्रह पर जलपान ग्रहण किया।



**आंदोलन जारी रहेगा** - लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के सदस्यों ने कहा कि 6 जून 2003 को उमा भारती मुख्यमंत्री रहते सिहोरा आई थी और उन्होंने सिहोरा जिला की घोषणा की थी। इसके बाद पिछले विगत वर्ष विधानसभा चुनाव की पूर्व प्रहलाद पटेल, स्मृति ईरानी, शिवराज सिंह चौहान, संतोष बरकड़े ने सार्वजनिक रूप से सिहोरा को जिला बनाने का वचन दिया था। समिति ने अपना संकल्प दोहराया कि वे इन सारी घोषणाओं के कार्यक्रमों में उपस्थित स्थानीय नेताओं के घर प्रदर्शन के अपने निर्णय पर कायम हैं और सभी लोगों के घर प्रदर्शन के बाद 6 जून को विशाल प्रदर्शन एवं आमसभा का आयोजन किया जाएगा।

समिति ने पुन: दोहराया कि सिहोरा जिला बनने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। मंगलवार को हुए प्रदर्शन में समिति के विकास दुबे, अनिल जैन, संतोष पांडे, श्याम मिश्रा, मालवीय, नीतेश खरया, रामजी शुक्ला, कंचन सेठ, आशीष व्योहार, रमा चौरसिया, प्रदीप दुबे, कृष्ण कुमार कुररिया, मथुरा उपाध्याय, नरेंद्र गर्ग, आशीष भार्गव, अनिल कुररिया, सुशील जैन, संतोष वर्मा, संजय पाठक, नीरज गौतम, सुशील काछी, सानू गौतम सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। अगला प्रदर्शन 24 को- समिति ने घोषणा की कि अब आगामी 24 मई को मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल के निवास पर प्रदर्शन किया जाएगा।

## सार-समाचार

### मंत्री विजय शाह और उप मुख्यमंत्री का फूंका पुतला



**शहपुरा, देशबन्धु।** कर्नल सोफिया पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में मप्र कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहपुरा, बेलखेड़ा और युवा कांग्रेस के नेतृत्व में मंत्री विजय शाह और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का पुतला दहन किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसजन और युवा साथी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### शहपुरा में जल गंगा संवर्धन अभियान कृषकों को लाभ लेने की अपील



**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** शहपुरा तहसील के उधानिकी विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी कृषकों को एक पखवाड़ा के माध्यम से उपलब्ध कराई गई। विकासखंड अधिकारी प्रीति सिसोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सब्ज़ी क्षेत्र में संकर सब्ज़ी मासाला विस्तार योजना संरक्षित खेती शेडे नेट निर्माण प्लास्टिक मलचिंग पसलोततर प्रबधन 25 मी. टन प्याज भंडार गृह, बागवानी यंत्रीकरण के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत पाइप लाइन आदि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत पुष्प की खेती, सिगाड़ा की खेती, 50 मीटर प्याज भंडारण, गृह निर्माण कार्य हेतु शासन की विभिन्न योजनाओं की अनुदान राशि, छोटे एवं बड़े सभी किसानों को प्रदान की जा रही है, जिससे किसानों ऑनलाइन लाभ प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में उपस्थित किसानों में समाजसेवी कृषक राजेन्द्र बन्धु, संग्राम सिंह, राजकमल, मुना शर्मा यादव, शाहिद भाईजान, अनिल जैन सहित अन्य किसान उपस्थित रहे। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किसानों से वार्ता की गई और क्षेत्र में निरंतर सम्पर्क स्थापित किया जा रहा है। इस दौरान किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं के संबंध में पम्प लेट के माध्यम से जानकारी प्रदान की की गई है, साथ ही किसानों से अधिक जानकारी कार्यालय से प्राप्त करने की अपील की गईं।

### सुधा सागर महाराज का पाटन पिपरिया से लम्हेटा आगमन

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** संस्कारोदय तीर्थक्षेत्र लम्हेटा में मुनिपुंगव सुधा सागर महाराज की मंगल अगवानी आज प्रात: 7 बजे होनी है। आप सभी लोग उपस्थित होकर पुण्य का अर्जन करें। इस आगवानी को भव्य बनाएं। ध्यान रहे कि आप अपने नगर लमेहटा ग्राम में जैन समाज के पूर्वजों के दुवरा दी गई दान भूमि पर नया मंदिर निर्माण कार्य एवं अन्य संवर्धित कार्यों में भूमि की व्यवस्था पर नया तीर्थस्थल श्री के करकमलों से संपन्न होने की संभावना है। अत: जैन बंधुओं से अधिक संख्या मे उपस्थित होने की अपील की गई है। जैन पंचायत सभा लम्हेटा एवं सकल दिगंबर जैन समाज लम्हेटा शहपुरा, बेलखेड़ा, मनकेडी, पिपरिया चरगुवा, बिजोरी की जैन समाज उपस्थित रहेगी तथा जवलपुर वासी लमेहटा का परिवार भी शामिल रहेगा।



# 12वीं की परीक्षा में फेल होने पर छात्रा ने की आत्महत्या

**बटियागढ़, देशबन्धु ।** चौकी फुटेरा के ग्राम घूराटा में 18 साल की युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती का नाम साधना था। वह कक्षा 12वीं की छात्रा थी। हाल ही में आए परीक्षा परिणाम में वह तीन विषयों में फेल हो गई थी। इसी कारण वह बीते कुछ दिनों से तनाव में थी।

घटना के समय उसका छोटा भाई घर पर ही था। उसने साधना को फंदे पर लटका देखा तो तुरंत परिवार को बताया। पिता नारायण सिंह ने फांसी की रस्सी काटकर उसे नीचे उतारा। उस समय उसकी सांसें चल रही थीं। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बटियागढ़ लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई की गई। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।



पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका के नाना नत्थू सिंह ने बताया कि साधना कक्षा बारहवीं कक्षा में पढ़ती थी और मेहनत भी की थी लेकिन वह तीन विषय में फेल हो गई। परिवार वालों ने कहा कोई बात नहीं फिर पेपर दे देना तो पास हो जाओगी, लेकिन पता नहीं फिर उसने ऐसा कदम क्यों उठाया।

बटियागढ़ थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी ने बताया कि एक घटना फांसी की सामने आई है जिसमें एक लड़की ने फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर ली है। कारण अभी अज्ञात है। पुलिस विवेचना कर रही है।

# पंचकल्याणक प्रतिष्ठा व नवम गजरथ महोत्सव में लगी फेरी

## श्री 1008 मज्जिनेन्द्र जिनबिम्ब में पूरे प्रदेश से पहुंचे भक्तजन

**पनागर, देशबन्धु।** आठ दिवसीय श्री पंचकल्याणक महोत्सव में संत शिरोमणि आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज के मंगल सानिध्य आचार्य भगवन समयसागर महाराज, ससंघ सानिध्य में आज प्रात: पूजन के पश्चात आदि कुमार का मोक्ष गमन हुआ। पंडाल में उपस्थित हजारों लोगों ने उक्त कार्यक्रम को देखकर भगवान से मोक्ष जाने की कामना की इसके बाद नवम गजरथ फेरी का प्रारंभ हुआ। पूज्य आचार्य गुरुवर महाराज के सानिध्य में साथ सात फेरिया लगाई गई। पनागर के अलावा जबलपुर जिले की अन्य स्थान पाटन कटंगी शहपुरा भेड़ाघाट गोसलपुर प्रदेश भर लोग यहां उपस्थित थे।

**प्रतिष्ठावार्य** - वाणी भूषण बा. ब्र. विनय भैयाजी (बंडा) के द्वारा समस्त क्रियाएं विधि विधान से संपन्न करेंगे फेरी के बाद पूजन का आयोजन किया गया और महाराज श्री ने उपस्थित लोगों को इस अवसर पर मंगल प्रवचन दिए

कार्यक्रम में जबलपुर पंचायत सभा के





अध्यक्ष कैलाश जैन मध्य प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन का श्री जैन प्रबंधकारी सभा के अध्यक्ष राजेश जैन कटंगा पंपि मंत्री अभिनंदन चौधरी संतोष चौधरी आनंद जैन मिंचू पवन जैन लसगरी प्रदीप चौधरी अजीत चौधरी राहुल मोदी राहुल अंकुर जैन अंकित जैन संतु जैन चिन्ह की स्मृति चंद्र जी का स्वागत किया तत्पश्चात दोपहर में कार्यक्रम स्थल से सभी भगवान श्री की प्रतिमाओं का एक विशाल विशाल जुलूस शोभा यात्रा गजरथ स्थल से बड़े जैन मंदिर की ओर रवाना हुई। लोगों ने घर-घर के सामने भगवान की पूजा अर्चना कर आरती उतारते हुए भगवान को नमोस्तु किया। सभी भगवानजी को बड़े जैन मंदिर एवं बजरिया जैन मंदिर में स्थापित होने वाली वेदीयो में रखवाया गया। श्री जैन प्रबंध करनी सभा के अध्यक्ष राजेश कटंगा कंपनी पंपि ने बताया कि 21 को प्रात: 6 बजे से सभी शीश कार्यक्रम प्रात: बड़े जैन मंदिर शांतिनाथ जिनालय एवं बजरिया जैन मंदिर में किए जाएंगे।

# 15 हजार की रिश्वत लेते सचिव रंगे हाथों गिरफ्तार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले के बदरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत चुकान में पुलिया निर्माण के लिए रिश्वत मांगने की शिकायत पर लोकायुक्त रीवा की टीम ने मंगलवार को पंचायत सचिव बृजेश तिवारी को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर रेस्ट हाउस में पूछताछ जारी है।

उपसरपंच शिव कुमार प्रजापति और राजेन्द्र सोनी ने शिकायत की थी कि ग्राम पंचायत सचिव बृजेश तिवारी द्वारा भाद ग्राम पंचायत में पुलिया निर्माण के लिए 20 हजार का रिश्वत मांगा गया था। रिश्वत की पहली किस्त



5 हजार रुपए सचिव को दे दिया गया था। 20 मई मंगलवार को रिश्वत की दूसरी किस्त 15 हजार लेते सचिव ब्रजेश तिवारी को लोकायुक्त टीम ने मौके पर दबिश देकर रकम सहित रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार सचिव को तुरंत भालूमाड़ा रेस्ट हाउस ले जाया गया, जहां उनसे पूछताछ जारी है। टीम के अधिकारियों ने बताया कि आगे की कार्रवाई के लिए सभी दस्तावेज और साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

# युवक ने पेड़ से फंदा लगा कर जान दी

**बटियागढ़, देशबन्धु।** मड़ियादो थाना क्षेत्र के काईखेड़ा गांव में युवक द्वारा खेत मे लगे पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबूलाल कुशवाहा पिता नर्मदा कुशवाहा उम्र 32 वर्ष निवासी काईखेड़ा ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना परिजनों ने मड़ियादो थाना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा मर्ग कार्यवाही कर शव पी एम हेतु सिविल अस्पताल हटा भिजवाया।

# खेत में बनी झोपड़ी में लगी आग



**हटा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र में सनकुईया गांव में एक खेत में बनी झोपड़ी में अचानक आग की लपटे उठते देखी गई। ग्रामीणों ने पहुंचकर कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। नर्मदा पटेल ने बताया कि दोपहर में आग लगने की सूचना मिली जब तक घर से खेत आएं तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। जब तक आग बुझाई तब तक कृषि उपकरण जल गए करीब एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

# सवारी गाड़ी अलग-अलग, नाम एक होने से यात्री हो रहे भ्रमित

**करकबेल, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल मंडल जबलपुर खंड चलने वाली इटारसी बीना इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस एवं प्रयागराज छिवकी इटारसी छिवकी प्रयागराज पैसेंजर ट्रेन के डिब्बों में एक से नाम लिखे होने से यात्री न केवल परेशान होते हैं । भ्रम होने ट्रेन भी चूक जाते हैं।




बीना इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस जिसका रुट इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, गोटेगांव, जबलपुर, कटनी, रीठी, दमोह सागर, बीना स्टेशन है । वहीं इटारसी प्रयागराज छिवकी पैसेंजर का रुट पिपरिया, नरसिंहपुर, करेली, गोटेगांव, गाडरवारा, भिटोनी, मदन महल जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, छिवकी प्रयागराज है। पर प्रश्न यह है कि ये सवारी गाड़ी अलग-अलग हैं पर ट्रेन में लगे वोर्ड एक ही गाड़ी के लगे हैं।

इस कारण से हमेशा भ्रम में यात्रा करने में मजबूर खबर के माध्यम रेल विभाग इस ओर गंभीरता से ध्यान दें तो अच्छा रहेगा। नहीं तो यात्रियों की चिंता से क्या सरोकार है।

# हत्यारे पति को आजीवन कारावास की सजा

**अनूपपुर, देशबन्धु।** प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश माया विश्वलाल की न्यायालय ने पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी 45 वर्षीय रमेश सिंह गोड निवासी ग्राम बडहर थाना कोतवाली अनूपुपर को आजीवन कारावास एवं 05 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई हैं। पैरवी लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने की।

लोक अभियोजक ने बताया कि कोतवाली अनूपपुर में 19 अक्टूबर को रमेश सिंह गोड ने पत्नी की लाठी से पीट-पीट कर हत्या कर दी जिस पर कोतवाली अनूपपुर में 20 अक्टूबर को अपराध की धारा 302 भा0द0सं0 का पंजीकृत करते हुए सभी साक्षियों के कथन लेखबद्व कर विवेचना उपरांत प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश माया विश्वलाल की न्यायालय में समक्ष चलान प्रस्तुत किया गया।

# कलयुगी पिता ने रिश्ते को किया शर्मसार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा पुलिस के द्वारा फरियादिया रोशनी साहू (परिवर्तित नाम) पति संतोष साहू (परिवर्तन नाम) उम्र 30 साल निवासी वार्ड न 19 सकोला थाना भालूमाड़ा की रिपोर्ट दर्ज कराई कि लड़की प्रीति साहू (परिवर्तित नाम) उम्र 13 वर्ष के साथ लडकी के पिता संतोष साहू (परिवर्तन नाम)पिता मोतीलाल साहू उम्र 30 वर्ष निवासी सकोला के द्वारा 19 मई को सुबह करीब 05 बजे मामा के घर ले जाने को कहकर खेत तरफ लेकर जाकर गलत काम (बलात्कार) किया है।

जिसमे अपराध की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अपराध क्र. 213/2025 धारा 64, 65(1), 351(3) बीएनएस 3, 4, 5रुह, 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पता तलाश किया गया जो आरोपी घटना के बाद घर से फरार था जो अन्य प्रांत बैंगलोर भागने के फिराक में था जिसे साईबर सेल अनूपपुर के मदद से भालूमाडा पुलिस स्टाफ अपनी सूझ बूझ एवं



## 12 साल की नाबालिग बेटी से तीन बार किया व्यभिचार, आरोपी गिरफ्तार

अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को तत्काल 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहाँ से आरोपी को जेल भेजा गया।

आरोपी को गिरफ्तार करने मे थाना प्रभारी भालूमाडा निरी संजय खलको, सहा. उप निरी. किरण मिश्रा, आर. कृपाल सिंह, स्वादेश चौहान, प्रवीण भगत तथा साईबर सेल प्र आर राजेन्द्र अहिरवार, आर. पंकज मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पीड़िता ने अपनी मां को बताई कि इसके पहले भी दो बार बलात्कार कर चुका है। उक्त घटना से आरोपी ने पिता और पुत्री के पवित्र रिश्ते को दागदार किया है।

## अवामी लीग समर्थकों ने संयुक्त राष्ट्र में विरोध प्रदर्शन किया, पार्टी से प्रतिबंध हटाने की मांग

**संयुक्त राष्ट्र, (आईएएनएस)।** बांग्लादेश में अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाए जाने के विरोध में उसके समर्थकों ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की कि संयुक्त राष्ट्र यह सुनिश्चित करे कि देश में लोकतंत्र फिर से कायम हो। यूएसए अवामी लीग के अध्यक्ष सिद्दीक रहमान ने कहा, मोहम्मद यूनुस की गैरकानूनी सरकार ने अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा दिया है, जबकि यह एक कानूनी और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई पार्टी है। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव संयुक्त राष्ट्र की मंशा के मुताबिक सभी को साथ लेकर कराए जाने हैं, तो अवामी लीग से प्रतिबंध हटाया जाना चाहिए और उसे चुनाव में हिस्सा लेने की अनुमति मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोकतंत्र बहाल हो। रहमान ने कहा कि भले ही यूनुस को नोबेल पुरस्कार मिला हो, लेकिन अब वह एक तानाशाह बन गए हैं। वह बिना चुनाव के सरकार चला रहे हैं और उन्होंने एक चुनी हुई वैध सरकार को हटा दिया है। विरोध प्रदर्शन में बोलने वालों ने कहा कि अमेरिका को बांग्लादेश में लोकतंत्र फिर से बहाल करने की मांग करनी चाहिए।

# रूस-यूक्रेन शांति वार्ता से पहले क्रेडिट वॉर! ट्रंप के बाद चीन भी शांतिदूत बनकर मैदान में कूदा




**कीव/मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से जारी युद्ध को लेकर एक बार फिर कूटनीतिक हलचल तेज हो गई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को ऐलान किया कि उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की है और इसके बाद दोनों देशों ने तुरंत शांति वार्ता शुरू करने पर सहमति जताई है। हालांकि, यह बातचीत अभी शुरू नहीं हुई है, लेकिन ट्रंप इसे अपनी एक बड़ी कामयाबी के तौर पर दुनिया के सामने पेश कर रहे हैं।

इस ऐलान के ठीक बाद चीन भी इस घटनाक्रम में सक्रिय हो गया है। मंगलवार को चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, चीन शांति के लिए किए गए सभी प्रयासों का समर्थन करता है। हम उम्मीद करते हैं कि संबंधित पक्ष बातचीत और संवाद की दिशा में आगे बढ़ते रहेंगे। चीन का बयान डिप्लोमैटिक और संतुलित है, लेकिन संकेत साफ हैं कि वह खुद को 'शांतिदूत' की भूमिका में पेश कर रहा है।

**तीन साल से चल रही जंग**– रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध फरवरी 2022 में शुरू हुआ था। रूस ने यूक्रेन पर पूरी ताकत से हमला बोला था। अब तक इस जंग में अरबों की संपदा खाक हो चुकी है और दोनों ओर से लाखों जानें जा चुकी है। लाखों लोग विस्थापित हुए हैं। कई बार युद्धविराम और शांति वार्ता की कोशिशें हुईं लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। 2023 में वॉशिंगटन, बीजिंग और इस्तांबुल में भी बैकचैनल डिप्लोमेसी के प्रयास हुए थे, लेकिन रूस ने यूक्रेन की नाटो सदस्यता और पश्चिमी समर्थन को लेकर सख्त रुख अपनाया हुआ था अभी तक रूस या यूक्रेन की तरफ से शांति वार्ता की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे और चीन की बयानबाजी से संकेत मिल रहा है कि बड़े स्तर पर कूटनीतिक गतिविधियां शुरू हो सकती हैं।

### ट्रंप ने खुद को बताया वार्ता का सूत्रधार

डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि पुतिन से उनकी दो घंटे लंबी फोन कॉल के बाद ही रूस-यूक्रेन में तत्काल शांति वार्ता की सहमति बनी। उन्होंने कहा कि अगर बातचीत आगे बढ़ती है तो इससे न सिर्फ युद्ध थमेगा बल्कि वैश्विक स्थिरता को भी बल मिलेगा। ट्रंप प्रशासन इसे उनकी डीलमेकर वाली छवि का प्रमाण बता रहा है।

### शांतिदूत बनने की कोशिश में चीन

उधर, चीन ने भी रूस-यूक्रेन सीजफायर से पहले क्रेडिट लेना शुरू कर दिया है। मंगलवार को उसके बयान से साफ है कि वह भी लंबे समय से दोनों देशों के बीच शांति चाहता है। चीन पहले भी रूस-यूक्रेन विवाद में मध्यस्थता की पेशकश कर चुका है। 2023 में राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पुतिन से मुलाकात की थी और 'शांति प्रस्ताव' का सुझाव दिया था, हालांकि उस वक्त यूक्रेन और पश्चिमी देश चीन की पहल को निष्पक्ष नहीं मानते थे। अब जब ट्रंप के दावे के बाद शांति वार्ता की जमीन बन रही है, तो बीजिंग एक बार फिर खुद को शांतिदूत के रूप में पेश करना चाहता है।

# कौन से 22 देश गाजा के लिए खुलकर आए इजरायल के खिलाफ, एक भी इस्लामिक मुल्क नहीं

**तेलअवीव।** इजरायल ने गाजा के लिए जाने वाली मदद को आंशिक रूप से मंजूरी दे दी है। गाजा को जाने वाले रास्तों से ब्लॉकेड हटा दिया है। इस बीच यूरोपीय देशों समेत कुल 22 मुल्कों ने इजरायल के खिलाफ एकजुट होकर बयान जारी किया है और मांग की है कि गाजा को मिलने वाली मदद किसी भी तरह की बाधा उत्पन्न न की जाए। दिलचस्प बात है कि इन देशों में एक भी इस्लामिक मुल्क नहीं है, जो आक्रामक होकर फिलिस्तीन का साथ देते रहे हैं और इजरायल के स्पष्ट विरोधी हैं। इन देशों में जर्मनी, फ्रांस जैसे यूरोपीय देश हैं तो वहीं जापान भी इसका हिस्सा है।

ब्रिटेन और न्यूजीलैंड ने भी इजरायल से मांग की है कि गाजा के लिए जाने वाली मदद में किसी भी तरह की रुकावट न पैदा की जाए। इजरायल के खिलाफ जिन देशों ने साझा बयान जारी किया है, उनमें ये शामिल हैं- ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, डेनमार्क, एस्टोनिया, फिनलैंड, आइसलैंड, आयरलैंड, इटली, जापान, लातविया, लिथुआनिया, लग्जमबर्ग, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल, स्लोवेनिया, स्पेन, स्वीडन और ब्रिटेन। इन देशों का कहना है कि मदद रोकने से गाजा पट्टी में भीषण हालात हैं और लोग भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। कई लोगों को गंभीर बीमारियों की दवाएं नहीं पहुंच पा रही हैं और उनके लिए जीवन बचाना भी मुश्किल साबित हो रहा है। इन देशों का कहना है कि हमें जानकारी है कि सीमित मात्रा में मदद पहुंचाने पर इजरायल राजी हुआ है, लेकिन हमारी मांग है कि मदद पहुंचने में किसी भी तरह की बाधा न रहे। दिलचस्प बात यह है कि फ्रांस, ब्रिटेन और कनाडा ने तो इजरायल को धमकी तक दी है कि यदि गाजा में मदद को रोका गया तो फिर वे पाबंदिया लगाएंगे। इसके अलावा गाजा पर सैन्य कार्रवाई भी रोकने की इन देशों ने मांग की है।

## आज का इतिहास

1758–मैरी कैम्पबेल को फ्रांसीसी और भारतीय युद्ध के दौरान पेनसिल्वेनिया में अपने घर से लेनाप द्वारा अपहरण किया गया।
1864–अमेरिकन सिविल वॉर–द यूनियन एंड कॉन्फेडरेट सेनाओं ने बैटल ऑफ स्पॉट सिल्वेनिया कोर्ट हाउस में ड्रॉ लड़ा, जिसमें लगभग 32,000 लोग हताहत हुए।
1879–पोप जॉन आठवें ने आधिकारिक तौर पर क्रोएशिया को एक स्वतंत्र, और ब्रानिमिर को अपने ड्यूक के रूप में मान्यता दी।
1881–क्लारा बार्टन ने वाशिंगटन डीसी में अमेरिकन रेड क्रॉस की स्थापना की।
1881–अमेरिकी रेड क्रॉस क्लारा बार्टन द्वारा स्थापित किया गया।
1881–यूएस नेशन लॉन टेनिस एसोसिएशन की स्थापना हुई।
1894–मैनचेस्टर शिप नहर, नॉर्थवेस्ट इंग्लैंड में ग्रेटर मैनचेस्टर को आयरिश सागर से जोड़ता है, आधिकारिक तौर पर खोला गया, उस समय दुनिया में सबसे बड़ी नहर नहर बन गई।

## सुडोकू 6919

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 6 | | | | 5 | |
| | | | | | 2 | 3 | | |
| 3 | 2 | | | | | 6 | 1 | |
| | | | 9 | 2 | | 7 | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | 4 | | 6 | 3 | | | |
| | 9 | 7 | | | | | 4 | 3 |
| | | 8 | 7 | | | | | |
| | 4 | | | | 1 | | 2 | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# पाकिस्तान को अपना बजट भी खुद तैयार करने का अधिकार नहीं, आईएमएफ की टीम बैठेगी, 50 शर्तें

**इस्लामाबाद।** आईएमएफ का कहना है कि पाकिस्तान का बजट ऐसा रहना चाहिए, जिसमें आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा एक बफर भी तैयार किया जाए। बता दें कि आईएमएफ ने पाकिस्तान को नई किस्त जारी करने से पहले 11 नई शर्तें भी रख दी हैं। इस तरह आईएमएफ की तरफ से अब तक पाकिस्तान पर कुल 50 शर्तें लाद दी गई हैं।

पाकिस्तान को लंबी जद्दोजहद के बाद आईएमएफ से एक अरब डॉलर का लोन मिलना तय हुआ है। लंबे समय से पाकिस्तान वर्ल्ड बैंक, आईएमएफ जैसी संस्थाओं और चीन जैसे देशों से कर्ज के सहारे ही चल रहा है। कई बार सऊदी अरब से भी उसे सस्ता तेल और आर्थिक मदद मिलती रही है। लेकिन इसकी एवज में उसकी संप्रभुता लगातार कम होती जा रही है। यहां तक कि वह अपने देश का बजट भी खुद तय नहीं कर सकता। 2 जून को पाकिस्तान की ओर से देश का बजट पेश करने की तैयारी है और उससे पहले आईएमएफ के साथ वह सलाह-मशविरा करेगा और तभी उसके प्रस्ताव तय किए जाएंगे। आईएमएफ की एक टीम तो सोमवार को इस्लामाबाद ही पहुंच गई है। अब पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय के अधिकारी पहले आईएमएफ की टीम से सलाह लेंगे और उसके बाद ही बजट फाइनल होगा।

सूत्रों का कहना है कि आईएमएफ तय करेगा कि पाकिस्तान में इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए कितना फंड तय किया जाए। पहले से चले आ रहे कर्ज के ब्याज चुकाने को कितनी रकम तय होगी और सुधारों पर क्या खर्च होगा। इससे पहले भी बीते कई सालों से पाकिस्तान के बजट को तैयार कराने में आईएमएफ का दखल रहा है।

आईएमएफ का कहना है कि पाकिस्तान का बजट ऐसा रहना चाहिए, जिसमें आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा एक बफर भी तैयार किया जाए। बता दें कि आईएमएफ ने पाकिस्तान को नई किस्त जारी करने से पहले 11 नई शर्तें भी रख दी हैं। इस तरह आईएमएफ की तरफ से अब तक पाकिस्तान पर कुल 50 शर्तें लाद दी गई हैं। आईएमएफ की शर्त के अनुसार पाकिस्तान का कुल बजट 17.6 ट्रिलियन रुपये का होगा। इसके अलावा उसे 1.07 ट्रिलियन रुपये ही विकास पर खर्च करने का अधिकार होगा। इसके अलावा टैक्स ढांचे को मजबूत करने और ऐग्रिकल्चर इनकम पर भी टैक्स लगाने का प्रस्ताव रखा गया है। यही नहीं आईएमएफ की शर्तों के आधार पर पाकिस्तान सरकार को गर्वनेंस ऐक्शन प्लान भी प्रकाशित करना होगा। ऐसा इसलिए किया जाएगा ताकि पाकिस्तान की सरकार को जो सुधार करने हैं, उन पर जनता की भी नजर रहे। यही नहीं बिजली दरों में छूट पर भी लगाम कसी गई है और एक हद से ज्यादा की रियायत पाकिस्तान की सरकार अपनी जनता को नहीं दे सकती।

# तुम हमास को इनाम दो, हम ट्रंप के साथ, नेतन्याहू का कनाडा और ब्रिटेन पर करारा हमला

**तेलअवीव।** गाजा में इजरायली फौज ने अब तक का सबसे बड़ा जमीनी ऑपरेशन शुरू किया है। साथ ही भुखमरी झेल रहे गाजावासियों के लिए राहत सामग्री खोलने का ऐलान भी कर दिया। इस बीच ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने गाजा में इजराइली सैन्य कार्रवाई की आलोचना की है और अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। इस पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कड़ा पलटवार किया है। उन्होंने इन देशों पर आरोप लगाया कि वे 7 अक्टूबर 2023 को हुए हमास के जनसंहार को इनाम दे रहे हैं और इजरायल को उसकी आत्मरक्षा के अधिकार से वंचित करना चाहते हैं।

नेतन्याहू ने साफ किया है कि गाजा में अब इजरायल आर-पार के मूड में है और हमास को जड़ से खत्म करके ही मानेगा। उन्होंने राहत सामग्री के इस्तेमाल को भी सिर्फ गाजा के आम लोगों तक ही पहुंचाने की बात कही है। उन्होंने फौज से सतर्क रहने को कहा कि भोजन सामग्री हमास के हाथ न लगे। इस बीच ब्रिटेन, कनाडा और फ्रांस ने गाजा में इजरायल के नए सैन्य ऑपरेशन की कड़ी आलोचना की है और इसे गाजा पर नया नरसंहार कहा है।

**नेतन्याहू का पलटवार**

नेतन्याहू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर एक तीखा बयान जारी करते हुए कहा, हमसे यह कहना कि हमास के आतंकियों के नष्ट होने से पहले ही हम अपना अस्तित्व बचाने की इस रक्षात्मक लड़ाई को रोक दें और साथ ही फिलीस्तीन को राज्य का दर्जा दें — यह उन आतंकियों को बड़ा इनाम देने जैसा है, जिन्होंने 7 अक्टूबर को इज़रायल पर जनसंहार किया। यह बर्बरता और सभ्यता के बीच का युद्ध है। इज़रायल न्यायपूर्ण तरीक़ों से अपनी रक्षा करता रहेगा, जब तक कि 'पूर्ण विजय' नहीं मिलती।


**ट्रंप के विज़न को बताया समाधान**

नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विजन को स्वीकार करता है और सभी यूरोपीय देशों से अपील करता है कि वे भी उसे अपनाएं। उन्होंने युद्ध समाप्त करने के लिए चार शर्तें भी रखी हैं। जिसमें सभी बंधकों की रिहाई, हमास का आत्मसमर्पण, हमास नेतृत्व का निर्वासन और गाजा का पूर्ण निरस्त्रीकरण शामिल है। नेतन्याहू ने यह भी कहा कि कोई भी देश इससे कम स्वीकार नहीं करेगा और इजरायल भी नहीं। नेतन्याहू ने याद दिलाया कि यह युद्ध 7 अक्टूबर 2023 को शुरू हुआ, जब हमास के आतंकियों ने सीमा पार कर 1200 इज़रायली नागरिकों की हत्या की और 250 से अधिक को गाजा में बंधक बना लिया।

### यूरोपीय देशों की नाराजगी

ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने सोमवार को संयुक्त बयान जारी कर इज़रायल की नई सैन्य मुहिम की आलोचना की, जो शनिवार से शुरू हुई है। उन्होंने गाजा में असहनीय मानवीय संकट, मानवीय सहायता पर रोक और वेस्ट बैंक में बस्तियों के विस्तार पर गहरी चिंता जताई। तीनों देशों ने इज़रायल को चेतावनी दी कि यदि उसने कार्रवाई नहीं रोकी, तो अतिरिक्त कदम उठाए जा सकते हैं, जिनमें प्रतिबंध भी शामिल हैं।

## वर्ग पहेली 6919



**बायें से दायें:-**
१.व्यापार (उर्दू)
३. जो सुनने में अप्रिय लगे
५. दाखिल, भीतर घुसा हुआ
६. सलाहकार
७. कारखाना
९. चाल, गति, वेग (उर्दू)
१०. विशेष लक्षणों से युक्त, अलौकिक
१२. झोंके के साथ दिया गया धक्का, जोर से दिया गया आघात
१३. बाजू, कांख, पहलू, पार्श्व, कपड़े का टुकड़ा जो अंगरखे कुरते आदि में कंधे के नीचे लगाया जाता है
१४. घायल और मृत
१६. धतूरा, स्वर्ण
१८. माया, जादू (उर्दू)
२०. धनहीन, दरिद्र
२१. सूर्य की किरण
२३. कशिश

**ऊपर से नीचे:-**
१. पंचांग, कैलेण्डर
२. उदारमना (उर्दू)
३. तकलीफदेह
४. झगड़ालू स्त्री
५. वर्णन, प्रतिपादन, प्रसंग
८. फायदेमंद
१०.बेचने वाला
११. माफ किया हुआ
१२. क्षणिक, अधूरा दर्शन
१३. उपद्रव, बखेड़ा (उर्दू)
१४. षडयंत्र, साजिश
१५. गर्भ (उर्दू)
१७. नृत्य करने वाला
१८. टीका, माथे पर लगाया गया चदन आदि का निशान
१९. याद करना
२२. ईश्वर, खुदा (उर्दू)

## वर्ग पहेली-6918



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# आगामी आम चुनाव में भाग नहीं ले सकेगी आवामी लीग : चुनाव आयुक्त

**ढाका, (आईएएनएस)।** बांग्लादेश के मुख्य चुनाव आयुक्त अब्दुर रहमान मसूद ने सोमवार को कहा कि आवामी लीग आगामी आम चुनावों में भाग नहीं ले सकेगी। यह बयान उन्होंने राजशाही स्थित क्षेत्रीय लोक प्रशासन प्रशिक्षण केंद्र (आरपीएटीसी) में आयोजित एक कार्यशाला 'आगामी आम चुनावों के लिए मतदाता सूची की समीक्षा' के दौरान दिया।

मसूद के अनुसार, मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने 12 मई को एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर आवामी लीग और उससे संबद्ध संगठनों की सभी गतिविधियों, चाहे वह ऑनलाइन हों या ऑफलाइन, पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि आवामी लीग की गैर-मौजूदगी में चुनावों की स्वीकार्यता पर कुछ भी कहना कठिन है। चुनाव आयोग ने बताया कि वह जून 2026 में आम चुनाव कराने की दिशा में काम कर रहा है। इस कार्यशाला में चुनाव आयोग के सचिव अख्तर अहमद, राजशाही निर्वाचन आयोग के अधिकारी और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। इस बीच, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने शनिवार को चिंता जताई कि दिसंबर में निर्धारित चुनावी समयसीमा बिना किसी तैयारी के निकल सकती है, क्योंकि मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार अभी तक चुनाव की कोई ठोस योजना या संकेत नहीं दे रही है। बीएनपी के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के नौ महीने बाद भी चुनाव को लेकर कोई गंभीर चर्चा नहीं हुई है। इसके अलावा, राखाइन क्षेत्र के लिए 'ह्यूमन कॉरिडोर' की अनुमति देने और बंदरगाह संचालन का ठेका बाहरी कंपनियों को देने जैसे विवादास्पद फैसलों से सरकार की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं।

बीएनपी नेताओं ने यह भी कहा कि पार्टी के भीतर लगातार दबाव बन रहा है कि वे सड़कों पर उतरकर सरकार पर चुनावी रोडमैप की घोषणा करने और इस साल ही चुनाव कराने का दबाव डालें।

**चिंता** *भारत-पाक के बीच बढ़ती तनातनी को लेकर सीमांत क्षेत्रों के किसान परेशान*

# तारबंदी पार खेतीबाड़ी करने को लेकर असमंजस में सीमावासी

**जम्मू, (देशबन्धु)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हालांकि सीजफायर है पर सीमांत क्षेत्रों के हालात बिगड़ते जा रहे हैं। नतीजतन सीमावासियों की रातों की नींद और दिन का चैन फिर से छीनने लगा है। बढ़ते तनाव के कारण वे चिंता में हैं कि तारबंदी के पार के खेतों में वे फसलें बोएं या नहीं।**

हालांकि अप्रत्यक्ष तौर पर बीएसएफ और सेना उन्हें करने से मना करने लगी हैं। जम्मू बार्डर पर पाक रेंजरों व पाक सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के बाद गोलाबारी करने से सीमा से सटे गांवों के लोगों में दहशत है। लोग आने वाले समय के बारे में सोचकर सहम जाते हैं। बिश्नाह के सीमावर्ती गांव पिंडी चाढ़कां, पिंडी कैंप व काकू दे कोठे गांव के सरवन सिंह, जरनैल सिंह व सौदागर सिंह के बकौल जब भी बार्डर पर पाक की तरफ से गोलीबारी होती है तो उसका असर गांव पर पड़ता है। वे कहते हैं कि अभी वर्ष 1998-99 के जख्म भरे भी नहीं हैं। जीरो लाइन पर स्थित जमीनों पर जब हम फसल लगाने जाते हैं तो पता नहीं होता कि घर लौटेंगे की नहीं। फसल पकने तक दोनों देशों का माहौल ठीक रहेगा या नहीं। पता नहीं फिर कब खेतों में माइन लगा दी जाएं और हम शरणार्थी बन जाएं। कभी परगवाल, अखनूर, कभी अब्दुल्लियां, कभी सांबा में गोलीबारी आम लोगों की नींद उड़ा रही है। आम लोग चाहे हिन्दुस्तान के पिंडी चाढ़कां, काकू दे कोठे, पिंडी कैंप के लोग हों या पाकिस्तान के वह गांव जो बार्डर के साथ लगते हैं। जैसे चारवा, बुधवाल, ठिकेरेयाला, तमाला व जरोवाल गांव के लोग कभी नहीं चाहते कि बार्डर पर फायरिंग हो।



■ पाक गोलाबारी करने से सीमा से सटे गांवों के लोगों में दहशत

वहीं सीमावर्ती गांवों में तैनात विलेज डिफेंस कमेटी के सदस्य नरेश सिंह कहते थे कि जरा सी आहट होने पर गांववासियों की रक्षा के लिए सीना तानकर दुश्मन का सामना करने के लिए तैयार हो जाते हैं। आरएसपुरा, सांबा और अखनूर सेक्टर में भी सीमांत किसान काफी डरे व सहमे हुए हैं। इतना ही नहीं यदि हालात बिगड़ते हैं तो आरएसपुरा सेक्टर के कुल 28 सीमांत गांव के किसानों की हजारों एकड़ कृषि भूमि प्रभावित हो सकती है। ऐसे में सीमावर्ती गांवों के किसान भगवान से यही दुआ कर रहे हैं कि हालात सामान्य बने रहें। सीमांत गांव चंदू चक निवासी कृष्ण लाल का कहना था कि पिछले कुछ सालों से सीमा पर गोलीबारी न होने से सीमांत गांव के लोग राहत महसूस कर रहे थे। एक बार फिर से पड़ोसी देश द्वारा सीमा पर पैदा किए गए तनाव से लोग परेशान हैं।

# खेल जगत


## कोहली, पांडे, अग्रवाल भारत के बेहतरीन फील्डर्स में से हैं : रिचर्ड



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है, और उनके फील्डिंग कोच रिचर्ड हेल्सॉल का मानना है कि आधुनिक क्रिकेट में जीत और हार के बीच का अंतर फील्डिंग है, जिसे अक्सर अनदेखा किया जाता है। आरसीबी कैंप में 'स्टिक' के नाम से मशहूर हेल्सॉल ने कहा कि फील्डिंग खेल का वह क्षेत्र है जिसके बारे में शायद सबसे कम बात की जाती है। लेकिन अब टी20 क्रिकेट में छिपने की बहुत कम जगहें हैं। आप उस डर या घबराहट के पल को कम करने की कोशिश कर रहे हैं जब गेंद आपकी ओर आ रही हो और अपने कौशल का प्रदर्शन करने में सक्षम हों। यह क्षमता केवल केंद्रित प्रशिक्षण के माध्यम से आती है। जिन बेहतरीन फील्डर्स के साथ उन्होंने काम किया है, उनमें हेल्सॉल ने एंड्रयू फ्लिंटॉफ और पॉल कोलिंगवुड का नाम लिया है।

# अहमदाबाद 3 जून को फाइनल की मेजबानी करेगा

■ दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल फाइनल का आयोजन होगा



**नई दिल्ली,** 20 मई (एजेंसियां) एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 इंडियन प्रीमियर लीग का फाइनल 3 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, अहमदाबाद 1 जून को क्वालीफायर 2 की मेजबानी भी करेगा, जबकि न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में पहले दो प्लेऑफ गेम- 29 मई को क्वालीफायर 1 और 30 मई को एलिमिनेटर की मेजबानी की उम्मीद है। कहा जाता है कि यह निर्णय भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित उच्च स्तरीय बैठकों की एक श्रृंखला के बाद लिया गया है।

ये शेड्यूलिंग और स्थल परिवर्तन मुख्य रूप से बरसात के मौसम की शुरुआत और भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पार तनाव के बीच टूर्नामेंट के हाल ही में एक सप्ताह के निलंबन के कारण लागू किए गए हैं। लीग को 9 मई को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था और 17 मई को फिर से शुरू किया गया था। मूल रूप से 25 मई को होने वाला फाइनल मैच एक सप्ताह से अधिक समय के लिए 3 जून को टाल दिया गया था। यह संभवत: तीसरी बार होगा जब दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल फाइनल का आयोजन होगा। इस प्रतिष्ठित मैदान ने पहले 2022 और 2023 में फाइनल की मेजबानी की थी। विशेष रूप से, 2022 में गुजरात टाइटन्स के डेब्यू सीजन के दौरान, अहमदाबाद को कोविड-19 प्रोटोकॉल के कारण केवल दो मैचों तक सीमित रखा गया था - वे दो क्वालीफायर 2 और फाइनल थे। टाइटन्स ने उस वर्ष खिताब जीता और इस स्थल ने 2023 में फाइनल बरकरार रखा। मई के अंत में देश के कई हिस्सों में मानसून के पैटर्न के प्रभाव के साथ, बोर्ड ने निर्बाध नॉकआउट मैचों को सुनिश्चित करने के लिए ऐतिहासिक रूप से शुष्क जलवायु वाले शहरों को चुना।

अब तक, तीन टीमों ने प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है: गुजरात टाइटन्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स। फाइनल स्थान के लिए मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच कड़ी

# दिल्ली कैपिटल्स को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए अंतिम दोनों मैच जीतने जरूरी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

■ मुंबई की कोशिश दिल्ली से रिटर्न मैच भी जीत प्ले ऑफ में पहुंचने की
■ सभी निगाहें मुंबई के सूर्य व रोहित शर्मा के बल्ले से धमाल पर



**नई दिल्ली,** 20 मई (देशबन्धु)। फिलहाल चौथे स्थान पर चल रही हार्दिक पांडया की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाने वाला मैच 2025 आईपीएल के प्ले ऑफ में पहुंचने वाली चौथी आखिरी टीम के फैसले के लिए बेहद अहम है। गुजरात टाइटंस,रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के रूप में तीन टीमें पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाई कर चुकी है। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स अपने अपने पिछले मैच में शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस से हारने के बाद बुधवार को आमने सामने होंगी। मुंबई और दिल्ली कैपिटल्स,दोनों ही अपना अपना आखिरी लीग मैच पंजाब किंग्स से जयपुर में खेलेंगी।अक्षर पटेल की अगुआई वाली केएल राहुल जैसे धुरंधर बल्लेबाज से सज्जित दिल्ली कैपिटल्स के लिए प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए बुधवार को मुंबई में मुंबई इंडियंस और 24 मई को जयपुर में पंजाब किग्स से बाकी दोनों मैच जीतने जरूरी हैं। वहीं मुंबई इंडियंस को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए अपने अंतिम दो में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स और 26मई को पंजाब किंग्स से जयपुर में अपने अंतिम लीग मैच में से एक मैच जीतना बेहद जरूरी है। मुंबई इंडियंस की कोशिश अब अपने घर मुंबई में दिल्ली कैपिटल्स से रिटर्न मैच भी जीत प्ले ऑफ में पहुंचने की होगी। मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को इस सीजन में पहले मैच मे दिल्ली कैपिटल्स को उसके घर में 12 रन से हराया था । मौजूदा सीजन का आखिरी लीग मैच मुंबई इंडियंस व पंजाब किंग्स के बीच 26 मई को जयपुर मे खेला जाएगा।प्ले ऑफ में पहुंचने चौथी व आखिरी टीम की बाबत 21 मई या 26 मई को मालूम पड़ेगा। मुंबई इंडियंस जरा भी ढील बरतने के मूड में नहीं है।

## दिल्ली व मुंबई के बीच प्ले ऑफ का गणित

मुंबई इंडियंस फिलहाल 12 मैचों में सात जीत, पांच हार के साथ 14 अंक ले चौथे और दिल्ली कैपिटल्स इतने ही मैचों में छह जीत, पांच हार और एक मैच के बारिश के चलते बेनतीजा रहने से पांचवें स्थान पर है। अपने पिछले मैच में शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस से डकवर्थ लुइस नियम आधार पर तीन विकेट से जबकि दिल्ली कैपिटल्स अपने घर दिल्ली में गुजरात टाइटंस से दस विकेट से हारी है। मुंबई इंडियंस अब बुधवार को अपने घर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भी दिल्ली को हरा देती है तो उसके 13 मैच से 16 अंक हो जाएंगे और वह पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने अंतिम लीग मैच से पहले ही प्ले ऑफ पहुंच जाएगी। दिल्ली यदि मुंबई से हारी तो वह प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो जाएगी क्योंकि तब वह पंजाब किंग्स से यदि आखिरी लीग मैच जीतती है तो भी उसके अधिकतम 15 अंक ही होगी। मुंबई इंडियंस की टीम यदि दिल्ली से रिटर्न मैच में हारती है तो उसके 14 अंक रह जाएंगे और दिल्ली के 15 अंक हो जाएंगे और तब प्ले ऑफ में पहुंचने वाली चौथी व आखिरी टीम का फैसला इन दोनों टीमों के पंजाब किंग्स के खिलाफ आखिरी लीग मैचों पर जा टिकेगा। दिल्ली यदि मुंबई इंडियंस से अपना बुधवार का मैच जीत अपने अंकों की संख्या कर लेती है लेकिन अंतिम लीग मैच में पंजाब किंग्स से हार जाती है तो मुंबई इंडियंस तब पंजाब किंग्स से अंतिम लीग मैच जीत 14 मैचों से 16 अंकों के साथ प्ले ऑफ में पहुंच जाएगी।

# खिलाड़ियों की फिटनेस समस्या ने पहुंचाया नुकसान : पंत



यह हमारे लिए सबसे अच्छा सीजन नहीं रहा। टूर्नामेंट की शुरुआत से ही हमें पता था कि चोटों के चलते टीम में बहुत सी कमियां हैं : ऋषभ पंत

**लखनऊ,** 20 मई (एजेंसियां)। चोटों ने आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को संघर्ष करने पर मजबूर किया। यही था कप्तान ऋषभ पंत का आकलन, जब सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों हारकर उनकी टीम प्लेऑफ की दौड़ से आधिकारिक रूप से बाहर हो गई। पहले बल्लेबाजी करते हुए एलएसजी ने ओपनर्स मिचेल मार्श और एडन मारक्रम की अर्द्धशतकीय पारियों की मदद से 205 रन बनाए। लेकिन कप्तान पंत के मुताबिक यह स्कोर कि कम से कम 10 रन कम' था, जिसे अभिषेक शर्मा की 20 गेंदों में 59 रनों की तूफानी पारी ने 10 गेंद शेष रहते धराशायी कर दिया। पंत ने कहा कि यह हमारे लिए सबसे अच्छा सीजन नहीं रहा। टूर्नामेंट की शुरुआत से ही हमें पता था कि चोटों के चलते टीम में बहुत सी कमियां हैं। हमने तय किया था कि हम उन पर बात नहीं करेंगे, लेकिन उन्हें भर पाना मुश्किल हो गया। पंत का इशारा उन प्रमुख खिलाड़ियों की लगातार गैरहाज़िरी की ओर था जो टीम के कोर का हिस्सा थे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान पूरा सीजन नहीं खेल पाए, वहीं तेज गेंदबाज मयंक यादव, जिन्हें एलएसजी ने रिटेन किया था, ज्यादातर वक्त बाहर रहे। मयंक ने बीच में वापसी की लेकिन पूरी तरह फिट न होने के कारण फिर से पीठ की चोट से जूझते हुए बाहर हो गए। अन्य महंगे खिलाड़ी आवेश खान और आकाश दीप भी फिटनेस समस्याओं से जूझे और सीजन के मध्य में ही प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बन सके। पंत ने कहा कि हमने जिस तरह से नीलामी की योजना बनाई थी, अगर वही बॉलिंग अटैक हमारे पास होता तो कहानी कुछ और होती।

लेकिन यही क्रिकेट है। कई बार चीजें आपके पक्ष में होती हैं, कई बार नहीं। जिस तरह से टीम ने प्रयास किया उस पर हमें गर्व होना चाहिए। हमें नकारात्मक बातों से ज्यादा सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान देना चाहिए। जब पंत से पूछा गया कि इस सीजन में टीम को क्या सकारात्मक संकेत मिले, तो उन्होंने कहा कि बैटिंग में हमारे पास काफी ताकत है, यह सबसे बड़ा पॉजिटिव है। गेंदबाजों ने भी अच्छी लाइन-लेंथ में गेंदबाजी की। हालांकि थोड़ी बहुत असंगतता थी। हमने हर स्थिति में सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की। उन्होंने आगे कहा कि हमने सीजन की शुरुआत में ठीक-ठाक प्रदर्शन किया, कई खिलाड़ियों ने अच्छा खेल दिखाया और हम कमजोरियों को छुपाने की कोशिश करते रहे।

लेकिन जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ा, प्रतिस्पर्धी टीमों के मुकाबले हमारे लिए गति बनाए रखना और कठिन होता गया।

## पंत शुरुआत से ही खराब खेले : वरुण आरोन



**लखनऊ।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने लखनऊ सुपर जायंट्स के सनराइजर्स हैदराबाद से छह विकेट से हारने के बाद कप्तान ऋषभ पंत के संघर्षपूर्ण सीजन पर अपनी राय साझा करते हुए कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज शुरुआत से ही अनिश्चित दिखे और पूरे सीजन में अपनी लय हासिल नहीं कर पाए। पंत, जिन्हें मेगा नीलामी में एलएसजी ने 27 करोड़ रुपये में साइन किया था, इस सीजन में 12 मैचों में केवल 135 रन बनाकर बुरी तरह संघर्ष करते रहे। सोमवार रात को एसआरएच के खिलाफ खेले गए मैच में, वह छह गेंदों में मात्र सात रन बनाकर आउट हो गए। आरोन ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि एलएसजी उन पर निर्भर थी, खास तौर पर मध्यक्रम में। मार्श को छोड़कर किसी ने रन नहीं बनाए। पंत शुरू से ही अनिश्चित दिखे और इस सीजन में कभी भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। यह खिलाड़ी के फॉर्म से बाहर होने का संकेत है। बेहतरीन फॉर्म में पंत उस शॉट को स्टैंड में मार देते। आज उन्होंने सीधे गेंदबाज को गेंद दी। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और जल्द ही बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि पंत को फॉर्म में आने के लिए अपने दृष्टिकोण का पुनर्मूल्यांकन करने और उसे समायोजित करने की जरूरत है। उन्हें बस अपने दृष्टिकोण को थोड़ा समायोजित करने की जरूरत है। इस साल उन्होंने स्क्वायर के पीछे रन नहीं बनाए हैं - गेंदबाज उन्हें ऐसे शॉट खेलने नहीं दे रहे हैं। अरुण जेटली (स्टेडियम) में, 45 डिग्री के कोण ने उनके लिए काम किया। बड़े मैदानों पर, उन्होंने ऐसा नहीं किया।

## पंत आखिरी दो मैचों में वापसी करेंगे : मार्श



**लखनऊ।** सुपर जायंट्स के बल्लेबाज मिशेल मार्श ने कप्तान ऋषभ पंत का समर्थन करते हुए कहा कि वे सीजन के आखिरी दो मैचों में दमदार प्रदर्शन करेंगे, क्योंकि अब तक उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है, जिसके कारण वे लगातार दूसरे साल प्लेऑफ से बाहर हो गए हैं। पंत अब तक 12 मैचों में केवल 135 रन बनाकर अपने सबसे खराब आईपीएल सीजन का अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने इस सीजन में केवल एक अर्धशतक बनाया है और 100 के स्ट्राइक रेट से उनका टूर्नामेंट में अब तक का सबसे कम स्ट्राइक रेट रहा है। पंत ने एकमात्र सीजन जिसमें उन्होंने 200 से कम रन बनाए, वह 2016 में आया था, जब उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स (तब दिल्ली डेयरडेविल्स) के लिए आईपीएल में पदार्पण किया था। उनके फॉर्म ने एलएसजी के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को भी प्रभावित किया। लीग चरण में दो मैच बचे हैं, मार्श को लगता है कि पंत बाकी बचे मैचों में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। हम जानते हैं कि वह एक शानदार खिलाड़ी है, बेहद कुशल और बेहद प्रतिभाशाली है, इसलिए वह वापस आएगा, लेकिन हां, उम्मीद है कि आखिरी दो मैच। मार्श ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे लगता है कि आत्ममंथन का समय शायद सीजन के बाद होगा और मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से सिर्फ हमारी टीम और हमारी फ्रेंचाइजी के लिए अगले दो मैच जीतने में योगदान देने की कोशिश पर ध्यान केंद्रित करना है। जैसा कि मैंने कहा, आईपीएल एक बहुत बड़ा टूर्नामेंट है और जीत का अंतर बहुत कम है।

## सार संक्षेप

### बेयरस्टो, ग्लीसन और असलंका को मुम्बई ने किया अनुबंधित

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रैंचाईची मुंबई इंडियंस ने इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और श्रीलंका के चरित असलंका को विल जैक्स, रयान रिकलटन और कॉर्बिन बॉश के स्थान पर अस्थायी तौर पर टीम में जगह दी है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मुम्बई इंडियंस ने बेयरस्टो को 5.25 करोड़ रुपये, तेज गेंदबाज ग्लीसन को एक करोड़ और असलंका को 75 लाख रुपये में अनुबंधित किया है। ये खिलाड़ी मुंबई इंडियंस प्लेऑफ में जगह बनाने पर टीम के साथ उपलब्ध रहेंगे। मुम्बई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच बुधवार प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए भिड़ंत होगी। जैक्स 26 मई को मुम्बई इंडियंस का अंतिम लीग मैच खेलने के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की एकदिवसीय श्रृंखला के कारण टूर्नामेंट बीच में ही छोड़ देंगे। वहीं, रिकलटन और बॉश वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की तैयारी के लिए दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे।

### वर्षा प्रभावित मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय

मुम्बई। देशभर में मानसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल के लीग चरण के बारिश से प्रभावित होने वाले मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शासकीय परिषद ने बारिश के कारण बाधा होने की स्थिति में पूरे 40 ओवर का मैच कराये जाने के लिए 120 मिनट का अतिरिक्त समय दिये जाने निर्णय लिया है। इससे पहले केवल प्लेऑफ मैचों में दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाता है।


**FORM NO. 14**
[See Regulation 33(2)]

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**

797/2, Shantikunj, South Civil Lines, Jabalpur-482001

**DEMAND NOTICE**

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT 1961.

**RC/248/2016** **28-04-2025**

**ALLAHABAD BANK (INDIAN BANK)**
**Versus**
**KAMAL SAHNI SAHNI**

To, **(CD 1) KAMAL SAHNI SAHNI,** MIG- 29, BANDHAVGARH COLONY, SATNA (M.P.)- 485001

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR in **OA/227/2014** an amount of **Rs. 2139635.00 (Rupees Twenty One Lakhs Thirty Nine Thousands Six Hundred Thirty Five Only)** along with pendentellite and future interest @ 12% Simple Interest Yearly w.e.f. **25/08/2014** till realization and costs of **Rs. 46055 (Rupees Forty Six Thousands Fifty Five Only)** has become due against you (Jointly and severally / Fully / Limited).

(2) You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
(3) You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
(4) You are hereby ordered to appear before the undersigned on **01/08/2025** at 10.30 am for further proceedings.
(5) In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.
(b) All cost, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceeding taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **28/04/2025.**

Seal

**Recovery Officer**
**Debts Recovery Tribunal, Jabalpur (M.P.)**


# रोहित, विराट टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए संन्यास से वापस लौटना चाहिए: योगराज



## 20 जून से शुरू होने वाली है पांच मैचों की टेस्ट सीरीज

रोहित और कोहली के संन्यास लेने के कारण आगामी इंग्लैंड दौरे पर टीम के सबसे वरिष्ठ बल्लेबाजों की कमी खलेगी : योगराज

**नई दिल्ली,** 20 मई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली, जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था, को देश के लाल गेंद वाले क्रिकेट को बचाने के लिए अपने फैसले को वापस लेना चाहिए। रोहित और कोहली के संन्यास लेने के कारण आगामी इंग्लैंड दौरे पर टीम के सबसे वरिष्ठ बल्लेबाजों की कमी खलेगी, जहां भारत को 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है।

67 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर, जिन्होंने अपने बेटे युवराज सिंह के अलावा शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा जैसे मौजूदा खिलाड़ियों को कोचिंग दी है, ने कहा कि कोहली के पास क्रिकेट को देने के लिए अभी और साल हैं।योगराज ने मंगलवार को कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली को भारतीय टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए संन्यास से वापस लौटना चाहिए। यह समय अपने बारे में सोचने का नहीं है - यह समय देश, प्रशंसकों और खेल के प्रति लोगों की गहरी भावनाओं के बारे में है। विराट में अभी कम से कम दस साल का क्रिकेट बाकी है। जहां तक रोहित का सवाल है, अगर वह मेरे पास आते हैं, तो मैं सुनिश्चित करूंगा कि वह फिर से पूरी तरह फिट हो जाएं। इस अनुभवी क्रिकेटर ने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को खिलाड़ियों को उनके कठिन समय में सहयोग करना चाहिए ताकि खिलाड़ी बढ़ते दबाव के आगे न झुकें। वर्ष 2011 में युवराज सिंह, हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग जैसे खिलाड़ियों को बिना किसी स्पष्ट कारण के टीम से बाहर कर दिया गया था। जब युवराज ने संन्यास लिया, तो मैंने उसे डांटा - मैंने उसे दबाव में न आने के लिए कहा। वह अविश्वसनीय रूप से फिट था और अभी भी है।

# दिग्वेश पर जुर्माना तो अभिषेक पर एक मैच का बैन




**लखनऊ,** 20 मई (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग(आईपीएल) 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के स्पिनर दिग्वेश राठी और सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा आपस में भिड़ गए। सोमवार को लखनऊ और हैदराबाद के बीच मैच खेला गया था, जहां दोनों खिलाड़ी आपस में उलझ गए। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुई। दोनों खिलाड़ियों के इस बर्ताव को देखते हुए दंडित किया गया है। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के गेंदबाज दिग्वेश राठी पर सोमवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही खिलाड़ी पर एक मैच का बैन भी लगाया गया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया है, चूंकि इस सत्र में उनके खाते में पांच डिमेरिट अंक हैं - जिसके कारण उन पर एक मैच का निलंबन लगाया गया है - इसलिए दिग्वेश अब एलएसजी के अगले मैच में नहीं खेलेंगे जो कि 22 मई को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ होना है। दूसरी ओर, आईपीएल के एक बयान में आगे कहा गया।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 | +0.482 |
| 2- | पंजाब किंग्स | 12 | 8 | 3 | 17 | +0.389 |
| 3- | गुजरात टाइटंस | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.793 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 12 | 7 | 5 | 14 | +1.156 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 11 | 6 | 4 | 13 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 13 | 5 | 6 | 12 | +0.193 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 5 | 6 | 10 | +0.469 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 6 | -1.192 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 13 | 3 | 10 | 6 | -0.701 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 12 | 3 | 9 | 4 | -0.922 |

# अर्थ जगत

## हिंडाल्को इंडस्ट्रीज का शुद्ध लाभ 66 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख धातु कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 66 प्रतिशत बढ़कर 5,284 करोड़ रुपए रहा है। कंपनी का जनवरी-मार्च 2024 में मुनाफा 3,174 करोड़ रुपए रहा था। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज की ओर से जारी बयान के अनुसार, समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 64,890 करोड़ रुपए हो गई जो पिछले साल समान अवधि में 55,994 करोड़थी। वहीं समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 16,002 करोड़ और परिचालन आय बढ़कर 2,38,496 करोड़ रुपए रही।



# शेयर बाजार में भारी गिरावट,सेंसेक्स 873 अंक टूटा

### निवेशकों के 5.35 लाख करोड़ डूबे

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन आज 20 मई को घटकर 438.32 लाख करोड़ रुपए पर आ गया, जो इससे पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार 19 मई को 443.67 लाख करोड़ रुपए रहा था। इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 5.35 लाख करोड़ रुपए घटा है या दूसरे शब्दों में कहें तो निवेशकों की संपत्ति में करीब 5.35 लाख करोड़ रुपए की



*मुम्बई। मंगलवार को शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली। बाजार ने हरे निशान में कारोबार शुरू किया था लेकिन कुछ ही समय बाद ये लाल निशान में पहुंच गया। सुबह करीब 10.46 बजे बाजार एक बार फिर हरे निशान में आया था। हालांकि, जब बाजार में दोबारा गिरावट शुरू हुई तो ये धीरे-धीरे भयावह रूप धारण करती चली गई। मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 872.98 अंकों (1.06 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 81,186.44 अंकों पर बंद हुआ। आज एनएसई का निफ्टी 50 भी 261.55 अंकों (1.05 प्रतिशत) के नुकसान के साथ 24,683.90 अंकों पर बंद हुआ। बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है।*

**इन शेयरों में दर्ज की गई भारी गिरावट-** मंगलवार को एटरनल के शेयर 4.24 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 2.76 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 2.04 प्रतिशत, नेस्ले इंडिया 1.92 प्रतिशत, पावरग्रिड 1.92 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 1.82 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.82 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 1.62 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.51 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 1.29 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.25 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.20 प्रतिशत, टाटा मोटर्स 1.12 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 1.07 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक 1.00 प्रतिशत, टाइटन 0.97 प्रतिशत, सनफार्मा 0.95 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक 0.88 प्रतिशत, लार्सन एंड टुब्रो के शेयर 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

**क्यों आई इतनी बड़ी गिरावट-** विदेशी संस्थागत निवेशक सतर्क हो गए हैं। उन्होंने 19 मई को 526 करोड़ रुपये निकाले, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक भी इस दौरान 238 करोड़ रुपये के शेयर बेचकर पैसे निकाले लिए। इस साल अब तक, विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से 1.09 लाख करोड़ रुपये के शेयर बेचकर पैसे निकाले हैं, जबकि डीआईआई ने 2.30 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की है। इनके अलावा, एटरनल में लगभग 4 प्रतिशतकी गिरावट आई। चार्ट पर निफ्टी ओवरबॉट जोन रहा था। एक्सपर्ट्स ने कहा कि निफ्टी शॉर्ट टर्म में ओवरबॉट लग रहा था, क्योंकि सोमवार को मंदी की कैंडल और इनसाइड बार पैटर्न ने बाजार की अनिर्णयता को दर्शाया। मंगलवार को, सूचकांक 25,000 अंक से ऊपर रहने में विफल रहा और 24,900-24,800 के प्रमुख सपोर्ट को तोड़ दिया।

### जमकर हुई मुनाफा वसूली

भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम की घोषणा के बाद भारतीय बाजार में ताबड़तोड़ तेजी दर्ज की गई थी। इससे सेंसेक्स और निफ्टी में करीब 4 प्रतिशत की उछाल देखी गई थी। इस उछाल के बाद से कई निवेशकों ने मुनाफावसूली शुरू कर दी थी, जिसका असर आज भी देखा गया। हैवीवेट स्टॉक्स में बिकवाली के दबाव ने इंडेक्स को बुरी तरह से प्रभावित किया। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और बजाज फाइनेंस सबसे ज्यादा गिरावट वाले शेयरों में शामिल रहे।

# वीजा हो रहे निरस्त और कई सामानों का भी हो रहा बॉयकॉट

## पाक का साथ देकर बुरे फंसे तुर्किए और अजरबैजान



*नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के दौरान पाकिस्तान के सपोर्ट में उतरे तुर्की को लेकर भारत के लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। इसी का नतीजा है कि देश भर में बायकॉट तुर्की की मुहिम तेज हो गई है. भारत में आम जनता से लेकर कारोबारियों तक इसे अपना समर्थन दे रहे हैं. इसी क्रम में तुर्की में बने सामानों से लेकर टर्किश एयरलाइन तक का लोग बहिष्कार कर रहे हैं. तुर्की से इम्पोर्ट होने वाले चॉकलेट, कपड़ों के ब्रांड्स, फ्रूट्स तक को खरीदने से लोग कतरा रहे हैं।*

**तुर्की और अजरबैजान की ट्रिप कैंसिल -** लोग तुर्की और अजरबैजान की अपनी ट्रिप तक को कैंसिल कर रहे हैं. बिजनेसटुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वीजा प्रोसेसिंग प्लेटफॉर्म एटलिस ने बताया कि तुर्की और अजरबैजान दोनों देशों के लिए वीजा एप्लीकेशन में भी 42 परसेंट तक की गिरावट आई है. ऑपरेशन सिंदूर के बाद 36 घंटे के भीतर तुर्की या अजरबैजान के लिए वीजा प्रॉसेस को बीच में ही छोड़ने वाले भारतीयों की संख्या में भी 60 परसेंट तक की वृद्धि हुई है। इससे पहले 15 मई को ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) ने ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो सेवा प्रदाता सेलेबी के लिए सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी।

**मध्य प्रदेश की सरकार ने उठाया ये कदम-** इतना ही नहीं, 4.5 लाख एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स का प्रतिनिधित्व करने वाले अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्पाद वितरक संघ ने कई टर्किश प्रोडक्ट्स के बॉयकॉट का आह्वान किया है. सिर्फ यही नहीं, मध्य प्रदेश की सरकार ने भोपाल और इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट्स में शामिल तुर्की की एक फर्म की जांच के आदेश दिए हैं.

# एपल ने डोनाल्ड ट्रंप को दिखाया ठेंगा!

### भारत में किया अरबों का निवेश



*नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत में आई-फोन उत्पादन पर आपत्ति जताने के बावजूद, एपल के सीईओ टिम कुक ने अपनी रणनीति में कोई बदलाव नहीं किया है।*

कंपनी के मैन्युफैक्चरिंग साझेदार फॉक्सकॉन और होन हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री जिसे फॉक्सकॉन के नाम से जाना जाता है, ने भारत में बड़े पैमाने पर निवेश की घोषणा की है। पिछले पांच दिनों में फॉक्सकॉन ने 1.48 अरब डॉलर (करीब 12,800 करोड़) का निवेश किया है, जबकि होन हाई ने भारत में 1.5 अरब डॉलर (12,500 करोड़ से अधिक) के निवेश की पुष्टि की है। दोनों कंपनियों ने यह जानकारी अपनी स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में दी है।

**तमिलनाडु बना मैन्युफैक्चरिंग हॉटस्पॉट-** फॉक्सकॉन ने यह निवेश अपनी सिंगापुर यूनिट के जरिए तमिलनाडु स्थित युजान टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड में किया है। 14 मई से 19 मई के बीच किया गया यह निवेश एपल की भारत में आई-फोन उत्पादन बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। दूसरी ओर, होन हाई ने अपने ताइवानी निवेशकों को सूचित किया है कि वह चीन से प्रोडक्शन शिफ्ट कर भारत में निर्माण बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# सोने के भाव घटकर 93,000 के नीचे



चांदी की कीमतों में भी नरमी

*मुम्बई। सोने चांदी के वायदा भाव आज गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। दोनों के वायदा भाव आज गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय घरेलू बाजार में आज सोने के भाव 92,850 रुपये, जबकि चांदी के भाव 95,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतराष्ट्रीय बाजार में भी सोने चांदी के वायदा भाव में नरमी देखी जा रही है।*

सोने के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट आज 296 रुपये की गिरावट के साथ 93,001 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 93,297 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 416 रुपये की गिरावट के साथ 92,881 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रैक्ट आज 128 रुपये की गिरावट के साथ 95,325 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 95,453 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 446 रुपये की गिरावट के साथ 95,007 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था।

### आयात को लेकर नए सख्त नियम लागू

भारत सरकार ने सोना और चांदी के आयात को लेकर नए सख्त नियम लागू किए हैं। ये नियम खासतौर पर अधबने, पूरी तरह से न बने या पाउडर रूप में मौजूद सोने-चांदी पर लागू होंगे, जिनका उपयोग अक्सर औद्योगिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है। सरकार का यह कदम 2026 के केंद्रीय बजट में घोषित प्रस्तावों के अनुरूप है। अब केवल नामित एजेंसियां, कुछ चुनिंदा आभूषण निर्माता और भारत-यूएई समझौते के तहत टैरिफ रेट कोटा धारक ही इस प्रकार का आयात कर सकेंगे यानी आम व्यापारियों या यात्रियों के लिए दुबई से सीधे सोना लाना अब मुमकिन नहीं होगा। दरअसल, कुछ व्यापारी दुबई से 99 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना प्लेटिनम के रूप में दिखाकर कम कस्टम ड्यूटी का लाभ उठा रहे थे। भारत और यूएई के बीच हुए समझौते में कुछ धातुओं पर टैक्स छूट दी जाती है और इसी का दुरुपयोग हो रहा था। अब सरकार ने ऐसे मामलों पर रोक लगाने के लिए 99 प्रतिशत या उससे अधिक शुद्ध प्लेटिनम के लिए एक अलग एचएस कोड (हैरमोनाइज्ड सिस्टम कोड) लागू किया है। यह कोड आयात-निर्यात के वर्गीकरण और कर निर्धारण के लिए प्रयोग होता है।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 64 |
| एक यूरो | 96. 22 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 114. 18 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 80 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |

परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 118 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 126 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-132 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

दुल्हन श्री आभूषण
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 96000 चांदी -98800

सोहन लाल एण्ड संस
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 96000 चांदी -98800

## दाल- चावल भाव

महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 10000-11500, फाइन 115000-12000, एकस्ट्रा बोल्ड 13000-13500, चना दाल एवरेज 7200-7300 चना दाल मार्का 7500-7700, मसूर दाल एवरेज 7500-7600, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका9000-9200, फाइन 9200-9500, उड़द धुली 10500-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 9800- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4500-4600, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

## लोहा भाव

अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# एसी- कोल्ड ड्रिंक और टैल्क कंपनियों को लगा झटका

## अप्रैल और मई में उम्मीद के मुताबिक नहीं बढ़ा तापमान

*नई दिल्ली। गर्मी के मौसम से उम्मीद लगाए बैठी कूलिंग प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनियों को इस बार बड़ा झटका लगा है। अप्रैल और मई में उम्मीद के मुताबिक तापमान नहीं बढ़ा, जिससे एसी, कोल्ड ड्रिंक और टैल्कम पाउडर जैसी वस्तुओं की बिक्री में भारी गिरावट दर्ज की गई है। नतीजतन, इन कंपनियों को अपने उत्पादन में 25 प्रतिशत तक की कटौती करनी पड़ी है।*



**आईएमडी की गर्मी की भविष्यवाणी महंगी पड़ी-** भारतीय मौसम विभाग ने इस साल भीषण गर्मी की भविष्यवाणी की थी, जिसके आधार पर कंपनियों ने मार्च तक बड़े पैमाने पर स्टॉक जमा कर लिया। उन्हें उम्मीद थी कि 2024 की तरह इस बार भी बिक्री के रिकॉर्ड टूटेंगे लेकिन अपेक्षाएं धराशायी हो गईं। परिणामस्वरूप अब कंपनियों के पास अनबिके स्टॉक का बोझ है, जिसे निकाल पाना मुश्किल हो रहा है।

**कंपनियों की प्रतिक्रिया-** गोदरेज एंटरप्राइजेज के एप्लायंस बिजनेस हेड कमल नंदी के अनुसार, एसी की बिक्री दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में पिछले साल की तुलना में 25-30 प्रतिशत तक घट गई है। इसलिए, हमें उत्पादन में 20 प्रतिशत की कटौती करनी पड़ी है। ब्लू स्टार के एमडी बी. त्यागराजन ने कहा कि अप्रैल में एसी की बिक्री में 15-20 प्रतिशत की गिरावट हुई, जबकि उन्हें 20-25 प्रतिशत बढ़ोतरी की उम्मीद थी। उनका मानना है कि उत्पादन घटाकर स्टॉक संतुलन में लाया जा सकता है। एक बड़ी कोल्ड ड्रिंक कंपनी के अधिकारी ने बताया कि मांग में कमी के कारण दक्षिण और पूर्वी इलाकों में शिफ्टों की संख्या घटा दी गई है। पहले जहां दो शिफ्टों में उत्पादन होता था, अब एक ही शिफ्ट में काम हो रहा है।

**टैल्कम कंपनियों पर भी असर-** इमामी जैसी कंपनियों ने बताया कि बारिश और कम तापमान की वजह से उनके टैल्कम पाउडर की बिक्री पर भी असर पड़ा है, खासकर दक्षिण और पूर्व भारत में। उन्होंने गर्मी की तीव्रता के पूर्वानुमान के आधार पर भारी विज्ञापन और उत्पादन किया था, जो अब घाटे का कारण बन गया है।

# एयरटेल और गूगल ने गूगल वन सब्सक्रिप्शन देने के लिए साझेदारी की

*जबलपुर। भारत की अग्रणी टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल और गूगल ने एक साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत एयरटेल के ग्राहकों को गूगल वन क्लाउड स्टोरेज सब्सक्रिप्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।*

यह पहल उन ग्राहकों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगी, जो सीमित डिवाइस स्टोरेज की समस्या का सामना कर रहे हैं। एयरटेल के सभी पोस्टपेड और होम वाई-फाई ग्राहक इस पेशकश के तहत छह महीने तक 100 जीबी का गूगल वन क्लाउड स्टोरेज बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के प्राप्त कर सकेंगे। ग्राहक यह स्टोरेज पांच अन्य लोगों के साथ साझा भी कर सकेंगे। एयरटेल और गूगल की यह साझेदारी उस बढ़ती हुई चुनौती का समाधान करने के उद्देश्य से की गई है, जिसमें उपभोक्ता सीमित स्टोरेज के कारण बार-बार फाइलें डिलीट करने या महंगे फिजिकल स्टोरेज विकल्पों का सहारा लेने को मजबूर होते हैं। इस सुविधा से ग्राहक अपने फोटो, वीडियो, दस्तावेज़ और अन्य डिजिटल सामग्री को बिना किसी झंझट के स्टोर कर पाएंगे। इसके अतिरिक्त, एंड्रॉइड यूज़र्स के लिए व्हाट्सएप चैट्स का बैकअप भी गूगल अकाउंट स्टोरेज में सुरक्षित रहेगा, जिससे नए डिवाइस में स्थानांतरण आसान हो जाएगा।

यह क्लाउड स्टोरेज सुविधा एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होगी, जिससे एयरटेल के विस्तृत और विविध ग्राहक वर्ग को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इस साझेदारी पर बात करते हुए सिद्धार्थ शर्मा, डायरेक्टर मार्केटिंग और सीईओ-कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहा, आज स्मार्टफोन सिर्फ संचार का माध्यम नहीं, बल्कि पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को सुचारु ढंग से मैनेज करने का जरिया बन गए हैं।

# दुनिया के सबसे ताकतवर बैंकर की होश उड़ाने वाली चेतावनी

*नई दिल्ली। दुनिया के सबसे प्रभावशाली बैंकरों में से एक और जेपी मॉर्गन चेस के सीईओ जेमी डिमोन ने अमेरिका की मौजूदा टैरिफ नीति को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापारिक रणनीति से अमेरिका की आर्थिक स्थिरता खतरे में पड़ सकती है।*

डिमोन ने जेपी मॉर्गन की वार्षिक निवेशक बैठक में कहा कि भले ही फिलहाल बाजार में तेजी नजर आ रही हो लेकिन उसके पीछे एक गहरा और नजरअंदाज किया गया खतरा छिपा है। उन्होंने कहा कि टैरिफ की वजह से आने वाले हफ्तों में शेयर बाजार में 10 प्रतिशत तक की गिरावट हो सकती है।



डिमोन ने कहा, अमेरिका की प्रति व्यक्ति जीडीपी 85,000 डॉलर है, जबकि चीन की मात्र 15,000 डॉलर, लेकिन यह जरूरी है कि हम जिम्मेदार व्यापार नीति अपनाएं। उन्होंने ट्रंप की टैरिफ नीति को चरम और खतरनाक करार दिया और कहा कि इससे बढ़ती महंगाई, व्यापार में अनिश्चितता और एसेट्स की कृत्रिम वैल्यू अमेरिका की नींव को कमजोर कर सकती हैं।

**मंदी आई तो संभाल नहीं पाएगा केंद्रीय बैंक-** उन्होंने आगाह किया कि यदि टैरिफ नीति से आर्थिक मंदी आती है, तो अमेरिकी फेडरल रिजर्व जैसे केंद्रीय बैंक भी शायद उसे नियंत्रित नहीं कर पाएंगे। डिमोन ने यह भी जोड़ा, केंद्रीय बैंक सिर्फ ब्याज दर तय करते हैं लेकिन वे सर्वशक्तिमान नहीं हैं।

**कॉरपोरेट कर्ज संकट की संभावना-** डिमोन ने कंपनियों के बढ़ते कर्ज को खराब जोखिम बताया और कहा कि अमेरिका में जल्द ही एक क्रेडिट क्रंच (ऋण संकट) पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि जो कंपनियां सालों से सस्ते कर्ज पर निर्भर थीं, वे अब मुश्किल में हैं।

**वालमार्ट और जीएम भी चिंतित-** डिमोन की चेतावनी ऐसे वक्त आई है जब वालमार्ट, जनरल मोटर्स, जेटब्लू और वाल्वो जैसी दिग्गज कंपनियां टैरिफ के बढ़ते प्रभाव को लेकर पहले ही लागत में वृद्धि और अनिश्चितता की बात कर चुकी हैं।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोनः 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

प्लॉट उपलब्ध हैं
न्यू भेड़ाघाट के निकट प्रस्तावित रिंग रोड के पास फार्म हाउस हेतु लगभग 6000, 12000, 18000+ वर्गफुट के प्लॉट @ रु. 350 प्रति वर्गफुट उपलब्ध हैं. संपर्क करें - अनिल यादव, ग्राम सकरी
संपर्कः 6264760614
देवेन्द्र : 9993737969

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# जबलपुर ज़ोन

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

'स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'

# सरकारी अस्पतालों में बच्चों को दी जा रहीं थी अमानक दवाएं

## परीक्षण में खुलासा, पैरासिटामाल, मल्टीविटामिन सहित अन्य दवाओं पर रोक

***जबलपुर, देशबन्धु।*** *शहर के साथ ही प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में चल रही एक शर्मनाक वास्तविकता दवाओं के गुणवत्ता में सामने आई हैं। शहर के साथ प्रदेश के अस्पतालों में अमानक दवाओं का खुलासा दवाओं के परीक्षण में हुआ। इस गड़बड़ी का शर्मनाक पहलू यह हैं कि मासूम बच्चों को गुणवत्ता विहीन पेरासिटामोल, मल्टी विटामिन की दवाएं दी जा रही थीं। परीक्षण में गुणवत्ता की कसौटी पर खरी न उतरने वाली इन दवाओं पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई हैं।*

**ये दवाएं हुई गुणवत्ता जांच में फेल**- मई में फेल हुई दवाईयों में मिर्गी के इलाज में उपयोगी लैवेसेटम 500 एमजी टैबलेट, मल्टी विटामिन टैबलेट में विटामिन-सी टैबलेट एवं मल्टीविटामिन टैबलेट, पहले से प्रतिबंधित अन्य दवाइयों में बच्चों को बुखार में दिया जाने वाला पेरासिटामोल ड्रॉप, आयरन सिरप और विटामिन डी3 ड्रॉप्स शामिल हैं।

**फिर क्यों चल रही जांच और ब्लैक लिस्ट करने की औपचारिकता**- मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सप्लाई कॉर्पोरेशन ने जिन कंपनियों की दवाएं अमानक पाई गई हैं, उन्हें अगली सूचना तक ब्लैकलिस्ट कर दिया



है। साथ ही, निर्देश दिए गए हैं कि सभी अस्पतालों में इन दवाओं का उपयोग रोका जाए और स्टॉक वापस मंगाया जाए। विभागीय सूत्रों के मुताबिक कॉर्पोरेशन दो-तीन माह के अंतराल में जांच कर दवाईयों को अमानक पाए जाने पर सप्लाई पर रोक लगा देती हैं लेकिन इससे दवा आपूर्ति करने वाले निर्माताओं को कोई फर्क नहीं पड़ रहा हैं। सूत्रों की मानें तो दवा आपूर्ति करने वाले निर्माताओं ने न सिर्फ कई नामों से कंपनियां बना रखी हैं बल्कि वे उक्त कंपनी के नाम की दवाईयों का बहुत कम समय पर निजी लैब्स से रिपोर्ट तैयार करा कर आपूर्ति चालू रख रहे हैं। यानि दवा आपूर्ति करने वाले वही रहते हैं सिर्फ दवाएं भी वही रहती हैं सिर्फ पैकिंग बदल दी जाती हैं जिसकी आपूर्ति तब तक जारी रहती हैं जब तक वह अमानक न ठहरा दी जाए।

### दो तरह की रिपोर्ट उठा रहीं लैब टेस्टिंग पर सवाल

इन दवा निर्माता कंपनियों का रसूख कहें या फिर चिकित्सा विभाग में इनका रसूख इन दवाओं को निजी लैब से पास कर दिया गया वहीं सरकारी लैब में परीक्षण में ये फेल हो गईं। निजी लैब से पास और सरकारी लैब से फेल जैसी चौंकाने वाली बात इसकी जांच रिपोर्ट में सामने आई। दवा निर्माता कंपनियों द्वारा भेजी गई जांच रिपोर्ट में ये दवाएं मानक पाई गई थीं। ये रिपोर्ट्स निजी लैबों और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त थर्ड पार्टी लैब से आई थीं। लेकिन जब इन्हीं दवाओं के सैंपल बाद में राज्य औषधि प्रयोगशाला और केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए तो वे अमानक पाई गईं।

### 6 दवाएं पाई गई गुणवत्ता विहीन

शहर के साथ ही समूचे प्रदेश के सरकारी अस्पतालों की छह दवाएं गुणवत्ता परीक्षण में फेल हुई। इनमें पेरासिटामोल ड्रॉप और मल्टीविटामिन समेत 6 दवाओं पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही निर्धारित समय तक आपूर्ति से प्रतिबंधित भी कर दिया गया हैं। मध्य प्रदेश में पब्लिक हेल्थ सप्लाई कॉर्पोरेशन द्वारा आपूर्ति की जा रही छह दवाएं गुणवत्ता जांच में खरी नहीं उतरी। इनमें बच्चों के लिए इस्तेमाल होने वाली पेरासिटामोल ड्रॉप, विटामिन-सी, और मल्टीविटामिन दवाएं शामिल हैं। इन दवाओं के उपयोग पर तत्काल रोक लगा दी गई है और संबंधित दवा कंपनियों को निर्धारित समय तक आपूर्ति से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# अग्निशमन उपकरण, सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाने वाले स्कूल वाहनों की अब खैर नहीं

## परिवहन विभाग की कार्रवाई से बस मालिकों में हड़कंप

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में परिवहन विभाग ने स्कूलों में चलने वाली बसों और दूसरे वाहनों के खिलाफ अभियान शुरू किया है। इसमें अग्नि शमन उपकरण, सीसीटीवी कैमरा और फर्स्ट-एड जैसी सुविधाएं नहीं पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इससे जिले में ऐसे वाहन चालक-मालिकों में हड़कंप हैं जिनकी बसे, मारूति वैन, इत्यादि स्कूली विद्यार्थियों को स्कूल छोड़ने का काम कर रही हैं। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि कई बार स्कूल बस चालकों की लापरवाही या जरूरी बचाव के साधन मुहैया नहीं होने पर घायलों की संख्या बढ़ जाती है या उन्हें समय पर उपचार नहीं मिल पाता है।

परिवहन विभाग के आला अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं जिला के परिवहन अधिकारी जितेंद्र सिंह रघुवंशी के निर्देशन में छापामार शैली में स्कूलों में बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहनों पर नजर रखी जा रही है। इसमें प्रमुख स्कूलों को पहले चरण में कार्रवाई की श्रेणी में रखा गया है। जिसके चलते स्कूल परिसर या आस-पास खड़े वाहनों की जांच की जा रही है। इसके लिये टीमों का गठन किया गया है।



20 मई को श्री गुरू रामदास खालसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में निरीक्षण किया गया।

**चालानी कार्रवाई पर एक नजर**- मिली जानकारी के अनुसार चालानी कार्रवाई के चलते आग लगने की स्थिति में अग्निशमन उपकरण नहीं पाये जाने पर 3 चालान काटे गये और 1500 रूपये का जुर्माना लगाया।

इसी तरह बिना सीसीटी कैमरा पाये जाने पर चार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई हुई और दो हजार का चालान लगाया गया।

वहीं एक वाहन में फर्स्ट एड बॉक्स नहीं पाये की स्थिति में चालान काटे गये। इसी तरह की बातों को ध्यान में रखते हुये अभी कार्रवाई परिवहन विभाग जारी रखेगा।

# 20 से 2 जून के बीच सूर्य की किरण उगल सकती हैं आग

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में इन दिनों तापमान चालीस डिग्री से उपर चल रहा है। जबलपुर में 20 मई को तापमान 41 डिग्री के करीब रहा। इसी के साथ आस-पास के जिलों में भी इसी तरह पारा दर्ज किया जा रहा है।

मौसम के वैज्ञानिकों ने चेतावनी जारी की है इस बार नौ तपा के दौरान पारा अत्याधिक हो सकती है। इसलिये इस दौरान विभिन्न प्रकार की दुघर्टनाओं-हादसों से बचाव की तरफ ध्यान देना जरूरी हो गया है। छोटे-छोटे उपाय पर ध्यान आकृष्ट कराया गया है। इससे मौसम के गरम होने वाले तेवर से सुरक्षित रखा जा सकेगा। इसमें स्वास्थ्य से जुड़ी बातों को भी स्पष्ट किया गया है।

**मौसम को लेकर हाई अलर्ट** - 20 मई से 2 जून तक सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक कोई भी व्यक्ति बाहर (खुले आसमान के नीचे) नही निकलेगा क्योंकि मौसम विभाग ने यह बताया है कि तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से 55 डिग्री सेल्सियस तक जायेगा, जिससे अगर किसी भी व्यक्ति को घुटन महसूस हो या अचानक तबियत खराब हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं रूम के अंदर दरवाजा खोल कर रखे ताकि विंटीलेशन ना रहे,मोबाइल का प्रयोग कम करे, मोबाइल फटने की संभावना जताई जा रही है,कृपया सावधान रहें और लोगो को सूचित करें,दही , मट्ठा, बेल का जूस आदि ठंडे पेय पदार्थ का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करें।

नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय ने आम जनो के लिये जरूरी जानकारी सार्वजनिक की है। इसके चलते आने वाले दिनों में 47 से 55 डिग्री सेल्सियस के बीच बढ़ते तापमान और क्यूम्यलस बादलों की उपस्थिति के कारण अधिकांश क्षेत्रों में दमघोंटू माहौल होने के कारण, यहां कुछ चेतावनियां और सावधानियां दी गई हैं। कारों से इन्हें हटाना जरूरी है।

# साध्वी ने धोखाधड़ी कर प्राप्त की थी जमानत

## 90 लाख जमा नहीं करने पर हाईकोर्ट ने निरस्त किये आदेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा स्थित राम जानकी मंदिर आश्रम के महंत की मौत के बाद लगभग 90 लाख रूपये की राशि गबन करने की आरोपी में साध्वी लक्ष्मी दास उर्फ रीना रघुवंशी को प्रदान की गयी अग्रित जमानत हाईकोर्ट ने निरस्त कर दी है। इसके अलावा उसके भाई को प्रदान की गयी नियमित जमानत के आदेष को भी हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि आवेदकों ने धोखाधडी कर न्यायालय से जमानत का लाभ प्राप्त किया था। गौरतलब है कि साध्वी लक्ष्मी दास उर्फ रीना रधुवंशी को गबन राषि के बराबर 90 लाख रूपये सुरक्षा निधि के तौर पर बैंक मे जमा करवाने की षर्त पर 20 दिसम्बर 2024 को अग्रिम जमानत का लाभ मिल गया था। प्रकरण के अनुसार छिंदवाड़ा स्थित राम जानकी मंदिर आश्रम के महंत कनक दास महाराज ने अयोध्या में रामलला के मंदिर निर्माण के बाद 2121 यज्ञ करवाने का संकल्प लिया था। उनकी सड़क हादसे में 17 अप्रैल 2023 को मृत्यु हो गयी थी। अभियोजन का आरोप है कि उनका भारतीय स्टेट बैंक, शाखा चौराई, छिंदवाड़ा में एक कार्यात्मक बचत खाता था। जिसमें बैंक खाते में 88,74,081 रुपए जमा थे और उसके द्वारा किसी व्यक्ति को नामित नहीं किया गया था। उनके फोन का उपयोग कर आवेदिका ने उक्त राशि दूसरे खाते में स्थानांतरित कर गबन किया। पुलिस ने शिकायत पर आवेदनकर्ता के खिलाफ धारा 420, 404 और 403 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। अग्रिम जमानत के आवेदन की सुनवाई के दौरान आवेदिका की तरफ से कहा गया था कि वह अंडर प्रोटेस्ट 90 लाख रुपये जमा करने तैयार है। हाईकोर्ट ने आवेदिका को अग्रिम जमानत का लाभ प्रदान करते हुए कहा है कि वह 30 दिनों के अंदर उक्त राशि सीजेएम समक्ष जमा करवाये।

# जंगल में छिपाकर रखा गया 3 करोड़ से अधिक मूल्य का गांजा बरामद

**शहडोल, देशबन्धु।** थाना जयसिंहनगर अंतर्गत गश्त के दौरान ग्राम झिरियाटोला क्षेत्र में एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गिरूईखुर्द के जंगल में स्थित खेत के समीप, एक झोपड़ी के सामने की जमीन पर सफेद रंग की कई बोरियों में मादक पदार्थ गांजा लावारिस अवस्था में छिपाकर रखा गया है।

सूचना गंभीर और संवेदनशील होने के कारण तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। सूचना के बाद थाना प्रभारी जयसिंहनगर के निर्देशन में पुलिस बल के साथ-साथ दो स्वतंत्र साक्षी एवं विवेचना किट के साथ टीम घटनास्थल पहुंची। मौके पर पहुंचने पर मुखबिर की सूचना अनुसार सफेद बोरियों में संदिग्ध मादक पदार्थ मिला। प्रारंभिक परीक्षण में पाया गया कि बोरियों में रखा पदार्थ गांजा है। कुल 121 बोरियों की गिनती की गई, जिन्हें क्रमांकित कर तौल कांटे से तौला गया। कुल वजन 38 क्विंटल 26 किलो 100 ग्राम प्राप्त हुआ, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत ?3,06,08,000/- (तीन करोड़, छह लाख, आठ हजार रुपये) आंकी गई है।

संपूर्ण मादक पदार्थ गांजा को साक्षियों की उपस्थिती में विधिवत सील बंद कर सुरक्षित थाना भिजवाया गया। जहाँ पंचनामा तैयार कर सभी बोरियों को पुलिस अभिरक्षा में जप्त किया गया। अब तक की विवेचना में यह स्पष्ट हुआ है कि अज्ञात आरोपियों द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा छिपाकर रखा गया था। थाना जयसिंहनगर में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/20 आबकारी एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर पत्ता-तलाश की जा रही है।

# नदी किनारे मिले प्रेमी-प्रेमिका के शव, पांच दिन से थे लापता, शवों को जानवरों ने नोचा

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के मानपुर थाना अंतर्गत मानपुर से महज दो किमी दूर बनवेई नदी के किनारे झाड़ियों में एक युवक और एक युवती का शव पाया गया है। इस बारे में कहा जा रहा है कि मरने वाले प्रेमी और प्रेमिका थे जो पिछले लगभग एक सप्ताह से लापता थे।

युवक और युवती के नाम शिवम पिता संतोष साहू उम्र 24 निवासी ग्राम दुलहरा और मनोरमा पिता अनिल बर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी मानपुर बताए गए हैं। युवक और युवती के शव लगभग पचास मीटर की दूरी पर पाए गए हैं और उस चोट के निशान भी हैं। बताया गया है कि शव बुरी तरह से खराब हो गए हैं और उन्हें जानवरों ने भी जमकर नोचा है।

**लगातार हो रहीं घटनाएं** - मानपुर क्षेत्र में अंधी हत्याओं का बढ़ता ग्राफ बड़े सवाल खड़ा कर रहा है। अभी हाल के महीनों में ग्राम नरवार में शिकारियों द्वारा फैलाये गए करेंट से दो युवकों की मौत और उसके बाद ग्राम खिचकीड़ी में चतुर्भुज मंदिर के नज़दीक धारदार हथियार से शहडोल जिले के युवक की हत्या कर दी गई थी। उसके बाद अब इन दोनों प्रेमियों की सन्दिग्ध मौत बड़ा सवाल है। मानपुर क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अपराध की वजह से पुलिस की कार्यप्रणालि पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### ऑनर किलिंग की आशंका

*यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह मामला ऑनर किलिंग का हो सकता है। हालांकि इस अनुमान में भी यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि ऐसा किस पक्ष के लोग कर सकते हैं। हो सकता है यह अनुमान गलत भी हो लेकिन पुलिस जिस एंगल से जांच कर रही है उसमें यह महत्वपूर्ण है। यह जानकारी भी सामने आई है कि शिवम और मनोरमा के रिश्ते को लेकर पहले भी विवाद की स्थिति निर्मित हो चुकी थी इस लिए इस बारे में पुलिस विचार कर रही है।*

### पांच दिनों से थे लापता

*दोनों प्रेमियों की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, फिलहाल साफ नही है। घटना की जानकारी के बाद घटना स्थल पर पहुंचकर मानपुर पुलिस जांच में जुट गई है। पीएम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया है। खबर है कि दोनों प्रेमी पिछले पांच दिनों से लापता रहे हैं। ऐसे में सन्दिग्ध परिस्थितियों में इन दोनों प्रेमियों का शव मिलना गम्भीर अपराध की ओर इशारा कर रहा है। शरीर के कई अंग शव से पृथक भी है। हालांकि पुलिस ने अभी इस मामले में कुछ भी नहीं कहा है और जांच के बाद सच्चाई सामने आने की बात कही जा रही है।*





J.B.F.A

जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 132 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 126 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 118 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 118 |

मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 114 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 124 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 128 |

मो.- 9039925999

NH नेशनल हॉस्पिटल

स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612

C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त

सुपर स्पेशिलिटी विभाग

• हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) • यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) • शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) • हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) • छाती रोग • नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) • स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) • नेत्र रोग • शिशु रोग

28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान


# महाप्रबंधक आज करेंगी नर्मदापुरम का निरीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के उच्च अधिकारियों द्वारा यात्रियों को अपनी ओर आकर्षित किये जाने और विभाग की आय



बढ़ाने के लिए तरह तरह के प्रबंध किए जा रहे हैं। इससे जहाँ एक ओर यात्रियों को अच्छी सुविधा उपलब्ध मिल रही है वहीं आय में भी इजाफा हो रहा है। पमरे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय 21 मई आज नर्मदापुरम स्टेशन का निरीक्षण करेंगी। उल्लेखनीय है कि पूरे देश में 103 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन के रूप में चिन्हित किया गया है। इसमें पमरे के कटनी (साउथ)श्रीधाम नर्मदापुरम बूंदी मांडव, सिवनी, औरक्षा, शाजापुर, आदि स्टेशनों को चिन्हित किया गया है। सूत्रों से प्राप्त खबर के अनुसार आगामी 22 मई को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से देश के कई स्टेशनों का लोकार्पण करेंगे। इसमें उल्लेखित स्टेशन भी शामिल हैं। इस लोकार्पण के अवसर पर क्षेत्रीय सांसदों को भी जिम्मेदारी दी गई है। जानकारी के अनुसार कटनी साउथ में विष्णुदत्त शर्मा, नर्मदापुरम में दर्शन सिंह चौधरी, बूंदी मांडव, सिवनी औरक्षा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला महेन्द्र सिंह सोलंकी एवं श्रीधाम स्टेशन में पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते आदि सभी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। जब से इस बात की जानकारी क्षेत्रीय नागरिकों को लगी है वह बहुत ही उत्साहित है। और इस मौके पर वह उत्सव मनाने के लिए भी योजना बना रहे हैं। यहाँ इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि इसके पूर्व प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक गुरिंदर मोहन सिंह प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशाल सिंह सीसीएम राजेश शर्मा, अजय प्रकाश, रश्मि बघेल, मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, शशांक गुप्ता आदि ने भी समय समय पर निरीक्षण किया था और जो भी सुविधा यात्रियों को उपलब्ध करायी जानी चाहिए उसके लिए सभी ने तेजी से प्रयास शुरू किए हैं।